दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 10 अंक : 147 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, शनिवार 21 जून, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 ■ मूल्य : 2 रुपए ■ पृष्ठ : 8+2

*धरोहरों संग योग: राजस्थान में योग दिवस बनेगा सांस्कृतिक उत्सव का प्रतीक*

# राजस्थान बना योग का सिरमौर

## देशभर में सर्वाधिक 2,25,000 से अधिक स्थान पर योग का रजिस्ट्रेशन

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जैसलमेर के खुड़ी सैण्ड डून्स, धोबा में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में करेंगे योगाभ्यास

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** विश्व योग दिवस आज है। योग ने दुनिया को नई दिशा दी है। भारत में योग अब लोगों की दिनचर्या में शामिल हो चुका है। राजस्थान देशभर में योग के मामले में अव्वल है। इस अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राजस्थान बनेगा योग, संस्कृति और विरासत



के संगम का अद्भुत साक्षी। रजिस्ट्रेशन के लिए सरकारी संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों, निजी संस्थाओं, निवासी कल्याण संघों (आर. डब्ल्यू. ए.), गैर सरकारी संगठनों, सामुदायिक समूहों और ऐसे अन्य सभी इच्छुक दलों को पंजीकरण के लिए आमंत्रित किया गया था। जिसमें राजस्थान रजिस्ट्रेशन में देश भर में प्रथम रहा जो ऐतिहासिक है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में इस वर्ष योग दिवस को एक भव्य सांस्कृतिक आयोजन के रूप में मनाया जाएगा, जहाँ राज्य की ऐतिहासिक धरोहरों, धार्मिक स्थलों और प्रमुख पर्यटन स्थलों पर हजारों नागरिकों के साथ सामूहिक योगाभ्यास किया जाएगा। राजस्थान की पावन धरा जहाँ किलों की गूंज है, मंदिरों की घंटियाँ हैं और हवेलियों में इतिहास बसता है,अब वही स्थल बनेंगे योग के दिव्य क्षणों के साक्षी। चाहे वह जयपुर का आमेर दुर्ग हो, जोधपुर का मेहरानगढ़, उदयपुर की झीलों के किनारे हो या जैसलमेर के रेतीले धोरों पर हर स्थान योग की ऊर्जा से आलोकित होगा। यह सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि परंपरा, प्रकृति और प्राचीन योग विज्ञान का आधुनिक उत्सव होगा, जहाँ राजस्थान अपनी आत्मा से जुड़ेगा शरीर और मन के संतुलन से। सांस्कृतिक विरासत और स्वदेशी परंपराओं की भूमि खुड़ी सैंड ड्यून्स, धोबा (जैसलमेर) में इस वर्ष अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का राज्य स्तरीय कार्यक्रम दिव्यता और भव्यता के साथ मनाया जाएगा, जिसमे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा स्वयं इस ऐतिहासिक आयोजन में शामिल होंगे। भारत सरकार के आयुष्मान योगा संपर्क पोर्टल पर राजस्थान बना योग का सिरमौर देशभर में सर्वाधिक 2,25,157 से अधिक स्थानों पर विभिन्न संस्थाओं ने रजिस्ट्रेशन कर हासिल किया पहला स्थान।

## वंदे गंगा राजस्थान में बना जन-आंदोलन का प्रतीक

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान में जल संरक्षण को लेकर एक नई लहर की शुरुआत हो चुकी है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में शुरू हुई 'वंदे गंगा' मुहिम अब एक जन-आस्था और जन-भागीदारी का प्रतीक बन चुकी है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वंदे गंगा ट्रेंड नंबर एक पर रहा, जिसमें हजारों लोगों ने हिस्सा लिया। सांसदों, विधायकों से लेकर आमजन तक हर वर्ग ने इस अभियान का समर्थन कर राज्य को जल संरक्षण की दिशा में प्रेरित किया। मुख्यमंत्री शर्मा ने यह साबित कर दिया है कि अगर संकल्प हो तो राजस्थान जैसे जल संकटग्रस्त राज्य को भी जल सृजन की दिशा में अग्रसर किया जा सकता है। अब राजस्थान जल संकट नहीं, जल समाधान की मिसाल बन रहा है। इस मुहिम के अंतर्गत तालाबों का पुनर्जीवन, नदियों का संरक्षण, और ग्राम स्तर पर जल स्रोतों की पुनर्स्थापना जैसे महत्वपूर्ण कार्य प्रारंभ किए जा चुके हैं। राजस्थान के कोने-कोने से वन्दे गंगा वंदे जल संरक्षण अभियान को समर्थन मिलना यह दर्शाता है कि अब प्रदेश जल बचाने की मुहिम में आगे बढ़ चुका है।

## सीएम भजनलाल ने दी गुजरात के पूर्व सीएम विजय रुपाणी को श्रद्धांजलि



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को गांधीनगर में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने रूपाणी के देहावसान पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने पार्षद, मेयर से लेकर गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में समर्पित होकर काम किया, जो हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उनका निधन पूरे देश के लिए अपूरणीय क्षति है। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत पुण्यात्मा को अपने परम धाम में स्थान देने की प्रार्थना की तथा शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया। प्रार्थना सभा में केन्द्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल व गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

गृह मंत्री ने बांधे मोदी की तारीफों के पुल

## स्वास्थ्य के क्षेत्र में मोदी सरकार ने किया बेहतरीन कार्यः शाह

जयपुर टाइम्स

**बंगलूरू/तिरुवनंतपुरम/एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके नेतृत्व वाली सरकार की सराहना की। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने देश में स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं को एक समग्र दृष्टिकोण से सुलझाया है। शाह बंगलूरू में आदिचुंचनगिरी विश्वविद्यालय के नए परिसर के उद्घाटन के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारे नेता नरेंद्र मोदी ने कई साल पहले गुजरात में कहा था कि गरीबों की सबसे बड़ी समस्या बीमारी और उपचार पर खर्च है। सरकार को गरीबों के उपचार की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। आज मुझे गर्व है कि प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी ने 60 करोड़ गरीबों को हर साल पांच लाख रुपये तक का मुफ्त उपचार करवाया है। शाह ने बताया कि मोदी सरकार ने स्वास्थ्य को लेकर कई पहलें शुरू की हैं, जिनमें 12 करोड़ घरों में शौचालय बनवाना, फिट इंडिया मूवमेंट, योग दिवस, मिशन इंद्रधनुष, पोषण अभियान, आयुष्मान भारत और भारतीय जनऔषधि परियोजना शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि एक नागरिक को मां के गर्भ में जन्म लेने से लेकर पूर्ण नागरिक बनने तक किसी बीमारी का सामना न करना पड़े और यदि वह बीमार होता है, तो उपचार महंगा न हो। गृह मंत्री ने यह भी बताया कि देश में डॉक्टरों की संख्या बढ़ाने के लिए बड़े कदम उठाए जा रहे हैं। 2014 में देश में 7 एम्स थे, अब 23 एम्स हैं। मेडिकल कॉलेजों की संख्या 387 से बढ़कर 780 हो गई है। उन्होंने बताया,




2014 में 51,000 एमबीबीएस सीटें थीं, आज यह संख्या 1,18,000 हो गई है। पीजी सीटें 31,000 से बढ़कर 74,000 हो गई हैं। यानी हर साल देश में 1,18,000 एमबीबीएस डॉक्टर और 74,000 स्पेशलिस्ट डॉक्टर तैयार हो रहे हैं। इस कार्यक्रम में केंद्रीय भारी उद्योग और इस्पात मंत्री एच डी कुमारस्वामी, रेल और जल शक्ति राज्य मंत्री वी सोमन्ना और आदिचुंचनगिरी मठ के निर्मलानंदनाथ महास्वामीजी भी मौजूद रहे। वहीं केरल की उच्च शिक्षा मंत्री आर. बिंदु और सामान्य शिक्षा मंत्री वी. शिवनकुट्टी ने केंद्रीय गृह मंत्री शाह के कथित अंग्रेजी विरोधी बयान की आलोचना की। उन्होंने कहा कि यह एक 'संकीर्ण' राजनीतिक दृष्टिकोण को दर्शाता है। उन्होंने इसे निंदनीय बताया। आर. बिंदु ने कहा कि अंग्रेजी दुनिया की सबसे अधिक उपयोग की जाने वाली भाषा है, चाहे वह आपसी संवाद हो या इंटरनेट पर संपर्क। उन्होंने कहा, यह विचार कि बच्चों को अंग्रेजी नहीं सीखनी चाहिए या यह शर्मिंदगी का कारण होगी, बच्चों की दुनिया को और सीमित कर देगा।

*सीकर में बही बाइक, कोटा बेराज के खोलने पड़े गेट*

## मरूधरा में मूसलाधार बारिश, जयपुर में सड़कें जलमग्न

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मरूधरा में मानसून दस्तक दे चुका है और मेघ मेहरबान है। राजस्थान में मानसून की जोरदार शुरुआत के साथ कई जिलों में भारी बारिश हुई। झमाझम बरसात के कारण जयपुर में सड़क धंसी गई तो सीकर में बाइक बह गई। वहीं, कोटा बैराज का गेट भी खोलना पड़ गया। बारिश से लोगों को राहत मिली, लेकिन उन्हें समस्या का भी सामना करना पड़ा। राजस्थान में मानसून की एंट्री के साथ ही शुक्रवार को कई जिलों में मूसलाधार बारिश का दौर शुरू हो गया। राजधानी जयपुर, कोटा, भीलवाड़ा, सीकर, दौसा और बूंदी सहित कई इलाकों में सुबह से रुक-रुक कर तेज बारिश होती रही। मौसम विभाग ने राज्य के 28 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। गोपालपुरा बाईपास स्थित टीएन मिश्रा मार्ग और गंगा-जमुना पेट्रोल पंप के पास सड़क धंसने की घटना ने नगर नियोजन और जलापूर्ति विभागों की लापरवाही को उजागर कर दिया। इस मामले में जयपुर विकास प्राधिकरण और जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अभियंताओं के बीच जिम्मेदारी को लेकर आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया। जेडीए के अधीक्षण अभियंता दीपक माथुर ने पीएचईडी पर आरोप लगाया कि पानी की लाइन फटने के कारण सड़क धंसी है। वहीं पीएचईडी के एईएन ने दावा किया कि सड़क निर्माण में तकनीकी खामी के चलते बारिश का पानी नीचे गया और कटाव के कारण सड़क बैठ गई। जयपुर के एमआई रोड, टोंक रोड,



जगतपुरा अंडरपास, मानसरोवर और गोपालपुरा सहित कई हिस्सों में जलभराव से यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई। कई दोपहिया वाहन बीच रास्ते में बंद हो गए और लोग घंटों तक फंसे रहे। सीकर में बाइक बही, कोटा बैराज का गेट खोला गया सीकर के पलसाना कस्बे में दोपहर 2.10 बजे हुई तेज बारिश से कुमावतों का मोहल्ला, वार्ड-14 जलमग्न हो गया। वहां एक बाइक तेज बहाव में बह गई, हालांकि कोई जनहानि नहीं हुई। वहीं कोटा में जलस्तर बढ़ने पर बैराज का एक गेट खोलना पड़ा। मानसून अब तक 20 से अधिक जिलों को कवर कर चुका है। गुरुवार को जयपुर में चार इंच से अधिक बारिश दर्ज की गई, जबकि कोटा, अलवर, भरतपुर, भीलवाड़ा और दौसा में दो इंच तक वर्षा हुई। बारिश के चलते तापमान में भी गिरावट आई, जिससे गर्मी से राहत मिली।

## इजरायल पर दबाव बनाएं, ईरान की भारत से गुजारिश, कहा- आप शांति के पक्षधर

**नई दिल्ली।** इजरायल और ईरान के बीच जारी संघर्ष का आज आठवां दिन है। दोनों देश एक दूसरे पर लगातार हमलावर हैं। इस बीच ईरान ने भारत से बड़ी उम्मीद जताई है। दरअसल, भारत में ईरान के उप राजदूत मोहम्मद जवाद हुसैनी ने शुक्रवार को कहा कि भारत जैसे देश जो वैश्विक दक्षिण की आवाज हैं और शांति चाहते हैं, उनको इजरायल पर दबाव बनाना चाहिए। इस समय ईरान और इजरायल के बीच संघर्ष जारी है। हाल के दिनों में ईरान ने इजरायल पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया। अब इजरायल भी ईरान पर पलटवार कर रहा है। इस बीच ईरान के उप राजदूत ने इस संघर्ष पर विराम लगाने की वकालत की है। इसके लिए उन्होंने भारत से उम्मीद जताई है।

*राजस्थान अनुसूचित जनजाति परामर्शदात्री परिषद की बैठक*

# पं. दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़े के आयोजन से जरूरतमंद तक पहुंचेगा योजनाओं का पूरा लाभ : सीएम भजनलाल शर्मा





जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार अनुसूचित जनजातियों के कल्याण व टीएसपी क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राजस्थान अनुसूचित जनजाति परामर्शदात्री परिषद केन्द्र एवं राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित कर रही है। शर्मा शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पर जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग की ओर से आयोजित राजस्थान अनुसूचित जनजाति परामर्शदात्री परिषद की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधि प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर 15 से 30 जून तक चलाए जा रहे धरती आबा जन-भागीदारी अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए इसे सफल बनाएं। उन्होंने वनाधिकार अधिनियम-2006 के तहत लंबित व्यक्तिगत एवं सामुदायिक दावों का शीघ्र निस्तारण कर अधिकार पत्र जारी करने के निर्देश दिए

### *बजट घोषणाओं व विकास कार्यों को समय से करें पूरा*

*मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग की ओर से स्वीकृत किए गए कार्यों को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने बजट घोषणा वर्ष 2024-25 के कार्यों को जल्द पूरा करने और बजट घोषणा वर्ष 2025-26 के कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने स्कूल शिक्षा, सामाजिक न्याय व अधिकारिता और उच्च शिक्षा विभाग की ओर से विद्यार्थियों को दी जाने वाली छात्रवृत्ति का समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। शर्मा ने जल संसाधन विभाग की परियोजनाओं और कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की गतिविधियों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को सड़क निर्माण व जल जीवन मिशन के कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा करने के लिए निर्देशित किया। वहीं उन्होंने जनजाति क्षेत्र में बिजली कनेक्शन समय पर जारी करने के भी निर्देश दिए।*

### केन्द्र सरकार की योजनाओं से जनजाति समुदाय को करें लाभान्वित

मुख्यमंत्री ने टीएसपी क्षेत्र में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत रोगियों की पहचान और उपचार सहायता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएम-जनमन के तहत स्वीकृत कार्यों को गति प्रदान करने और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत आयोजित हो रही विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आदिवासी परिवार तक सरकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को प्रधानमंत्री वन-धन योजना के माध्यम से जनजाति समुदाय की आय बढ़ाने के लिए भी निर्देशित किया।

### टीएसपी क्षेत्र में आवासीय विद्यालयों व छात्रावासों का हो नियमित निरीक्षण

शर्मा ने 24 जून से प्रारम्भ होने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े में जनप्रतिनिधियों को पूर्ण सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए कहा, जिससे योजनाओं का पूरा लाभ जरूरतमंद तक पहुंच सके। उन्होंने अधिकारियों को आवासीय विद्यालयों और छात्रावासों का नियमित निरीक्षण करने सहित मां-बाड़ी केन्द्रों में भोजन और पोषाहार की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने टीएसपी क्षेत्र में मिनी बीज किट के शेष वितरण कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, राजस्व मंत्री हेमन्त मीणा, विधायक समाराम, फूल सिंह मीणा, प्रताप लाल भील, शान्ता अमृत लाल मीणा, गोपीचंद मीणा, ललित मीणा, महेन्द्र पाल मीणा, हंसराज मीणा, राजेन्द्र मीणा, श्री रामबिलास, शंकर लाल डेचा व मुख्य सचिव सुधांश पंत सहित विभिन्न विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख शासन सचिव, शासन सचिव व वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
21 जून, 2025

## एकलव्य मॉडल स्कूल के 6 छात्रों का दक्षणा कोचिंग में हुआ चयन

जयपुर टाइम्स

**राजगढ़(निसं.)** पंचायत समिति के मल्लाना गांव में स्थित एकलव्य मॉडल रेजिडेन्शियल स्कूल के कक्षा 11 के छात्र लवकुश मीना, पंकज कुमार मीना, सुनील कुमार मीना एवं अनुराग मीना का ईएमआरएस दक्षणा चयन परीक्षा उत्तीर्ण करने पर दक्षणा संस्थान द्वारा निःशुल्क इंजीनियरिंग कोचिंग हेतु चयन किया गया है। इन छात्रों को उत्कृष्टता केंद्र, भोपाल में अध्ययन करने का मौका मिलेंगा। इससे पहले विद्यालय के ही दो छात्र दिलकुश मीना व नीरज मीना का भी इंजीनियरिंग व मेडिकल कोचिंग के लिए उत्कृष्टता केंद्र, चंकापुर, महाराष्ट्र हेतु चयन किया जा चुका है। इस प्रकार विद्यालय से कुल 6 छात्रों का चयन हुआ है। विद्यालय प्राचार्य जगदीश प्रसाद बैरवा ने बताया की ये सभी छात्र शुरू से मेहनती अनुशासित व आज्ञाकारी रहे हैं। विद्यार्थियों के दक्षणा कोचिंग हेतु चयन होने पर समस्त विद्यालय स्टॉफ में खुशी का माहौल है। यह विद्यालय जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार के स्वायत्त संस्थान राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति, नई दिल्ली के द्वारा संचालित है। विद्यालय में विद्यार्थियों को शिक्षा, खान-पान, आवास आदि सुविधाएं सरकार द्वारा निःशुल्क प्रदान की जाती है।

## नगर विकास न्यास के अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा कार्रवाई कर अवैध प्लॉटिंग एवं अतिक्रमण को हटाया

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** नगर विकास न्यास के अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा गुरूवार को न्यास क्षेत्राधिकार में बिना न्यास स्वीकृति एवं भू संपरिवर्तन के करीब 20 बीघा कृषि भूमि पर विकसित की जा रही अवैध प्लॉटिंग/कॉलोनी व अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त करने की कार्रवाई की गई। नगर विकास न्यास की सचिव धीगदे स्नेहल नाना ने बताया कि टीम द्वारा रूपबास मदनपुरी रोड पर रेलवे अण्डरपास के पास ग्राम भूगोर में महेन्द्र शर्मा, गोलू जांगिड, ममता शर्मा वगैरह द्वारा लगभग 8 बीघा कृषि भूमि पर ग्रेवल सडक डालकर एवं कालूराम मीणा व धर्मेन्द्र मीणा, अजय, जगदीश वगैरह द्वारा लगभग 12 बीघा कृषि भूमि पर विकसित की जा रही अवैध प्लॉटिंग को मौके से हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान अतिक्रमण निरोधक अधिकारी, क्षेत्रीय कनिष्ठ अभियन्ता मय जाप्ता मौजूद रहा।

## देशी कट्टा एवं जिन्दा कारतूस सहित एक आरोपी गिरफ्तार




जयपुर टाइम्स

**राजगढ़(निसं.)** पुलिस थाना राजगढ़ ने कार्यवाही करते हुए 1 देशी कट्टा 315 बोर व 1 जिन्दा कारतूस एवं मोटरसाइकिल सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी राजेश कुमार मीना ने बताया कि आरोपी योगेश कुमार मीना (25) पुत्र चेतराम मीना निवासी नादंरी पुलिस थाना महेन्दीपुर बालाजी जिला दौसा को आर्म्स एक्ट के तहत अवैध हथियार 1 देशी कट्टा 315 बोर व 1 जिन्दा कारतूस एवं मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया

## साईबर फ्रॉड में 1 आरोपी गिरफ्तार



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)** जिला पुलिस अधीक्षक संजीव नैन ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले मे ऑनलाईन ठगी, सैक्सटोर्शन, ओएलएक्स आदि फ्रॉड के विरुद्ध अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) डॉ तेजपाल सिंह व अति. पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ प्रियंका एंव साईबर थाना जिला पु.उ.नि. शालिनी बजाज के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर ऑनलाईन ठगी करने वालो (साईबर अपराध) के विरुद्ध साईबर फ्रॉड प्रभावित गावों में थाना लक्ष्मणगढ थानाधिकारी नेकीराम द्वारा गठित टीम द्वारा साईबर फ्रॉड के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए आसूचना तंत्र व तकनीकी साधनों की सहायता से दबिश देकर कार्यवाही करते हुए फर्जी सिम कार्ड का उपयोग कर लोगो को झांसे में लेकर उनसे ऑनलाईन ठगी करते हुए आरोपी आसीन पुत्र सुपेदा जाति मेव उम्र 50 साल निवासी सुपेदा का बास तन मोजपुर थाना लक्ष्मणगढ को गिरफ्तार कर साईबर फ्रॉड में लिये जा रहे उपकरण जब्त किये गये। प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

## एसडीएम हवाई सिंह यादव ने निर्वाचन कार्यों के बारे में दिया प्रशिक्षण

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** निर्वाचन विभाग, राजस्थान के निर्देशानुसार झुंझुनू एसडीएम हवाई सिंह यादव ने शुक्रवार को झुंझुनूं विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के एईआरओ व मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया। एसडीएम ने प्रशिक्षण में निर्वाचन प्रक्रिया, मतदाता पंजीकरण प्रक्रिया, बूथ लेवल अधिकारी के दायित्वों व कर्तव्यों की जानकारी, फार्म नंबर 6, 7, 8, 6 क में दावे व आपतियां प्राप्त करने की जानकारी, वोटर हेल्पलाइन एप्प, बीएलओ एप्प आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान तहसीलदार महेंद्र मूंड सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# ई-विद्या प्रोजेक्ट अंतर्गत दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए आईसीटी प्रशिक्षण

### प्रोजेक्ट पहचान के तहत डिजिटल सशक्तिकरण की ओर प्रेरक पहल

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)** ई-विद्या प्रोजेक्ट अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा संचालित आत्मनिर्भर दिव्यांग अभियान "प्रोजेक्ट पहचान" के तहत शुक्रवार को राजकीय प्रताप उच्च माध्यमिक विद्यालय, अलवर में एक दिवसीय आईसीटी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस विशेष प्रशिक्षण में जिले के पाँच ब्लॉकों - उमरैण, मालाखेड़ा, गोविंदगढ़, रामगढ़ और थानागाजी - से आए 27 दृष्टिबाधित बालक-बालिकाओं ने सहभागिता की। यह प्रशिक्षण राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर से एमओयू प्राप्त साइटसेवर्स इंडिया एनजीओ के सहयोग से संपन्न हुआ, जिसने पूर्व में चयनित विद्यार्थियों को लैपटॉप, मोबाइल एवं डेज़ी प्लेयर जैसे डिजिटल सहायक उपकरण उपलब्ध करवाए हैं। इन उपकरणों में विशेष सॉफ्टवेयर इंस्टॉल कर दृष्टिबाधित छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन शैक्षणिक प्लेटफॉर्म से सहजता से जोड़ने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को Screen Reader Software (NVDA) के माध्यम से ई-बुक्स की पहुँच, इंटरनेट ब्राउज़िंग तथा हिंदी-अंग्रेजी टाइपिंग का अभ्यास कराया गया। साथ ही, मिशन ज्ञान और ई-पाठशाला जैसे शैक्षणिक ऐप्स की मदद से अपनी कक्षाओं से जुड़ने की प्रक्रिया समझाई गई। डेज़ी प्लेयर का उपयोग कर रहे विद्यार्थियों को पीडीएफ फॉर्मेट में पाठ्यक्रम व्यवस्थित करने और ऑडियो फॉर्मेट में सामग्री सुनने का अभ्यास भी दिया गया। इससे दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए अध्ययन और जीवन दोनों अधिक सरल एवं सुगम बन सकेगा। कार्यक्रम में समग्र शिक्षा एडीपीसी मनोज कुमार शर्मा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक लक्ष्मण, जिला समन्वयक विशेष शिक्षा नीरज यादव, मॉडल संदर्भ कक्ष प्रभारी मनोज राणा, साइटसेवर्स इंडिया के प्रतिनिधि एवं अभिभावक उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम प्रोजेक्ट अलवर ई-विद्या के तहत दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को डिजिटल सशक्तिकरण की मुख्यधारा में लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायी कदम सिद्ध हुआ है।

## वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान का भव्य समापन समारोह आयोजित, जल योद्धाओं का हुआ सम्मान

### जल संरक्षण में उल्लेखनीय योगदान देने वालों का सम्मान, सामाजिक और औद्योगिक सहभागिता बनी प्रेरणा का स्रोत

जयपुर टाइम्स




**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता और सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' का जिला स्तरीय समापन समारोह शुक्रवार को जिला सचिवालय सभागार में भव्य रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने की। जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने कहा कि जल संकट आने वाले समय की सबसे बड़ी चुनौती है। ऐसे अभियानों से आमजन में जागरूकता आती है और हमारी इच्छा शक्ति से यह एक जन आंदोलन का रूप ले सकता है। अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट ने कहा पानी बचाना केवल किसी एक कि जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। जल स्रोतों की स्वच्छता, वर्षा जल संग्रहण और जल दोहन की नियंत्रित समय की महत्वपूर्ण मांग है, जिसमें सभी को अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी आवश्यक है। वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के समापन अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय समारोह में उन संस्थाओं, शिक्षकों, ग्रामवासियों और स्वयंसेवियों को तुलसी का पौधा एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिन्होंने अभियान के दौरान जल स्रोतों की सफाई, पौधारोपण, जल संचयन, जल संरक्षण एवं जन-जागरूकता के क्षेत्र में प्रभावशाली योगदान दिया। कार्यक्रम के अंत में जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि वंदे गंगा अभियान को जन-आंदोलन बनाने में आप सभी की भूमिका सराहनीय रही है। आप सभी वास्तव में सम्मान के पात्र हैं, जिन्होंने पर्यावरण व जल संरक्षण को आत्मसात कर समाज के लिए प्रेरणा का कार्य किया है। बैठक के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष महासिंह चौधरी, सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधि, आमजन, पर्यावरण मित्र सहित अन्य लोगों उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना का प्रथम शिविर आयोजित

### राज्य सरकार की सामाजिक सुरक्षा प्रतिबद्धता का अभिनव उदाहरण

जयपुर टाइम्स




**खैरथल(निसं.)।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना का खैरथल - तिजारा जिले में खैरथल में प्रथम शिविर का आयोजन दिनांक 20/06/2025 को नगर परिषद कार्यालय, खैरथल में संपन्न हुआ। यह शिविर जिला कलेक्टर खैरथल - तिजारा किशोर कुमार के निर्देशन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग के सहायक निदेशक मनोज दीक्षित ने इस शिविर को प्रारंभ करते हुए जानकारी देते हुए बताया कि यह योजना राज्य सरकार की बहुउद्देशीय सामाजिक सुरक्षा योजना है, जिसके अंतर्गत ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत श्रमिक, लोक कलाकार एवं पथ विक्रेता, जिनकी आयु 45 वर्ष तक है, पेंशन हेतु पात्र हैं। योजना के अंतर्गत 60 वर्ष की आयु के पश्चात पात्र लाभार्थियों को प्रति माह की पेंशन राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जाएगी। आयोजित प्रथम पंजीकरण शिविर में 41 से 45 वर्ष आयु वर्ग के पात्र लाभार्थियों ने योजना से जुड़ने हेतु पंजीकरण करवाया। नगर परिषद खैरथल के आयुक्त मुकेश शर्मा की उपस्थिति में उक्त शिविर का भव्य आयोजन किया गया, साथ ही शर्मा ने बताया कि नगर परिषद खैरथल कार्यालय में निरंतर पंजीकरण के लिए एक स्थायी डेडिकेटेड हेल्प डेस्क भी स्थापित किया गया है, जिससे पात्र व्यक्ति भी योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे। इस शिविर को सफल बनाने में विभाग के हरि सिंह, अनिल यादव, नवीन शर्मा, दीपक, गिरिजेश शर्मा एवं समस्त स्टाफ का पूर्ण सहयोग रहा।

## राष्ट्रीय ऊंट दिवस कल, शहर में मनाया जाएगा राईका गौरव दिवस



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राष्ट्रीय ऊंट दिवस पर शहर में राईका गौरव दिवस 22 जून रविवार को मनाया जाएगा। यह आयोजन मोती डूंगरी समीप स्थित होटल स्वरूप विलास में सुबह 9 बजे होगा। जिसके मुख्य अतिथि केन्द्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव व राज्य वन मंत्री संजय शर्मा होंगे। यह जानकारी शुक्रवार को श्री वीर हडमल जी राईका सेवा समिति के अध्यक्ष ने प्रेसवार्ता में दी। पदाधिकारियों ने बताया कि राईका गौरव दिवस पर अलवर शहर में रैली का आयोजन होगा। रैली अलवर शहर में होटल स्वरूव विलास से शुरु होकर शहर के मुख्य चौराहों से होकर निकाली जाएगी। रैली में करीब 20 से 25 ऊँट तथा 2500 से 3000 की संख्या में समाज के लोग शामिल होंगे। पदाधिकारियों ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि राईका गौरव दिवस के आयोजन पर भारत व राज्य सरकार से उनके समाज को आगे लाने पर जोर दिया जाएगा ओर समाज के लिए शिक्षा में बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए शहर में समाज का एक छात्रावास बनाने की मांग रखी जाएगी। सरकार से समाज ने मांग की है कि उनके बच्चे शिक्षा के लिए दूर गांवों से आते हैं ओर गरीब स्थिति में उन्हें भारी खर्च पर शहर में रहना पड़ता है। ऐसे में उन्हें भी हर समाज की तरहा राईका समाज के बच्चों के लिए एक छात्रावास बनाया जाए। पदाधिकारियों ने बताया कि आज उनकी मांग है कि उनका समाज किसी भी सुविधाओं के अभाव में पीछे है यदि सरकार उनकी मांग को सुने ओर समाज को आगे लाने के लिए एक बेहतर प्रयास करें।

## दिन दहाड़े चार महिलाओं ने चोरी कांसे की थालियां

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर में दिन दहाड़े ठगी और चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। अभी भोजलाई रोड़ निवासी शोभचंद प्रजापत के साथ ठगी की वारदात का खुलासा नहीं हुआ है। उससे पहले ही दिन दहाड़े दुकान से कांसे के बर्तन कुछ महिलाओं की ओर से चोरी कर लिए जाने का मामला सामने आया है। इस बारे में पीड़ित प्रार्थी हनुमानाराम डूडी, निवासी भोजलाई रोड़ सुजानगढ़ ने बताया कि मेरी दुकान विवेकानंद मार्केट में डूडी बर्तन भंडार के नाम से दुकान है। जिसमें 9 जून को करीब दोपहर 2 बजे 4 महिलाएं आई और उन्होंने नए बर्तन दिखाने को कहा। जिस पर मैंने उन्हें नए नए बर्तन दिखाना शुरू कर दिया। इस दौरान चारों महिलाओं ने मुझे घेर लिया और कुछ देर बाद एक महिला ने कहा कि हम दूसरी दुकान चलेंगे। उनके जाने के कुछ देर बाद बर्तन संभाले, तो मुझे 35-40 कांसी की थालियां नहीं मिली। हनुमानाराम डूडी ने बताया कि चारों महिलाएं मेरी दुकान से करीब 25 किलो कांसे की थालियां चोरी कर ले गईं। आस-पास के दुकानदारों ने बताया कि महिलाएं कार लेकर आई थीं, जिनका सीसीटीवी पास की दुकान में बन गया। पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में कार के नम्बर व सीसीटीवी डिटेल भी मुहैया करवाए जाने की जानकारी हनुमानाराम ने दी है।

## *जिला कलक्टर ने किया जल संचयन एवं संरक्षण से संबंधित विकास कार्यों का निरीक्षण*

### वंदे गंगा अभियान के तहत कराए गए जल संरक्षण के कार्यों को सराहा

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने शुक्रवार को पंचायत समिति मालाखेडा की ग्राम पंचायत माधोगढ का दौरा कर वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत जल ग्रहण व संरक्षण कार्यों तथा पारम्परिक जल स्त्रोत बावडी रिनोवेशन कार्य का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने निरीक्षण के दौरान नलदेश्वर मंदिर के पास एवं ग्राम इंदौक में बावडियों के मरम्मत, साफ-सफाई एवं पेंटिंग के कार्यों की सराहना की। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि नलदेश्वर के पास स्थित बावडी में पौधारोपण कराने, पार्क विकसित करने, सेल्फी पॉइंट बनाने एवं नल के पास सोख्ता गड्ढा निर्माण करावे। उन्होंने ग्राम इंदौक में आंगनबाडी केंद्र पास स्थित बावडी का निरीक्षण कर निर्देश दिये कि पानी टंकी के पास सोख्ता गड्ढा का निर्माण करावे ताकि बूंद-बूंद पानी का संचय हो सके। साथ ही रामतलाई इंदौक में मनरेगा योजनान्तर्गत संचालित जोहड खुदाई एवं रिचार्ज शाफ्ट निर्माण कार्य का निरीक्षण कर जोहड की खुदाई से निकली मिट्टी से पाल की चौडाई बढाने एवं क्षतिग्रस्त कार्यस्थल बोर्ड को पुनः तैयार कराने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने इंदौक में ही पीएमकेएसवाई योजना के तहत प्रगतिरत तालाब रिनोवशन एवं वेस्टवीयर कार्य का अवलोकन किया। इस दौरान अधिशाषी अभियन्ता मनरेगा नरेन्द्र कुमार लाखीवाल, विकास अधिकारी मालाखेडा राजबाला मीणा, सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## विधायक ने लिखा मुख्यमंत्री को पत्र

### उपखण्ड अधिकारी लगाने व नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी का अतिरिक्त चार्ज हटाए जाने सहित विभिन्न मांग को लेकर

जयपुर टाइम्स



**राजगढ़(निसं.)।** राजगढ़-लक्ष्मणगढ़ विधायक मांगेलाल मीणा ने मुख्यमंत्री के नाम पत्र लिखकर राजगढ़ उपखण्ड अधिकारी के पद पर स्थायी अधिकारी को लगाने, नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी का अतिरिक्त चार्ज हटाने एवं राजगढ़ कस्बे के बंद पड़े बस स्टैण्ड इकाई को पुन सुचारु करने की मांग की है। वही विधायक मांगेलाल मीणा ने लक्ष्मणगढ़ मे नगरपालिका अधिशाषी लगाए जाने की मांग की है। विधायक मांगेलाल मीना ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राजगढ़ नगरपालिका में भ्रष्टाचार फैला हुआ है। कस्बे में नालों की सफाई नहीं हो रही है। अधिकारी व पालिका पूर्ण रूप से भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं। उन्होंने कहा कि राजगढ़ में उपखंड अधिकारी का पद कुछ माह से रिक्त चल रहा है जिसका अतरिक्त चार्ज रैणी उपखण्ड अधिकारी के पास है। वही नगरपालिका राजगढ़ के अधिशाषी अधिकारी जगदीश खीचड़ के पास रामगढ, लक्ष्मणगड़ सहित अन्य नगरपालिका का अतिरिक्त चार्ज है। जिसके चलते आमजन को अधिकारीयों के नहीं मिलने सहित कामकाज मे काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने राजगढ़ नगरपालिका क्षेत्र को नगर परिषद में क्रमौन्नत करने की मांग विधानसभा में उठाई थी। वहीं क्षेत्रीय विधायक ने मुख्यमंत्री को पत्र लिख राजगढ़ में उपखंड अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी तथा राजगढ़ कस्बे के बंद पड़े बस स्टैंड को पुनः संचालन करने की मांग की है।

# जिले में उत्साह के साथ मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आज

### जिलेभर में आयोजित होंगे योग दिवस के कार्यक्रम, शहर में 5 स्थानों पर होगा कार्यक्रम

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री तथा अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव 21 जून शनिवार को 'योगा फॉर वन अर्थ वन हैल्थ' थीम पर आयोजित होने वाले 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रात 6.15 बजे पुराना सूचना केंद्र कम्पनी बाग के सामने एवं प्रातः 6:45 बजे इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। जहां जिले के जनप्रतिनिधिगण भी मौजूद रहेंगे। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अलवर जिला मुख्यालय पर 5 स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिनमें मुख्य कार्यक्रम इंदिरा गांधी स्टेडियम तथा मूसी महारानी छतरी, कंपनी बाग, बायोडाइवर्सिटी पार्क एवं सरिस्का क्षेत्र के साथ-साथ उपखण्ड एवं ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर प्रातः 6:30 बजे से प्रातः 8 बजे तक योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसके साथ ही जिलेभर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर, पर्यटन स्थलों और सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों में भी योगा यास का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रमों के प्रार भ में प्रातः 6:30 बजे से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन का लाइव प्रसारण किया जाएगा। उन्होंने जिले के नागरिकों से स्वस्थ जीवन शैली के लिए योग को दैनिक दिनचर्या में अपनाने का आह्वान किया है। केंद्रीय वन मंत्री यादव आज विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे : केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री तथा अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव 21 जून शनिवार को अलवर संसदीय क्षेत्र में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। कार्यक्रमानुसार केंद्रीय मंत्री यादव प्रातः 10 बजे ग्राम पंचायत बबेली, सालोली व माचाडी के लिए बाबा भौमिया मंदिर ईशवाना ग्राम पंचायत बबेली राजगढ में तथा प्रातः 11:10 बजे ग्राम पंचायत जामडोली, कीलपुर खेडा, प्रागपुर व भुलेरी के लिए राजगढ़ सीनियर सैकेण्डरी स्कूल जामडोली (राजगढ) में आयोजित सांसद संपर्क एवं प्रधानमंत्री धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान कार्यक्रम में भाग लेंगे। वहीं दोपहर 1:30 बजे ग्राम भजीट के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में श्री रामकथा कार्यक्रम एवं सांय 5 बजे डीएवी पब्लिक स्कूल नारनौल रोड बहरोड में आर्यवीर दल योगा शिविर एवं चरित्र निर्माण कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

राज्य जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
21 जून, 2025

## राज्यपाल ने राष्ट्रपति को जन्मदिन पर बधाई और शुभकामनाएं दी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को उनके जन्मदिन पर बधाई और शुभकामनाएं दी है। बागडे ने जन्म दिन पर राष्ट्रपति मुर्मु के स्वस्थ और सुदीर्घ जीवन की कामना करते हुए कहा कि राष्ट्र के लिए सतत ऊर्जावान रहते उनका समर्पित जीवन प्रेरित करने वाला है। उन्होंने कहा कि सभी वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध उनका नेतृत्व राष्ट्र को गौरवान्वित करने वाला है।

## झुंझुनूं नगर परिषद विकसित करवाएगी 'अटल पार्क'

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** आमजन को जल संरक्षण के लिए प्रेरित करना बेहद आवश्यक था, आमजन के सहयोग के बिना जल संरक्षण का कार्य पूरा नहीं हो सकता है, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस बात को समझते हुए 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' से आमजन की भावना को जोड़ा है। यह बात अभियान के प्रदेश संयोजक मुकेश दाधीच ने शुक्रवार को मोडा पहाड़ पर अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में कही। अभियान के अंतिम दिन हुए इस कार्यक्रम में झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू ने मोडा पहाड़ के प्राचीन और ऐतिहासिक जीतमल के जोहड़े का 10 लाख रुपए की लागत से जीर्णोद्धार करवाने के लिए भी नगर परिषद आयुक्त दिलीप पूनिया को निर्देशित किया है। उन्होंने बताया कि यहां 'अटल पार्क' भी विकसित किया जाएगा। अभियान के तहत यहां प्रदेश संयोजक मुकेश दाधीच, विधायक राजेंद्र भांबू, जिला कलेक्टर रामावतार मीणा, जिला प्रमुख हर्षिनी कुलहरी, जिला संयोजक विशंभर पूनिया ने पौधारोपण व श्रमदान भी किया। जिला कलक्टर रामावतार मीणा ने अभियान के तहत जिला प्रशासन की ओर से करवाए गए विभिन्न कार्यों के बारे में बताया। अपने संबोधन में जिला प्रमुख हर्षिनी कुलहरी व अभियान के जिला संयोजक विशंभर पूनिया ने कहा कि अभियान में झुंझुनूं में ऐतिहासिक कार्यक्रम हुए है। लाखों की संख्या में लोगों ने इस अभियान से जुड़कर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जल व पर्यावरण संरक्षण अभियान को अपना समर्थन दिया है। कार्यक्रम में जयसिंह मांठ व बगड़ नगरपालिका चेयरमैन गोविंद सिंह राठौड़, पार्षद चंद्रप्रकाश शुक्ला ने भी श्रमदान किया। इस मौके पर जल और पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। वहीं आमजन से अपील की गई कि वे पर्यावरण को बचाने के लिए प्लास्टिक का उपयोग पूर्णतया बंद करें। अंत में स्वयं सहायता समूह व मनरेगा की 21 महिला कार्मिकों को सम्मानित भी किया गया।

## प्राध्यापक एवं कोच प्रतियोगी परीक्षा के लिए नियंत्रण कक्ष की स्थापना, 23 जून से 4 जुलाई तक होगा आयोजन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा आयोजित प्राध्यापक एवं कोच प्रतियोगी परीक्षा-2024 का आयोजन 23 जून से 4 जुलाई 2025 तक विभिन्न पारियों में किया जाएगा। परीक्षा माध्यमिक शिक्षा विभाग के तहत होगी, जिसमें जयपुर स्थित परीक्षा केंद्रों पर कुल 3 लाख 22 हजार 880 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु अतिरिक्त जिला कलक्टर (जयपुर शहर-पूर्व) गोपाल सिंह शेखावत ने बताया कि कलेक्ट्रेट के कमरा नम्बर 116 में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। यह नियंत्रण कक्ष 21 जून से 4 जुलाई तक कार्य करेगा। 21 व 22 जून को यह सुबह 10 से शाम 6 बजे तक जबकि परीक्षा अवधि में सुबह 7 बजे से परीक्षा समाप्ति तक कार्य करेगा। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नम्बर 0141-2206699 रहेगा, जिस पर जयपुर के परीक्षा केंद्रों से जुड़ी जानकारी व शिकायतों का समाधान किया जाएगा। परीक्षा के सफल संचालन हेतु उप समन्वयकों व उड़नदस्तों की नियुक्ति की गई है। साथ ही पुलिस, यातायात, नगर निगम, शिक्षा, चिकित्सा, विद्युत, रोडवेज, जेसीटीसीएल सहित विभिन्न विभागों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर सरस योग संगम, राज्यपाल ने किया योगाभ्यास और सम्मानित की प्रतिभाएं

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को सेंट्रल पार्क में सरस डेयरी व राजस्थान कोऑपरेटिव फेडरेशन द्वारा सरस योग संगम का आयोजन किया गया। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने स्वयं योगाभ्यास कर आमजन को स्वस्थ जीवन जीने का संदेश दिया और योग के महत्व को रेखांकित किया। राज्यपाल ने कहा कि योग हमारी हजारों वर्षों पुरानी संस्कृति है, जिसकी शुरुआत महर्षि पतंजलि ने की। उन्होंने बताया कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस इसलिए मनाया जाता है क्योंकि यह वर्ष का सबसे बड़ा दिन होता है और योग को जीवन में उतारने से व्यक्ति दीर्घायु व निरोगी रहता है। इस अवसर पर राज्यपाल ने योग प्रशिक्षकों, कलाकारों और प्रतिभाशाली बच्चों को प्रशस्ति पत्र और अपनी ओर से नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उद्योग, खेल एवं युवा मामले मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने योग को शरीर, मन और बुद्धि की एकता का माध्यम बताया और कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का कार्यबल योग से प्रेरित है। विधायक गोपाल शर्मा ने योग को भारतीय परंपरा से जोड़ते हुए कहा कि सीमाओं पर भी सफलता, योग के अनुशासन से संभव होती है। कार्यक्रम में सरस डेयरी की एमडी श्रुति भारद्वाज ने सरस की गतिविधियों व योग पहल का परिचय दिया। अध्यक्ष ओमप्रकाश पुनिया, योगाचार्य डॉ. महेंद्र सिंह राव तथा योग कलाकार तन्मय सिंह राव व अंकुश भी उपस्थित रहे।

## तम्बाकू नियंत्रण में राजस्थान देश में शीर्ष पर, केंद्र सरकार ने दिया बेस्ट परफॉर्मेंस अवार्ड

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष 2024-25 की गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राजस्थान को भारत सरकार ने बेस्ट परफॉर्मेंस अवार्ड से सम्मानित किया है। यह सम्मान नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव वी. हेकली झिमोमी द्वारा प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के मार्गदर्शन में प्रदेश में तम्बाकू नियंत्रण को लेकर प्रभावी पहल की गई। प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने इस उपलब्धि के लिए अधिकारियों को बधाई दी। राज्य में 24 सितम्बर 2024 को टोबैको फ्री यूथ कैंपेन 2.0 की शुरुआत की गई थी। निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश शर्मा के अनुसार, अभियान के तहत 14,725 जागरूकता कार्यक्रम, 11,850 आईईसी गतिविधियां आयोजित की गईं, जबकि कोटपा अधिनियम की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत 45,375 चालान एवं 15,765 लोगों की काउन्सलिंग की गई। राजस्थान की यह सफलता तम्बाकू मुक्त समाज की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने आमजन से की योगाभ्यास की अपील

## सर्वसाधारण से किया योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान

### एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

### जयपुर जिले में 2 लाख 51 हजार से ज्यादा लोग करेंगे योगाभ्यास

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** जयपुर जिले में शनिवार, 21 जून को ग्यारहवां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस, 2025 उमंग, उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' थीम पर आयोजित होने वाले अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के तहत जयपुर जिले में 2 लाख 51 हजार से अधिक लोग योग का अभ्यास करेंगे। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आमजन से योगाभ्यास करने एवं योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की है। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस आयोजन के प्रभारी एवं आयुर्वेद विभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ. बत्तीलाल बैरवा ने बताया कि जिले का मुख्य कार्यक्रम सवाई मान सिंह स्टेडियम में आयोजित होगा जिसमें राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, कैबिनेट मंत्री राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़, सांसद मंजू शर्मा, नगर निगम जयपुर ग्रेटर की महापौर सौम्या गुर्जर, विधायक गोपाल शर्मा सहित कई अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधिगणों सहित 3 हजार से अधिक प्रतिभागी योगाभ्यास करेंगे। वहीं, अल्बर्ट हॉल, रामनिवास बाग पर 2000 प्रतिभागी, बिड़ला मन्दिर पर 600 प्रतिभागी, सिटी पार्क मानसरोवर में 200 प्रतिभागी, हवा महल के सामने 100 प्रतिभागी, पत्रिका गेट पर 700 प्रतिभागी, सेन्ट्रल पार्क में 600 प्रतिभागी, जलमहल की पाल पर 1000 प्रतिभागी, आमेर फोर्ट में 600 प्रतिभागी, श्री गलता जी मंदिर परिसर में 200 प्रतिभागी, सिटी पैलेस में 100 प्रतिभागी, श्री गोविन्द देव जी मंदिर में 200 प्रतिभागी, जयगढ़ फोर्ट में 100 प्रतिभागी कुल 9400 सम्मिलित होंगे। उन्होंने बताया कि जिला कलक्टर के निर्देशों की अनुपालना में आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी एवं होम्योपैथी (आयुष) विभाग के तत्वाधान में जयपुर के प्रमुख स्थानों पर योग प्रशिक्षकों द्वारा आमजन को योग का अभ्यास करवाया गया है। जयपुर शहर के विभिन्न धार्मिक व पर्यटन स्थलों प्रमुख स्थानों के साथ-साथ उपखंड एवं ग्राम पंचायत स्तर तक योग प्रशिक्षकों द्वारा आमजन को योग का अभ्यास करवाया जाएगा। सामूहिक योगाभ्यास से पूर्व आयोजन स्थल पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संबोधन का सीधा प्रसारण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जयपुर ग्रामीण क्षेत्र में धार्मिक एवं पर्यटन स्थल जमवाय माता मन्दिर, जमवारामगढ, शीतला माता मंदिर, चाकसू, शाकम्भरी माता मन्दिर (कोरसीना), श्री दादू धाम पीठाधीश्वर मंदिर, नरैना, एवं ब्लॉक स्तर तथा ग्राम पंचायत स्तर पर एवं सभी आयुर्वेद चिकित्सालय, औषधालय, आयुष्मान आरोग्य मन्दिर में संभावित कुल 2 लाख 51 हजार योगाभ्यासियों को दक्ष योग प्रशिक्षकों द्वारा योगाभ्यास कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि जयपुर जिले में स्वयं सेवी संस्थाओं, योग संस्थाओं एवं विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी शिक्षण संस्थाओं के द्वारा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी योगा कराया जायेगा। योगा संगम पोर्टल पर अब तक 1 हजार 652 स्थानों का रजिस्ट्रेशन करवाया जा चुका है।

## रिंग रोड़ सर्वे में सांठ-गांठ के आरोप, अब एडीएम करेंगे जांच

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** प्रदेश की उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी को एक ज्ञापन भेजकर सुजानगढ़ के दिनेश कुमार गुर्जर ने सुजानगढ़ में बनने वाली रिंग रोड़ का सर्वे भू माफियाओं से सांठ-गांठ कर गलत तरीके से करने के आरोप पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों पर लगाया है। मामले को लेकर जांच के आदेश हो जाने की जानकारी भी मिली है। ज्ञापन में दिनेश कुमार गुर्जर ने बताया है कि 2023-24 बजट घोषणा के अनुसार सुजानगढ़ बाई पास रोड़ एन एच 58 से मेगाहाईवे सुजानगढ़ तक एक रिंग रोड़ स्वीकृत है। जिसके लिए तीन सर्वे हो चुके हैं। ज्ञापन में बताया गया है कि शुरू में करवाए गए दो सर्वे में मेरा खेत खसरा नंबर 749, 752, 857 के मध्य से रिंग रोड़ गुजर रही थी। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि सार्वजनिक निर्माण विभाग के दो अधिकारियों ने मुझ से कहा कि आप हमें 2 बीघा जमीन बेच दो और मेरे आदमी के नाम से रजिस्ट्री करवा दो। जिस पर मैंने इंकार कर दिया। सहायक अभियंता हरि गोपाल पर आरोप लगाया गया है कि जब आप मेरे आदमी के नाम से रजिस्ट्री नहीं करवाओगे, तो मैं आपके खेत के मध्य से यह रिंग रोड़ नहीं निकलने दूंगा। फिर कुछ दिनों बाद मुझे पता चला कि तीसरा सर्वे हो चुका है, जिसमें सड़क को बोबासर पुलिया से काफी आगे मींगणा से शुरू किया गया है। जिससे सरकारी धन का खर्चा बढ़ेगा और नए एक्सीडेंटल पोईंट का निर्माण होगा। ज्ञापन में बताया गया है कि पुलिया को बोबासर पुलिया से ही शुरू करवाया जाए, जिससे सरकार का अतिरिक्त धन खर्च नहीं होगा और दुर्घटना पोंईट का भी निर्माण नहीं होगा। ज्ञापन में बताया गया है कि इससे पूर्व भी ढ़िलाई के कारण छापर रोड़ पर बनने वाले रेलवे ओवर ब्रिज का काम लेट चल रहा है और जिला कलक्टर ने भी इसी अधिकारी को फटकार लगाई थी। ज्ञापन में मांग की गई है कि पहले दो सर्वे के मुताबिक की रिंग रोड़ का निर्माण करवाया जावे तथा सहायक अभियंता की भूमिका की जांच की जाए।

### इनका कहना है

इस बारे में अतिरिक्त जिला कलक्टर मंगलाराम पुनिया ने बताया कि मुझे जिला कलक्टर चूरू से जांच के आदेश मिले हैं। जिस पर सम्बंधित पक्षों को अपना-अपना पक्ष रखने के लिए सूचना दी गई है। जो भी जांच में सामने आएगा, उसकी रिपोर्ट तैयार करके आगे भेजी जाएगी।

## सालासर धरने के समर्थन में सौंपे सीएम के नाम ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत व सुजानगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स की ओर से सालासर में रेहड़ी मजदूरों की ओर से दिए जा रहे धरने के समर्थन में एसडीएम को सीएस के नाम दो अलग-अलग ज्ञापन सौंपे गए। दोनो ज्ञापनों में बताया गया है कि सालासर में विगत 67 दिनों से रेहड़ी चालकों की ओर से जगह मुहैया करवाने एवं वेंडिंग जोन से अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर उप तहसील कार्यालय के समक्ष धरना दिया जा रहा है। कुछ दिनों से पवन कुमार प्रजापत व दीनदयाल गुलेरिया की ओर से भूख हड़ताल की जा रही है। ज्ञापन में बताया गया है कि सालासर स्थित पोस्ट ऑफिस, पटवार घर, विश्राम घर, कबूतर खाना, सार्वजनिक प्याऊ, सरकारी बाड़ी चौक, जाजोदिया भवन, मानसिंग धर्मशाला सहित वेंडिंग जोन में दुकानें व ग्राम पंचायत की भूमि पर अतिक्रमण है। ज्ञापन में प्रशासन पर कॉरपोरेट के अतिक्रमण नहीं हटाने, हाथ रेहड़ी लगाने वाले मजदूरों के ठेले हटा कर उन्हें बेदखल करने के आरोप लगाए गए हैं। ज्ञापन में टंकी पर चढने वाले मजदूरों पर दर्ज मुकदमें को खारिज करवाने, रेहड़ी चालकों को जगह मुहैया करवाने और वेडिंग जोन से अतिक्रमण हटाने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने के दौरान गुरूदेव गोदारा, एडवोकेट रामकुमार मेघवाल, बुधाराम गुलेरिया, भंवरलाल पांडर, शिवपाल, कॉ. रामनारायण रूलाणिया, महबूब बडगुजर, तेजपाल गोदारा, सुधेन्द्र कुमार जोशी, मनीष प्रजापत, महबूब बडगुजर, रामलाल डूडी, धनराज प्रजापत, गजानन्द प्रजापत, प्रेम प्रकाश तूनवाल, साबिर अली चौहान, एड.बनवारी बिजारणिया, मुन्नालाल प्रजापत, लालसिंह सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## 1 जुलाई से शुरू होगा स्टॉप डायरिया अभियान, स्वास्थ्य विभाग ने की तैयारियों की समीक्षा

### 24 जून से पं. दीनदयाल अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत होंगे विशेष स्वास्थ्य शिविर

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए राजस्थान में 1 जुलाई से 15 अगस्त तक स्टॉप डायरिया अभियान चलाया जाएगा। इसके प्रभावी संचालन हेतु स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं। साथ ही, 24 जून से 9 जुलाई तक पं. दीनदयाल अंत्योदय संबल पखवाड़ा भी आयोजित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी। शुक्रवार को स्वास्थ्य भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में मिशन निदेशक एनएचएम डॉ. भारती दीक्षित ने सभी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने जिलों में जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में समन्वय बैठकें आयोजित करें। उन्होंने स्वच्छ पानी, हाथों की सफाई व जनजागरूकता पर जोर दिया। अतिरिक्त मिशन निदेशक डॉ. टी. शुभमंगला ने अभियान के प्रचार-प्रसार के लिए मास मीडिया के उपयोग पर बल दिया। निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश शर्मा ने आशा सहयोगिनियों द्वारा ओआरएस और जिंक टैबलेट वितरण, क्लोरिन टेबलेट की उपलब्धता और चिकित्सा संस्थानों में विशेष कॉर्नर स्थापित करने के निर्देश दिए। पं. दीनदयाल पखवाड़े के दौरान यूडीआईडी कार्ड वितरण, बीपी-डायबिटीज की जांच, टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं की जांच सहित विभिन्न सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही, योग दिवस, टीबी मुक्त भारत, अंधता नियंत्रण व मुख्यमंत्री आदर्श ग्राम पंचायत योजना की भी समीक्षा की गई। बैठक में निदेशक आरसीएच डॉ. मधु रितेश्वर सहित राज्य व जिला स्तर के अधिकारी वर्चुअल रूप से जुड़े।

## *गांव-ढाणी तक योग की अलख जगा रहे आयुष्मान आरोग्य मंदिर, 21 जून को 11 हजार स्थानों पर होंगे योग संगम शिविर*

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर प्रदेश में योग को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) के अवसर पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से 11 हजार से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में योग संगम शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के नागरिकों को निःशुल्क योगाभ्यास की सुविधा दी जाएगी। प्रमुख शासन सचिव राठौड़ ने बताया कि राज्य में 11 हजार से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालित हैं, जहां 12 प्रकार की चिकित्सा सेवाएं, जिनमें योग एवं वैलनेस गतिविधियां शामिल हैं, आमजन को निःशुल्क मिल रही हैं। अब तक 42.59 लाख से अधिक योग सत्रों के माध्यम से 5.28 करोड़ से अधिक लोगों को लाभ मिला है। निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश शर्मा ने बताया कि योग सत्रों के बेहतर संचालन के लिए ब्लॉक स्तर पर कमेटियों का गठन किया गया है और प्रत्येक केंद्र पर प्रतिमाह न्यूनतम 10 योग सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। सत्रों की रिपोर्टिंग नियमित रूप से आयुष्मान आरोग्य मंदिर पोर्टल पर की जाती है। योग प्रशिक्षकों को निर्धारित पारिश्रमिक देने की व्यवस्था है और विभागीय निगरानी में इन सत्रों के माध्यम से निरामय राजस्थान अभियान को सशक्त किया जा रहा है।

## राजस्थान में 16 प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय बहुउद्देशीय केंद्रों में क्रमोन्नत, 167 नए पद स्वीकृत

**जयपुर (का.सं.)।** राजस्थान सरकार की बजट घोषणा 2025-26 के तहत पशुपालन विभाग ने प्रदेश के 16 प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालयों को बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय में क्रमोन्नत किया है। इस महत्वपूर्ण निर्णय पर पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया है। क्रमोन्नयन के साथ ही इन चिकित्सालयों में चिकित्सा सेवाओं के विस्तार हेतु 167 नए पदों का सृजन किया गया है। इनमें 8 उपनिदेशक, 24 वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी, 32 पशु चिकित्सा अधिकारी, 1 पशुधन प्रसार अधिकारी, 29 पशुधन निरीक्षक, 16 कनिष्ठ सहायक, 16 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, 16 पशुधन परिचर और 16 एक्स-रे टेक्नीशियन शामिल हैं। मंत्री कुमावत ने बताया कि यह क्रमोन्नयन 12 जिलों के विभिन्न पशु चिकित्सालयों में किया गया है, जिनमें डीग के नगर, सीकर के श्रीमाधोपुर, खंडेला, लोसल, बाड़मेर के चौहटन, गुढामालानी, पाली के मणिहारी, नागौर के जायल, कोटा के सांगोद और रामगंजमंडी, जोधपुर के तिवंरी, भीलवाड़ा के हुरड़ा, चित्तौड़गढ़ के निम्बाहेड़ा, जयपुर के बगरू, श्रीगंगानगर के सूरतगढ़ व उदयपुर के सराड़ा शामिल हैं।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बल्लुपुरा**
**पं.स. पाटन (सीकर)**

दिनांक- 20.06.2025

**ई-निविदा/ खुली बोली सूचना / 03 /2025-26**

ग्राम पंचायत के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तिय वर्ष 2025-26 में घर-घर कचरा एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानो से कचरा संग्रहण एवं प्रथक्करण, गांवो की सडक एवं नाली सफाई कार्य की सेवाओं हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 व ग्रामीण विकास एवं पचायतीराज विभाग (अनुभाग - 5 ) की गाईडलाईन अनुसार इच्छुक बोलीदाता / संवेदक / फर्म जो कि वस्तु एवं सेवाकर (जीएसटी) अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत हो, से दिनांक 01.07.2025 को दोपहर 1.00 बजे तक खुली बोली / ई निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत सूचनाएं एवं शर्ते वेबसाईट https:// eproc.rajasthan.gov.in & https:// sppp. rajasthan. gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No. PKP2526WSRC00092

ग्राम विकास अधिकारी
ग्रा.पं. बल्लुपुरा

राइट्स इंफ्रास्ट्रक्चर विशेषज्ञ

**राइट्स लिमिटेड**
(भारत सरकार का एक उपक्रम)
शिखर, राइट्स भवन, प्लॉट नं. 1, सेक्टर - 29, गुड़गांव - 122001

**17.07.2025 और 18.07.2025 को राइट्स कार्यालय में वॉक–इन इंटरव्यू के माध्यम से निम्नलिखित पद/विषय में योग्य पेशेवरों की आवश्यकता है**

| रिक्ति सं. | पद | रिक्तियों की संख्या | स्थान |
|---|---|---|---|
| 207-R1/24 | साइट सर्वेयर | 01 | अहमदाबाद और गुरुग्राम |
| CL/34/25 | गुणवत्ता नियंत्रण विशेषज्ञ | 01 | |

आवेदन कैसे करें, पद, पारिश्रमिक, योग्यता, आयु, तिथि एवं स्थान, चयन प्रक्रिया आदि के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी राइट्स की वेबसाइट www.rites.com पर कैरियर अनुभाग के अंतर्गत पोस्ट किया गया विस्तृत विज्ञापन देख सकते हैं।

# अमेरिका-पाकिस्तान फिर एक साथ

*अमेरिका के पैसे और हथियारों से लैस पाकिस्तान ने दोनों बार अपनी उपयोगिता सिद्ध की, पर दोहरा खेल भी खेला। उसने अमेरिका को कुछ हद तक खुश रखते हुए दक्षिण एशिया में जिहादी जहर घोला। उसके इसी पाखंड से ऊबकर ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में पाकिस्तान को सैन्य सहायता पूर्णतः रोक दी थी। 2018 में पाकिस्तान को 'झूठा और धोखेबाज' कहने वाले ट्रंप आज उसकी प्रशंसा कर रहे हैं। दरअसल विश्व राजनीति में फिर ऐसा मोड़ आया है, जब अमेरिका को अपने भूराजनीतिक लक्ष्यों को साधने के लिए पाकिस्तान की जरूरत आन पड़ी है। इसीलिए वह उसे रिझा रहा है। पाकिस्तान के पड़ोसी ईरान पर अमेरिका के निकटतम साथी इजरायल ने हमला बोल दिया है। इस हमले का अंतिम उद्देश्य तेहरान में तख्तापलट है। ट्रंप ने मुनीर के साथ बैठक में ईरान पर चर्चा की और यह भी कहा कि इस मामले पर पाकिस्तान 'मुझसे सहमत है।' अमेरिका को लगता है कि शिया ईरान में अयातुल्ला अली...*

कार्ल मार्क्स ने कहा था, 'इतिहास खुद को दोहराता है-पहले त्रासदी के रूप में और फिर मजाक के रूप में।' कट्टर जिहादी सोच वाले पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष और फील्ड मार्शल जनरल आसिम मुनीर को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में भोज के लिए बुलाकर और पाकिस्तान से गहरे सामरिक तालमेल की पेशकश करके मार्क्स के कथन को प्रासंगिक कर दिया।

1980-88 में अमेरिकी राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन ने तत्कालीन पाकिस्तानी तानाशाह जनरल जियाउल हक को गले लगाया था। फिर राष्ट्रपति जार्ज डब्ल्यू बुश ने भी जनरल परवेज मुशर्रफ को। क्या करीब हर 20 वर्षों में खेले जा रहे इस खतरनाक खेल का तीसरा अध्याय अब आरंभ हुआ है? जनरल जिया और मुशर्रफ की तुलना में मुनीर पाकिस्तान के औपचारिक राष्ट्राध्यक्ष नहीं हैं, पर उन्हें उसी तरह का रुतबा हासिल है।

अमेरिका अतीत में भी पेश किए जा चुके भूराजनीतिक तर्कों के आधार पर ही नए सिरे से पाकिस्तान को अपने करीब लाने की कोशिश कर रहा है। रीगन को जिया की जरूरत इसलिए पड़ी थी, क्योंकि वे पाकिस्तान के पड़ोसी देश अफगानिस्तान से सोवियत संघ को वापस धकेलना चाहते थे। अमेरिका को अपने सहायक के रूप में लड़ने के लिए मुजाहिदीन चाहिए थे।

वे पाकिस्तान ने उपलब्ध कराए। जिया खुद जिहादी प्रवृत्ति के थे। एक समय उन्होंने कश्मीर हड़पने के इरादे से भारत के खिलाफ जिहाद का आह्वान किया था। तब अमेरिका ने इसकी अनदेखी की थी, क्योंकि उसका मकसद साम्यवाद को टक्कर देना था। रीगन की भांति ही बुश ने भी मुशर्रफ को अरबों डालर की आर्थिक और सैन्य मदद देकर अफगानिस्तान में बदलाव के लिए पाकिस्तान का इस्तेमाल किया। तब अमेरिका को उस कट्टर जिहादी तालिबान की सरकार गिरानी थी, जिसने अमेरिका में 9/11 हमलों के जिम्मेदार ओसामा बिन लादेन को शरण दी थी।

अमेरिका के पैसे और हथियारों से लैस पाकिस्तान ने दोनों बार अपनी उपयोगिता सिद्ध की, पर दोहरा खेल भी खेला। उसने अमेरिका को कुछ हद तक खुश रखते हुए दक्षिण एशिया में जिहादी जहर घोला। उसके इसी पाखंड से ऊबकर ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में पाकिस्तान को सैन्य सहायता पूर्णतः रोक दी थी। 2018 में पाकिस्तान को 'झूठा और धोखेबाज' कहने वाले ट्रंप आज उसकी प्रशंसा कर रहे हैं। दरअसल विश्व राजनीति में फिर ऐसा मोड़ आया है, जब अमेरिका को अपने भूराजनीतिक लक्ष्यों को साधने के लिए पाकिस्तान की जरूरत आन पड़ी है। इसीलिए वह उसे रिझा रहा है।



पाकिस्तान के पड़ोसी ईरान पर अमेरिका के निकटतम साथी इजरायल ने हमला बोल दिया है। इस हमले का अंतिम उद्देश्य तेहरान में तख्तापलट है। ट्रंप ने मुनीर के साथ बैठक में ईरान पर चर्चा की और यह भी कहा कि इस मामले पर पाकिस्तान 'मुझसे सहमत है।' अमेरिका को लगता है कि शिया ईरान में अयातुल्ला अली खामेनेई जैसे सर्वोच्च नेता की तानाशाही के खात्मे के लिए सुन्नी पाकिस्तान को अग्रिम मोर्चे के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है। अमेरिका ने पाकिस्तान को इसके लिए भी शाबाशी दी कि वह अफगान-पाकिस्तान सीमा पर इस्लामिक स्टेट के आतंकियों को पकड़ने और उन्हें मार गिराने में वाशिंगटन का 'अभूतपूर्व साझेदार' बन गया है।

भारत को अंदेशा है कि इस सबके चलते अमेरिका पहलगाम जैसे पाकिस्तानी बर्बर आतंकी कृत्यों की अनदेखी कर सकता है। वैसे तो ट्रंप भारत के आतंक विरोधी अभियान को समर्थन का वादा करते हैं और चीन की चुनौती का सामना करने के लिए भारत को करीब लाना चाहते हैं, पर यह स्पष्ट ही है कि महाशक्तियों की रणनीति एक देश के हितों तक सीमित नहीं रहती।

फिलहाल वाशिंगटन का प्रमुख लक्ष्य ईरान में बदलाव और अमेरिका पर हमला करने की ताक में रहने वाले इस्लामिक स्टेट से निपटना है। अगर मुनीर ट्रंप के साथ सौदा करते हैं और पाकिस्तान अमेरिका से पुनः सैन्य सामग्री और आर्थिक लाभ लेने लगता है तो इससे अमेरिका पाकिस्तान को चीन के साये से भी बाहर निकाल सकता है। अमेरिका का रणनीतिक लक्ष्य व्यापक और बहुआयामी है, जो भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा हितों से मेल खाता नहीं दिख रहा है। यदि अमेरिका पाकिस्तान को चीन के चंगुल से निकालने में सफल हो जाता है तो इससे भारत का भला होगा, पर यदि पाकिस्तान अमेरिका की शरण में जाकर भारत में पहलगाम जैसे जघन्य जिहादी हमले कराने का दुस्साहस करेगा तो इससे भारत को खतरा बढ़ जाएगा।

ट्रंप की मानें तो उन्होंने मुनीर को इस कारण धन्यवाद जताने के लिए अमेरिका आमंत्रित किया, क्योंकि पाकिस्तान ने भारत से युद्ध करने से परहेज किया। ट्रंप ने मुनीर की कथित सूझबूझ को सराहा और उनकी बराबरी भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से करते हुए कहा कि दोनों की परिपक्वता के चलते अमेरिका ने दक्षिण एशिया में परमाणु युद्ध रोक दिया। ऐसे बेबुनियाद दावे खारिज करने के ही लिए ट्रंप से फोन पर वार्ता में मोदी ने दो टूक कहा कि कश्मीर पर किसी भी देश की मध्यस्थता भारत को कतई मंजूर नहीं है। कनाडा में जी-7 शिखर सम्मेलन में भी मोदी ने आतंक की जड़ पर सबका ध्यान केंद्रित करते हुए आतंकवाद पर विकसित देशों के दोहरे मापदंड की आलोचना की। उन्होंने यह भी कहा कि विकसित देश 'किसी भी देश पर आर्थिक प्रतिबंध लगा देते हैं, पर आतंकवाद का खुलेआम समर्थन करने वाले देशों को पुरस्कृत करते हैं।'

## सम्पादकीय


# ज्ञान के आलोक से मनुष्यःत और वात्सल्य की भावना

मनुष्य के जीवन में प्रेम तथा ज्ञान दोनों ही अत्यंत आवश्यक एवं महत्वपूर्ण अंग है। प्रेम भावनात्मक तत्व है, जो मनुष्य को इंसान बनाता है, संवेदना और मानवता को जागृत करती है। ज्ञान की उत्कंठा, तार्किक क्षमता मनुष्य को निरंतर प्रगति की ओर ले जाती है। मनुष्य के जीवन में ज्ञान ही उसे मानवता के उत्कृष्ट शिखर पर ले जाता है, वह मनुष्य को पशुत्व से अलग रखता है। मनुष्य ज्ञान की अनुभूति के कारण ही मुस्कुराता हंसता है, जबकि जानवर इसके अभाव में मूक बना रहता है, हंसता,मुस्कुराता नहीं है, इसलिए मुस्कुराइए, हंसीये, प्रेम करिए और ज्ञान प्राप्ति की ओर उन्मुख होते रहिए, तब ही जीवन सार्थक हो सकता है। प्रेम के बिना ज्ञान और अध्ययन मनुष्य को मशीन बना देता है। प्रेम और ज्ञान की अलग-अलग मीमांसा की गई है। प्रेम, ज्ञान की अपेक्षा अत्यधिक महत्वपूर्ण होता है क्योंकि प्रकृति में अधिक घुल मिलकर आधारभूत तत्व तो बनाता है ही,बल्कि प्रेम प्रत्येक जीव में विद्यमान होता है। परस्पर एक दूसरे की भाषा नासमझ पाने वाले जीव भी एक दूसरे से प्रेम की भाषा द्वारा मधुर संवाद कर सकते हैं। प्रेम सभी प्रकार के माननीय बंधनों से परे है। जबकि ज्ञान प्राप्ति को मानवता में परम स्थान दिया गया है। प्राचीन भारतीय दर्शन एवं संस्कृति ने ज्ञान की महत्ता को महिमामंडित किया है और ज्ञान की प्राप्ति को सभी प्रकार के बंधनों से मुक्ति के लिए एक आधारभूत कारण भी बताया है। किसी मशीन अथवा कंप्यूटर को किसी भी प्रेरणा की आवश्यकता नहीं होती वह मनुष्य द्वारा दिए गए निर्देशों का केवल पालन करता है। मनुष्य को प्रेरणा की आवश्यकता होती है ताकि वह ज्ञान प्राप्ति का साधन बन सके और यह प्रेरणा प्रेम द्वारा ही मिलती है,जिससे वह प्रेम करता है। उसके लिए निरंतर सहायता व लाभ देने का प्रयास ज्ञान द्वारा ही करता है। ज्ञान बिना प्रेम के निरंकुश भी हो सकता है और समाज को हानि भी पहुंचा सकता है, किंतु प्रेम से युक्त ज्ञान का उपयोग वैश्विक मानव कल्याण के लिए किया जाता रहा है। इतिहास में अनेक महापुरुषों ने अपने प्रेम, करुणा, ज्ञान से लोगों के जीवन क्रांतिकारी परिवर्तन किए हैं, और इतिहास की धारा को भी सकारात्मक रूप से आगे बढ़ाया है। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के जननायक महात्मा गांधी जी का जीवन भी प्रेम रोग ज्ञान का अद्भुत संयोजन था,उनका अहिंसा और सत्याग्रह मानव मात्र वह विश्व के प्रत्येक जीव के प्रति प्रेम का उत्कृष्ट उदाहरण है, इसके द्वारा उन्होंने संपूर्ण मानवता को प्रेम पूर्वक जीने का महान संदेश दिया है। गांधीजी के सिद्धांतों में हिंसा का कोई स्थान नहीं था। वह अन्यायी व्यक्ति का प्रेम द्वारा हृदय परिवर्तन में विश्वास रखते थे, उनका कहना था कि 'पाप से घृणा करो पापी से नहीं' फल स्वरूप उन्होंने अपने प्रेम से भारतीय जनमानस के हृदय जीत लिया और अपने ज्ञान को तर्कशक्ति से अंग्रेजों को भारतीय जनमानस के सामने झुकने पर मजबूर कर दिया और हमने स्वतंत्रता प्राप्त की। महात्मा बुद्ध ने अपने जीवन में अंगुलिमाल डाकू का हृदय परिवर्तन कर उसे महात्मा बना दिया था,उन्होंने ज्ञान व प्रेम के द्वारा उसका हृदय परिवर्तन कर दिया था। इसी तरह जब ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाया गया तब उन्होंने स्वयं को सूली पर चढ़ाने वालों के लिए ईश्वर से यही प्रार्थना कि' ईश्वर इन्हें माफ कर देना इनको नहीं पता कि यह क्या करने जा रहे हैं'। इस तरह उन्होंने मानवता के सामने अपने प्रेम को ज्ञान का जो उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया हुआ अत्यंत दुर्लभ है आज संपूर्ण विश्व में प्रभु यीशु के अनुयायियों की संख्या सर्वाधिक है। भगवान श्रीराम ने प्रेम में वशीभूत होकर ही शबरी के जूठे बेर भी खा लिए थे, जबकि श्री राम सर्वाधिक ज्ञान में आदर्श मनुष्य थे। एक अच्छे और सार्थक जीवन के लिए प्रेम तथा ज्ञान दोनों का संबंध एवं समन्वय अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू हैं। अकेला ज्ञान तथा अकेला प्रेम सदैव सार्थक नहीं हो सकता है। रावण ज्ञानी पुरुष था किंतु विध्वंस कारी भी था उसने प्रेम के अभाव में सिर्फ ज्ञान के चलते अपने कुल को नष्ट करवा दिया था। प्रेम तथा ज्ञान के सदुपयोग से अच्छे जीवन का पथ प्रदर्शन भी किया जा सकता है। इससे हम केवल परिवार व्यक्ति या समाज ही नहीं बल्कि राष्ट्र के स्तर पर भी आत्मसात कर राष्ट्र को वैश्विक महानता की ओर ले जा सकते हैं। वर्तमान में हम संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप सामाजिक जीवन को सफलतापूर्वक संचालित करने में सक्षम है। आज हमारे सामने पर्यावरण संतुलन वैश्विक अपन गरीबी जैसी अनेक समस्याएं मौजूद हैं। हम सभी मूक प्राणियों वनस्पति आदि के प्रति ज्ञान का उपयोग दिखाकर उनके साथ प्रेम पूर्वक व्यवहार कर समस्या का समाधान कर सकते हैं। आधुनिक तकनीक से अर्जित ज्ञान के उपयोग इनके संरक्षण में करने में हम सक्षम भी हैं। अतः प्राचीन काल से मान्यता रही है कि सार्थक, सफल, एवं प्रेरणादाई जीवन के लिए प्रेम तथा ज्ञान का समन्वय कारी सदुपयोग एक आवश्यक तत्व है, इसके अभाव में जीवन कितना सार्थक सफल और मार्गदर्शी नहीं हो सकता है।




संजीव ठाकुर,

# स्वस्थ जीवन का आधार हैः "योग"



आलेख- डॉ राकेश वशिष्ठ, वरिष्ठ पत्रकार एवं संपादकीय लेखक



21 जून को संपूर्ण विश्व ग्यारहवें अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाने जा रहा है योग पौराणिक काल से ही भारत राष्ट्र में निरोगी काया का सुखद पर्याय बना रहा है धीरे धीरे योग की ताकत को संपूर्ण विश्व ने जाना माना और मुक्त कंठ से अपनाया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की व्यक्तिगत कोशिशों का नतीजा है कि पिछले 10 वर्षों से 21 जून को संपूर्ण विश्व अंतराष्ट्रीय योग दिवस मना रहा है और इस वर्ष संपूर्ण विश्व ग्यारहवें अंतराष्ट्रीय योग दिवस को मनाने जा रहा है आइए जानते हैं योग के बारे में और सार्थक चर्चा करते हैं।

योग क्या है? दरअसल योग को अलग-अलग नामों से पुकारा जाता है। इसे प्राणायान, योग, योग भी कहते हैं। योग योग की एक शाखा है। जहां बैठकर या बैठकर योगाभ्यास किया जाता है। एक आध्यात्मिक प्रक्रिया जहां शरीर, मन और आत्मा संयुक्त होते हैं (योग)) यह शब्द हिंदू धर्म, जैन धर्म और बौद्ध धर्म में ध्यान की प्रक्रिया से संबंधित है।

योग के कई लाभों में लचीलापन, शक्ति और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार शामिल है योग तनाव, सूजन और चिंता को दूर करने में भी मदद कर सकता है। जबकि आधुनिक मीडिया और विज्ञापन हमें यह सोचने पर मजबूर कर रहे हैं कि योग केवल शारीरिक आसनों के बारे में है, योग की संपूर्णता में चिंतन और आत्म- अनुशासनात्मक अभ्यासों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है, जैसे ध्यान, जप, मंत्र, प्रार्थना, श्वास क्रिया, अनुष्ठान और यहां तक कि निस्वार्थ क्रिया भी। शब्द "योग" मूल शब्द "युज" से आया है, जिसका अर्थ है "जोड़ना" या "बांधना।" इस शब्द के अपने आप में कई अर्थ हैं, ज्योतिषीय संयोजन से लेकर विवाह तक, जिसका मूल विषय संबंध है।

योग करने के कई फायदे हैं। जहां सिर्फ जिम करने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है, वहीं योग हमारे शरीर के साथ-साथ दिमाग को भी स्वस्थ बनाता है। एरोबिक्स या योग के लाभों की चर्चा करें तो योग मन की शांति प्रदान करता है योग न केवल हमारे शरीर की मांसपेशियों को अच्छा व्यायाम देता है, बल्कि यह हमारे दिमाग को शांत रखने में भी मदद करता है। चिकित्सा अनुसंधान से पता चला है कि योग शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है। योग तनाव से राहत देता है और बेहतर नींद लाता है, भूख और पाचन को बढ़ाता है। योग दिमाग को हमेशा शांत रखता है। तनाव मुक्त जीवन देने में सहायक है यदि आप योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करते हैं तो आप तनाव मुक्त जीवन जी सकते हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि आज हर दूसरा व्यक्ति तनाव में है शरीर की थकान को दूर भागने का कार्य भी योग के द्वारा किया जा सकता है जब हम योग करते हैं तो मांसपेशियों में खिंचाव, मरोड़, मरोड़ और खिंचाव जैसी कई क्रियाएं होती हैं। इससे हमारे शरीर की थकान दूर होती है और हम हमेशा तरोताजा महसूस करते हैं। यदि आप नियमित रूप से योग करते हैं तो आपके शरीर में ऊर्जा का संचार होगा। रोग मुक्त शरीर भी योग के द्वारा हम पा सकते हैं।

योगाभ्यास शरीर को स्वस्थ बनाता है, क्योंकि यह हमें रोगों से लड़ने की शक्ति देता है। हृदय रोग, मधुमेह और अस्थमा जैसी कई अन्य बीमारियों के लिए योग की सलाह दी जाती है। योग रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करता है और श्वसन संबंधी विकारों को भी दूर करता है। इसलिए अगर आप रोजाना योग करेंगे तो आप स्वस्थ रहेंगे। योग के द्वारा आप अपने वजन पर काबू रखने में सहायक हो सकते हैं दुनिया की अस्सी प्रतिशत आबादी मोटापे से ग्रस्त है। हालांकि योग को अपनी जीवनशैली में शामिल करके हम मोटापे को नियंत्रित कर सकते हैं। योग करने से शरीर लचीला बनता है। योग हमारी मांसपेशियों को न केवल मजबूत करता है बल्कि और शरीर से अतिरिक्त चर्बी को कम करता है। यह हमारे पाचन तंत्र को भी मजबूत करता है। योग फिट रहने का एक बेहतरीन तरीका है। योग धर्म नहीं, एक विज्ञान है, यह कल्याण का विज्ञान, यौवन का विज्ञान है, शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने का विज्ञान है। तो क्यों ना योग के द्वारा जीवन को सुखद बनाएं क्योंकि योग वाकई निरोगी जीवन की कुंजी है स्वस्थ जीवन का आधार है योग खुद भी योग कीजिए और साथ ही अपने आस पास के लोगों को भी निरोगी जीवन निरोगी काया के इस मूलमंत्र से अवगत कराएं उनको भी योग के लिए प्रेरित करें।

# अंकों का मायाजाल

**जिन बच्चों के अच्छे अंक आए, उनके अभिभावकों ने उन्हें शाबासी भी दी और समाज या परिवार में बच्चे के अंकों को लेकर चर्चा भी की। लेकिन जो बच्चे मेहनत करने के बाद भी उच्च अंक हासिल नहीं कर सके, उनके अभिभावकों ने कोचिंग संस्थाओं को कम और अपने बच्चे को ज्यादा कोसना शुरू कर दिया। जबकि बच्चों की सीमा के साथ-साथ उन्हें पढ़ाने वालों की कमजोरी भी इसकी वजह हो सकती है। इसलिए अंक कम आने पर बच्चे को डांटना और किसी के सामने बुरा-भला कहना बेमानी है।**

पिछले कुछ सालों के दौरान राज्यों के शिक्षा बोर्ड और केंद्रीय शिक्षा बोर्ड के सालाना परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद सबसे ज्यादा चर्चा इस बात पर होती है कि सबसे ज्यादा नंबर कितने आए, किसके आए। कहीं खुशी तो कहीं गम देखने को मिलता है। हालांकि आज के इस दौर में सभी माता-पिता चाहते हैं कि उनका बच्चा उच्च अंक लाए ताकि आगामी कक्षाओं में प्रवेश के लिए दिक्कत का सामना नहीं करना पड़े। इसके लिए अभिभावक उन्हें शुरू से ही शिक्षा की दुकानों में यानी ऊंची फीस लूटने वाले कोचिंग संस्थानों में प्रवेश दिला कर निश्चिंत हो जाते हैं कि जब उनके बच्चे का परिणाम आएगा और उच्च अंक लाएगा तो समाज और परिवार में उनका नाम होगा। इसके बाद वे इस बात से बेफ्रिक हो जाते हैं कि कोचिंग संस्थान और वहां का वातावरण कैसा है और पढ़ाने वाले शिक्षकों की योग्यता क्या है। बस उच्च अंकों को लेकर यह बताने में कोई कमी नहीं रखी जाती है कि बच्चों ने कितने फीसद अंक लेकर परीक्षा उत्तीर्ण की है।

जिन बच्चों के अच्छे अंक आए, उनके अभिभावकों ने उन्हें शाबासी भी दी और समाज या परिवार में बच्चे के अंकों को लेकर चर्चा भी की। लेकिन जो बच्चे मेहनत करने के बाद भी उच्च अंक हासिल नहीं कर सके, उनके अभिभावकों ने कोचिंग संस्थाओं को कम और अपने बच्चे को ज्यादा कोसना शुरू कर दिया। जबकि बच्चों की सीमा के साथ-साथ उन्हें पढ़ाने वालों की कमजोरी भी इसकी वजह हो सकती है। इसलिए अंक कम आने पर बच्चे को डांटना और किसी के सामने बुरा-भला कहना बेमानी है।

देश की राजधानी दिल्ली में एक बच्चे को दसवीं की परीक्षा में साठ फीसद अंक मिले थे। ये अंक आज के इस युग में कम माने जाते हैं, क्योंकि हर क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा होने के कारण पनचानबे प्रतिशत अंक ही सही माने जाते हैं। लेकिन उस बच्चे की मां ने इन अंकों को भी अच्छा माना। उन्होंने अपने बच्चे का हौसला



बढ़ाते हुए लिखा कि 'मुझे साठ प्रतिशत अंक आने पर भी अपने बच्चे पर गर्व है, क्योंकि बच्चे ने अपनी मेहनत और संघर्ष में कोई कमी नहीं रखी; मैंने उसके संघर्ष को भी करीब से देखा है।'

लेकिन आज के इस दौर में उच्च अंक हासिल करने के लिए माता-पिता न जाने बच्चे पर कितना बोझ डाल देते हैं और उसे अलग-अलग विषयों के ट्यूशन के लिए घर से बाहर रखते हैं। ऐसे में वह इतना थक जाता है कि अपने स्तर पर पढ़ाई के लिए उसके पास समय ही नहीं बच पाता है। साथ ही उसे प्रश्न-पत्रों के अलावा परीक्षा का व्यावहारिक ज्ञान भी नहीं हो पाता है। उसका बचपन ट्यूशन, कोचिंग संस्थानों की पाठ्यक्रम पूरा कराने के नाम पर लूट और घर से बाहर रहने के चक्कर में ही गुम हो जाता है। इसके बाद भी अगर अच्छे अंक बच्चे के नहीं आते हैं तो कई बार कुछ बच्चे गलत कदम उठा लेते हैं। ये सभी कारण माता-पिता को नजर नहीं आते हैं। सही है कि सभी माता-पिता चाहते हैं कि उनका चांद आसमान में चमके और उसकी रोशनी से फिजां रोशन हो, लेकिन इस चांद को बादलों के भार से इतना भी नहीं ढक देना चाहिए, जिससे उसकी चांदनी ही छिप जाए। साठ प्रतिशत अंक हासिल करने वाले बच्चे की मां ने अपने बच्चे के संघर्ष को देखा था। उसने समाज में यह संदेश दिया कि कोई भी बच्चा उच्च अंक लाने के लिए संघर्ष में कमी नहीं रखता है। आज हर माता-पिता को उस मां के संदेश को अंगीकार कर अपने बच्चे की मेहनत और संघर्ष को करीब से देखना होगा। तभी वह बच्चा बिना तनाव के पढ़ाई कर सकेगा। अन्यथा वह अंकों के मायाजाल में उलझ कर अपना सब कुछ लुटा देगा, उसका बचपन समाप्त हो जाएगा और किताब और ट्यूशन की दुनिया में उलझ कर बाहरी दुनिया से उसका मोहभंग हो जाएगा। यह खबर ज्यादातर लोगों को याद होगी कि एक युवती पर पढ़ाई का बहुत बोझ डाला गया और उसकी रुचि के अनुसार विषय नहीं दिलाए गए थे तो उस युवती ने अपनी जिंदगी को ही समाप्त कर लिया था। उसने अपने अभिभावकों के नाम यह संदेश भी लिख दिया था कि उसकी छोटी बहन पर पढ़ाई का इतना दबाव नहीं डालें कि उसका बचपन कहीं गुम हो जाए। इसलिए अभिभावकों को भी यह सोचना होगा कि बच्चे पर पढ़ाई का अनावश्यक दबाव नहीं डाला जाए।



## सान्या मल्होत्रा ने अपने सिग्नेचर माचा ब्लेंड के साथ एंटरप्रेन्योरशिप में कदम रखा

ऐसी इंडस्ट्री में जहाँ रफ्तार अक्सर ठहराव पर हावी हो जाती है, सान्या मल्होत्रा ने एक अलग राह चुनने का फैसला किया है। अपनी दमदार अभिनय क्षमता और ज़मीन से जुड़ी सादगी के लिए मशहूर, इस प्रशंसित अभिनेत्री ने अब अपने नाम के आगे एंटरप्रेन्योर का टैग भी जोड़ लिया है। अपना खुद का माचा वेंचर शुरू किया है, जो उनके व्यक्तिगत जीवन दर्शन- संतुलन, शांति और सजग जीवनशैली- को दर्शाता है। सान्या मल्होत्रा ने डॉ. कुणाल शाह और सिद्धार्थ शाह, जो कि क्लीन-लेबल वेलनेस में एक विश्वसनीय नाम, एसेंजा न्यूट्रिशन के संस्थापक हैं, उनके साथ साझेदारी की है, इस साझेदारी के तहत उन्होंने ब्री माचा नाम की एक प्रीमियम लाइफस्टाइल ब्रांड पेश किया है, जो पारंपरिक जापानी चाय संस्कृति की शांति, स्पष्टता और अनुष्ठान से प्रेरित है।
यह नई वेलनेस पेशकश सिर्फ एक व्यावसायिक कदम नहीं है, बल्कि यह सान्या की एक निजी आदत को सार्वजनिक रूप देने जैसा है। सान्या मल्होत्रा ने कहा, ऐसे समय में जब सब कुछ तत्कालिन लगता है, ब्री माचा मुझे धीमा होने और सोच-समझकर काम करने की व्यक्तिगत याद दिलाता है। यह एक एसा अनुष्ठान है जिस पर मैं गहराई से विश्वास करती हू, और मुझे गर्व है कि मैं कुछ ऐसा बना रही हू जो प्राकृतिक ऊर्जा और शांतिपूर्ण फोकस को समर्थन देता है। वेलनेस और लाइफस्टाइल की दुनिया में उनका यह कदम एक महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाता है, जहाँ सेलिब्रिटी न केवल उत्पादों का प्रचार कर रहे हैं, बल्कि उन्हें नए सिरे से बना रहे हैं।
सान्या मल्होत्रा की नई पहल स्वच्छ ऊर्जा, मानसिक स्पष्टता और सोच-समझकर जीने के मूल्यों को बढ़ावा देती है। जो उनकी अपनी शांत आभा और स्टारडम के प्रति विचारशील दृष्टिकोण को दर्शाता है। और जब वह अपनी एंटरप्रेन्योरशिप की नई कहानी लिख रही हैं, सान्या का अभिनय करियर भी पूरी रफ़्तार पर है। 'मिसेज' में उनके शानदार प्रदर्शन जिसे दर्शकों और आलोचकों दोनों ने समान रूप से सराहना की है, वहीं ठग लाइफ के हाई-एनर्जी ट्रैक जिंगुचा में उनके जबरदस्त प्रदर्शन ने इंटरनेट पर धूम मचा दी है, जिसमें उनकी गहन उपस्थिति और सहज करिश्मा को सराहा जा रहा है। सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी जैसी बहुप्रतीक्षित परियोजनाओं और अनुराग कश्यप और बॉबी देओल के साथ एक रोमांचक सहयोग के साथ, सान्या ध्यानपूर्वक ब्रांडिंग और आकर्षक परफॉर्मेंस से परिवर्तन की दोनों दुनियाओं को सहजता से संतुलित कर रही हैं।



## तृप्ति डिमरी की लव स्टोरी पर लगा ब्रेक

हीरोइन नंबर वन बनने को बेकरार अभिनेत्री तृप्ति डिमरी की मलयालम सिनेमा के सुपरस्टार फहाद फासिल के साथ प्रस्तावित निर्देशक इम्तियाज अली की फिल्म अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गई है। ये फिल्म रिलायंस एंटरटेनमेंट के साथ बनी इम्तियाज की साझा कंपनी विंडो सीट फिल्म्स के बैनर तले बननी है, लेकिन रिलायंस के सूत्र बताते हैं कि इस फिल्म के लिए अभी तक बजट मंजूर नहीं हुआ है। जानकारी के मुताबिक फहाद फासिल ने भी फिल्म के लिए आवंटित तारीखें अब दूसरी फिल्मों को दे दी हैं। फिल्म 'एनिमल' में फिल्म में मिले उपनाम भाभी 2 को लेकर सोशल मीडिया पर खूब ट्रेंडिंग रहीं अभिनेत्री तृप्ति डिमरी का करियर इन दिनों नई उड़ान पर है। हालांकि, इस फिल्म के बाद आई उनकी दो फिल्में 'बैड न्यूज' और 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' फ्लॉप रहीं लेकिन फिल्म 'भूल भुलैया 3' ने उनकी पोजीशन फिर संभाल ली है। इस फिल्म के बाद से ही तृप्ति की मांग काफी बढ़ चुकी है।
इस साल की उनकी पहली फिल्म 'धड़क 2' अब जल्द रिलीज होने वाली है। तृप्ति डिमरी की इस साल की पहली फिल्म की रिलीज जैसे जैसे करीब आती जा रही है, उनको अपनी फिल्मों में लेने वाले निर्माता-निर्देशकों की सांसें तेज होती जा रही है। 1 अगस्त को रिलीज होने जा रही तृप्ति की फिल्म 'धड़क 2' में उनके हीरो सिद्धांत चतुर्वेदी की सिनेमाघरों में सोलो लीड वाली ये दूसरी फिल्म होगी। सिद्धांत का जैसा हाल बॉक्स ऑफिस पर रहा है, उससे खुद तृप्ति की भी रातों की नींद उड़ी हुई है।
गौरतलब है कि सिद्धांत की पिछली फिल्म 'युधरा' रिलीज के पहले दिन ही फ्लॉप घोषित हो गई थी। इस बीच तृप्ति डिमरी हाल ही में दीपिका पादुकोण द्वारा छोड़ी गई फिल्म 'स्पिरिट' के लिए अभिनेता प्रभास के साथ साइन होने के बाद से सुर्खियों में हैं। दीपिका ने ये फिल्म काम के घंटे तय न होने के चलते छोड़ी है। तृप्ति के पास 'स्पिरिट' के ही निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'एनिमल पार्क' भी है जिसमें वह फिल्म 'एनिमल' का अपना किरदार आगे बढ़ाती नजर आएंगी।
इतनी उथल पुथल के बीच हालांकि इम्तियाज अली वाली फिल्म की शूटिंग शुरू न हो पाने का सीधा असर तृप्ति की दूसरी फिल्मों पर भी जरूर पड़ेगा। उधर, विंडो सीट फिल्म्स के सूत्रों के मुताबिक अभी निर्देशक इम्तियाज अपनी जिस फिल्म में व्यस्त हैं, उसकी रिलीज अगले साल बैसाखी पर प्रस्तावित है। फहाद और तृप्ति की फिल्म की शूटिंग अगर शुरू हुई तो उसके बाद ही हो सकेगी।





## रानी चटर्जी ने शुरू की फिल्म परिणय सूत्र की शूटिंग

भोजपुरी अदाकारा रानी चटर्जी के लिए यह साल काफी धमाकेदार है। एक के बाद एक फिल्में उनके हाथ लग रही हैं। हाल ही में उनकी फिल्म प्रिया ब्यूटी पार्लर यूट्यूब पर रिलीज हुई। इसके बाद उन्होंने घमंडी बहू की शूटिंग पूरी की। अब रानी के हाथ एक और फिल्म लगी है, जिस पर उन्होंने काम शुरू कर दिया है।

### राकेश बाबू के साथ जमेगी जोड़ी

रानी चटर्जी की अगली फिल्म का नाम है परिणय सूत्र। हाल ही में पूजा सेरेमनी के साथ इस पर काम शुरू हुआ है। आज मंगलवार को अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से मुहूर्त पूजा की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इस फिल्म में रानी के साथ राकेश बाबू लीड रोल में हैं। कहा जा रहा है कि फिल्म में रानी और राकेश पति-पत्नी की भूमिका अदा करेंगे।

## 'डॉन 3' में कियारा को रिप्लेस करेंगी कृति सेनन!

कृति सेनन इन दिनों अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट्स को लेकर सुर्खियों में हैं। इसी बीच अब खबरें आ रही हैं कि एक्ट्रेस फिल्म डॉन 3 में नजर आ सकती हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है, जिसमें जब पैपराजी ने कृति को लेडी डॉन कहकर बुलाया, तो वह मुस्कुरा दीं। इसके बाद से यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि कियारा आडवाणी की जगह अब कृति सेनन फिल्म में नजर आ सकती हैं। कृति सेनन मुंबई में किसी इवेंट में शिरकत करने पहुंची थीं। जैसे ही वह बाहर आईं, पैपराजी ने उन्हें पोज देने के लिए कहा। इसी दौरान पहले उन्हें परम सुंदरी कहकर पुकारा गया और फिर डॉन-डॉन की आवाजें आने लगीं। इतना ही नहीं, एक फोटोग्राफर ने उन्हें लेडी डॉन भी कह दिया। यह सुनते ही कृति ने कोई जवाब तो नहीं दिया, लेकिन वह मुस्कुराती हुई नजर आईं।
रिपोर्ट के मुताबिक, कृति सेनन ने फिल्म डॉन 3 में रणवीर सिंह के साथ काम करने के लिए हामी भर दी है। अभी उन्होंने फिल्म साइन नहीं की है, लेकिन जल्दी ही कर सकती हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि डायरेक्टर फरहान अख्तर और



उनकी टीम को ऐसी एक्ट्रेस चाहिए थी जो अच्छी एक्टिंग करे और जिसका स्क्रीन पर दमदार असर हो और कृति इस रोल के लिए एकदम सही लगीं। हालांकि, इसको लेकर अब तक कोई भी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।


### 2026 में रिलीज होगी फिल्म डॉन 3

बता दें, डॉन 3 फिल्म में रणवीर सिंह नजर आएंगे। इस फिल्म में पहले उनके अपोजिट कियारा आडवाणी नजर आने वाली थीं। लेकिन प्रेग्नेंसी की वजह से उन्होंने यह मूवी छोड़ दी है। यह फिल्म साल 2026 में रिलीज हो सकती है।

## क्या पापा आमिर की कोई भूमिका परदे पर करना चाहेंगे जुनैद



जुनैद खान ने फिल्म महाराज से एक्टिंग डेब्यू किया, जो ओटीटी पर रिलीज हुई थी। फिर 'लवयापा' से बड़े परदे पर डेब्यू किया। इससे पहले जुनैद खान थिएटर भी कर चुके हैं। हाल ही में जुनैद खान ने पिता आमिर खान से तुलना होने पर प्रतिक्रिया दी। साथ ही यह भी बताया कि क्या वे अपने पिता का कोई किरदार परदे पर निभाना चाहेंगे? अभिनेता जुनैद खान यह मानते हैं कि फिल्मी परिवार से होने का उन्हें फायदा मिला है। साथ ही यह भी कहा कि वे चाहते हैं कि उनकी पहचान अपनी प्रतिभा के बूते हो। हाल ही में एक इंटरव्यू में जुनैद ने कहा कि आमिर खान का बेटा होने के कारण उनके लिए चीजें आसान हो जाती हैं। साथ ही उन्होंने कहा, मैं एक बहुत अमीर परिवार से आता हूं। पापा का सम्मान किया जाता है, उन्हें प्यार किया जाता है और वे पावरफुल हैं। कुछ प्रिविलेज भी हैं, जिनका मुझे फायदा मिलता है। जुनैद से जब पूछा गया कि अपने पिता के प्रभाव के बिना क्या उनका करियर अलग होता? इस पर जुनैद ने कहा, हां, आदि चोपड़ा जानते हैं कि मैं कौन हूं, क्योंकि मैं आमिर खान का बेटा हूं। वे पृथ्वी थिएटर में नाटक देखने नहीं आते। ज्यादातर लोग मुझे इसलिए जानते हैं, क्योंकि मैं आमिर खान का बेटा हूं। लेकिन मैं भाग्यशाली हूं कि मेरी तुलना उनसे करने वाले बहुत कम लोग हैं। मूल रूप से लोग मुझे मेरे अब तक के करियर में मेरी प्रतिभा की वजह से आंकते हैं, जो एक तरह से अच्छी बात है। अगर मेरी तुलना मेरे पिता से की जाएगी तो यह मुश्किल होगा।
जुनैद खान के मुताबिक आमिर खान ने महाराज के निर्माण के दौरान उन्हें गाइड किया, लेकिन उनके एक्टिंग चॉइस को आकार देने से दूर रहे। जुनैद ने कहा कि पापा का महाराज से ज्यादा लेना-देना नहीं था। उन्होंने कहानी सुनी और उसे पसंद किया, लेकिन मुझसे पूछा कि क्या मैं श्योर हूं कि अपने करियर की शुरुआत में ही इतनी बड़ी फिल्म करना चाहता हूं। उन्होंने फिल्म का फाइनल कट देखा और उन्हें वह पसंद आया। जुनैद ने कहा कि अगर आपको किसी सलाह की जरूरत है तो पापा हमेशा एक प्रैक्टिकल सलाह देंगे। जैसे कि वे उन लोगों में से नहीं हैं, जो सिर्फ अभिनय के टिप्स देंगे।



## 'हेरा फेरी 3' और परेश रावल की वापसी पर अक्षय कुमार ने तोड़ी चुप्पी

**पिछले दिनों 'हेरा फेरी 3' का हिस्सा बनने के बाद परेश रावल ने इस फिल्म से किनारा कर लिया। परेश रावल इस फ्रैंचाइज से अलग हुए तो फैंस को बुरा लगा। साथ ही मामले ने कानूनी रूप भी ले लिया। अक्षय कुमार ने बतौर प्रोड्यूसर परेश रावल को नोटिस भेजा है। फिल्म के नुकसान के बदले 25 करोड़ की डिमांड की थी। इसका जवाब भी परेश रावल ने कोर्ट में देने की बात कही।**

हाल ही में अक्षय कुमार के सुर कुछ बदले से नजर आए। फिल्म 'हेरा फेरी 3' को लेकर अक्षय कुमार ने बड़ी बात कह दी है। अक्षय ने जो कहा है, उससे यह उम्मीद जागती है कि परेश रावल दोबारा इस फिल्म का हिस्सा बन सकते हैं?

### अक्षय कुमार की बातों से मिला बड़ा इशारा

हाल ही में पिंकविला से की गई बातचीत में अक्षय कुमार कहते हैं, 'जो कुछ भी हो रहा है, वह आपके सामने हो रहा है। मैं अपनी फिंगर क्रॉस करके रख रहा हूं। मुझे उम्मीद है कि सब कुछ ठीक रहेगा।' वह फैंस को दोबारा भरोसा दिलाते हुए कहते हैं, 'सब कुछ ठीक ही होगा। मुझे पक्का पता है।' यह जवाब अक्षय कुमार फिल्म 'हेरा फेरी 3' को लेकर देते हैं।

### परेश रावल ने भी हिंट दिया

कुछ दिन पहले ही परेश रावल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें वह गीता बसरा से मिल रहे है। इस वीडियो में परेश रावल ने जो टी- शर्ट पहनी है, उस पर यूजर्स का ध्यान गया। दरअसल, परेश की टी- शर्ट पर लिखा था, डोंट क्विट।' इस शब्द को पढ़कर फैंस को लगा कि परेश रावल 'हेरा फेरी 3' को लेकर कोई हिंट दे रहे हैं।

### फैंस को 'हेरा फेरी 3' से गहरा लगाव क्यों?

जब से फिल्म 'हेरा फेरी 3' से परेश रावल अलग हुए, फैंस काफी दुखी है। इस फिल्म में वह बाबू भैया का रोल निभाते थे, अक्षय कुमार राजू और सुनील शेट्टी श्याम के रोल में दिखते हैं। इन तीनों की जोड़ी को फिल्म में दर्शक काफी पसंद करते हैं। फैंस का मानना है कि बाबू भैया के बिना तो फिल्म बन ही नहीं सकती है।

## कॉमेडी में हाथ आजमाना चाहते हैं मोहित रैना

अभिनेता मोहित रैना को टीवी शो देवों के देव महादेव में भगवान शिव की भूमिका के लिए जाना जाता है। इसके अलावा वे शिद्दत और उरी जैसी फिल्मों में भी अहम रोल अदा कर चुके हैं। बीते दिनों रिलीज हुई सीरीज कनखजूरा में मोहित रैना नेगेटिव रोल में नजर आए। उन्होंने अपने इस किरदार को लेकर हाल ही में बात की। मोहित रैना का कहना है कि वे परदे पर अच्छे इंसान की भूमिकाओं से बाहर निकलना चाहते थे। तभी कनखजूरा उनके पास आई। बातचीत में मोहित रैना ने कहा, मैं जानबूझकर कुछ और नहीं कर रहा था, क्योंकि मैं एक्सपेरिमेंट करना चाहता था। और यही वह समय था, जब यह मौका मेरे पास आया और मैंने इसे लपक लिया।



### कॉमेडी में भी दिखाई दिलचस्पी

उन्होंने कॉमेडी जेनर में भी काम करने के लिए उत्सुकता जाहिर की। एक्टर ने कहा, कॉमेडी ऐसी चीज है, जिसे मैं करना चाहता हूं। बता दें कि कनखजूरा इजरायली सीरीज 'मैगपाई' का एडेप्टेशन है। इसमें मोहित रैना और रोशन मैथ्यू मुख्य किरदारों में है। यह सीरीज सोनी लिव पर मौजूद है।

## जन समस्याओं का अविलंब समाधान हो- मंत्री कुमावत



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(नि.सं.)**। केबिनेट मंत्री व स्थानीय विधायक जोराराम कुमावत ने अपने प्रवास के दौरान सुमेरपुर कार्यालय में नियमित जनसुनवाई की। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए नागरिकों से आत्मीय भेंट की और उनकी समस्याओं को सुना। जहां उन्होंने तत्काल समाधान योग्य विषयों का निस्तारण किया। साथ ही शेष समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान मंत्री कुमावत ने नगरपालिका,शिक्षा, चिकित्सा,पेयजल, राजस्व,मनरेगा, ऊर्जा और ग्रामीण विकास समेत तमाम विभागों से जुड़ी शिकायतों की सुनवाई की। कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया। साथ ही कुमावत ने कहा, "राज्य सरकार आमजन को बेहतर सुविधाएं और सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। प्रत्येक फरियादी की समस्या को सुनना और उसका समाधान सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। इस दौरान कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर आमजन को राहत पहुंचाई। जनसुनवाई के दौरान कई स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

## 20 वर्षों से बंद पड़ा रास्ता खुलवाया, ग्रेवल सड़क का निर्माण कार्य हुआ शुरू



जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली (नि.सं.)**।निकटवर्ती ग्राम पंचायत भालोजी में विगत 20 वर्षों से बंद पड़े रास्ते को आखिरकार प्रशासन और पंचायत के सामूहिक प्रयासों से फिर से सुचारु कर दिया गया। यह ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग थी जो अब पुरी हो गई है। सरपंच कृष्ण कुमार व डॉ. महेंद्र कुमार ने बताया कि भालोजी से ढ़ाणी बिगानिया तक करीब 700 मीटर लम्बे इस मार्ग पर काफी समय से अवरोध बना हुआ था। जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में बेहद मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। ग्राम पंचायत व प्रशासन ने ग्रामीणों से संवाद एवं समझाईश कर इस अवरुद्ध रास्ते को खुलवाया। रास्ता खुलते ही मौके पर ग्रेवल सड़क का निर्माण कार्य भी शुरु कर दिया गया। इस दौरान अनिल यादव, कमल पूतली, कृष्ण जाट, संजीत आर्य, कुलदीप यादव, राहुल मीणा समेत अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

## पं.दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़े का आयोजन 24 जून से 09 जुलाई तक

### प्रत्येक ग्राम पंचायत व वार्डो में लगाये जायेगें शिविर

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली (नि.सं.)**।राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग एवं पंक्ति में खड़े अन्तिम व्यक्ति तक पहुॅचाने के उद्धेश्य से मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के निर्देशानुसार आगामी 24 जून से 09 जुलाई तक प्रदेष भर में पं.दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़े का आयोजन किया जायेगा। प्रत्येक ग्राम पंचायत व वार्ड स्तर पर आयोजित होने वाले षिविर में अनेक विभागों से जुड़े कार्य किये जायेगें। एसडीएम बृजेष कुमार ने जानकारी देते हुये बताया कि शिविर में राजस्व, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, उर्जा, पीएचईडी, जल संसाधन, कृषि, स्वास्थ्य, पशुपालन, षिक्षा, उच्च शिक्षा, स्वायत्त शासन व सामाजिक न्याय समेत राजस्व विभाग की दस गतिविधियां तथा अन्य 15 राजकीय विभागों को शामिल किया गया है। षिविर का समय प्रातः 09.30 से सायं 05.30 बजे तक रहेगा। जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी शामिल होगें। शिविर स्थल ग्राम पंचायत भवन, राजकीय विधालय समेत अन्य सार्वजनिक भवन होगें। शिविर के माध्यम से सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर इनसे वंचित व पात्र लाभार्थियों के नाम जोड़कर लाभान्वित किया जायेगा। साथ ही इस सम्बंध में परिवाद प्राप्त करके मौके पर ही निस्तारण किया जायेगा।

## फलौदी प्रभारी मंत्री मदन दिलावर ने कानासर तालाब पर जल पूजन व पौधारोपण करते हुए दिया जल संरक्षण व पर्यावरण संरक्षण का संदेश

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)**। प्रभारी मंत्री मदन दिलावर शुक्रवार को फलौदी जिले के दौरे पर रहें। इस दौरान उन्होंने बाप उपखंड में कानासर तालाब पर जल पूजन व पौधारोपण करते हुए जल संरक्षण व पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। तालाब का भ्रमण करते हुए उन्होंने कहा कि "वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान" के माध्यम से जलसंग्रहण संरचनाओं के माध्यम से भू-जल को संरक्षित करना तथा जल के सदुपयोग के प्रति आमजन को जागरूक करना हैं। उन्होंने कहा कि अगर हमने इस जल संरक्षण की परम्परा को आगे नहीं बढ़ाया और नई पीढ़ी तक नहीं पहुंचाया, तो गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ेगा। वर्षा जल को संग्रहण करना हम सबकी जिम्मेदारी हैं। प्रभारी मंत्री ने जलसंग्रहण के अधीक्षण अभियंता को निर्देश देते हुए कहा कि कार्य योजना बनाकर तालाब के सौंदर्यीकरण तथा सर्वश्रेष्ठ तालाब बनाने के लिए कार्य करें। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने दादी अणदलसती गौशाला पहुंचकर गौ सेवा के लिए किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया तथा गौशाला में पौधारोपण करते हुए कहा कि पेड़ हम सब के लिए भगवान हैं। पेड़ से हमें ऑक्सीजन, फल, औषधियां, भू-जल संरक्षण में सहयोग तथा बारिश करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका रहती हैं। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि इस वर्षा ऋतु में सभी पौधारोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। गौशाला में आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि 5 जून को गंगा दशहरा पर वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान में प्रशासन के साथ-साथ आमजन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने कहा कि जिले में बारिश के पानी को टांको में संचय करना प्राचीन काल से हमारी परम्परा रही हैं। इसी परंपरा से हमें युवाओं को जागरूक करना हैं तथा जल के महत्व को समझाना हैं।

# नगरपालिका बोर्ड भंग व्यवस्थाओं हेतु लगाया प्रशासक, फिर भी प्रवेश द्वार एवं साइन बोडो पर पूर्व अध्यक्ष का नाम अंकित

### बोर्ड खत्म हुए 7 माह बाद भी नहीं हटाया नाम,आमजन भ्रमित, पालिका बेखबर

### पालिका कार्यालय से पूर्व अध्यक्ष का नाम हटाकर प्रशासक का नाम अंकित किया, अन्य बोर्ड पर अध्यक्ष के साथ पति का दर्शाता

जयपुर टाइम्स













**सुमेरपुर(नि.सं.)**।। नगरपालिका सुमेरपुर में पालिका बोर्ड भंग हुए लगभग 07 माह का समय व्यतीत हो जाने के उपरान्त भी जनप्रतिनिधी को कुर्सी,और पद का मोह अभी तक नहीं टूटा है। ऐसा ही नजारा सुमेरपुर पालिका क्षेत्र में दिखाई दे रहा है। शहर के प्रवेश द्वार एवं अन्य स्थानों पर लगे विभिन्न साइन बोर्डों पर अभी भी पूर्व पालिका अध्यक्ष का नाम अंकित है,जोकि आमजन को भ्रमित करता है। आपको बता दें कि पालिका का बोर्ड भंग हो चुका है,और राज्य सरकार ने प्रशासक भी लगाया गया है,उसके बावजूद भी विभिन्न बोडो पर अध्यक्ष के साथ पति का नाम बड़े अक्षरों में लिखा हुआ है,जो पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। आज भी पति सहित उषा कंवर अनोपसिंह राठौड़ का नाम अंकित है। जो यह नगरपालिका की उदासीनता एवं लापरवाही के साथ नियमों को ताक में रखकर अपने आपको दर्शाता है। साथ ही पति का नाम साथ में लिखना पालिका धन का अपव्यय एवं दुरुपयोग भी माना जाता हैं। इस संबंध में उक्त नाम लिखवाने वाले कार्मिक के विरुद्ध भी करवाई की जानी चाहिए क्योंकि चुनाव जीतने के बाद उपखण्ड कार्यालय सुमेरपुर द्वारा जारी घोषणा पत्र एवं पालिका मोहर में भी जनप्रतिधि का ही नाम अंकित होता हैं न कि उनके पति का।

### कार्यालय से हटाया अध्यक्ष का नाम,मुख्य द्वार पर नाम अंकित

गौरतलब है कि पालिका बोर्ड भंग होने के बाद कार्यालय से पालिका अध्यक्ष का नाम हटाकर प्रशासक का नाम भले ही लिखवाया हो, लेकिन राज्य सरकार के आदेशों की ध्वजियां उड़ाई जा रही है। बड़े मजे की बात है कि मुख्य द्वार एवं बड़े बड़े साइन बोडो पर अध्यक्ष के साथ अपने पति का नाम अंकित है,जो प्रशासन पर कई सवाल उठ रहे हैं। इससे प्रतीत होता है कि या तो पालिका प्रशासन इससे अनजान है,या जानबूझकर लगे बोर्ड से अंकित नाम को नहीं हटाया जा रहा है,इसको लेकर प्रशासन पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

### नियमों के विपरित अध्यक्ष का नाम बोर्ड पर दर्शाता

यदि नगरपालिका बोर्ड भंग हो गया है, तो बोर्ड पर अध्यक्ष का नाम अंकित होना कानूनी रूप से सही नहीं है। भंग होने का मतलब है कि बोर्ड का कार्यकाल समाप्त हो गया है और अब वह आधिकारिक तौर पर काम नहीं कर रहा है। इसलिए,भंग बोर्ड पर किसी अध्यक्ष का नाम प्रदर्शित करना उचित नहीं है।

### भंग का मतलब

जब किसी नगरपालिका बोर्ड को भंग किया जाता है,तो इसका मतलब है कि उसका कार्यकाल समाप्त हो गया है और वह अब कानूनी रूप से मौजूद नहीं है।

### अध्यक्ष का पद

नगरपालिका बोर्ड का एक पद है,और जब बोर्ड भंग हो जाता है, तो अध्यक्ष का पद भी समाप्त हो जाता है।

### कानूनी स्थिति

भंग बोर्ड पर अध्यक्ष का नाम प्रदर्शित करना एक कानूनी गलती है,क्योंकि यह दर्शाता है कि बोर्ड अभी भी काम कर रहा है,जो कि सही नहीं है। यदि नगरपालिका बोर्ड भंग हो गया है,तो बोर्ड से अध्यक्ष का नाम हटाना चाहिए।

## कुचामन शहर मंडल में भाजपा का संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम सम्पन्न

जयपुर टाइम्स



**कुचामन सिटी (नि.सं.)**।भारतीय जनता पार्टी कुचामन शहर मंडल की ओर से संकल्प से सिद्धि अभियान के अंतर्गत मंडल कार्यालय पर एक विचार गोष्ठी एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नागौर देहात जिला सह-संयोजक डॉ. देवीलाल दादरवाल ने की, जबकि भाजपा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष डॉ. राजाराम प्रजापति मुख्य वक्ता रहे। कार्यक्रम में मंडल संयोजक राजेंद्र सिंह प्रेमपुरा, सह संयोजक हेमंत पारीक व सुरेश जांगिड़, पूर्व चेयरमैन गोरुराम कुमावत, वरिष्ठ भाजपा नेता राजेंद्र कुमावत, मंडल महामंत्री जसराज खुड़ीवाल, जितेंद्र सिंह राजपुरोहित, उपाध्यक्ष किशन गुर्जर,मनोहर चांवला,गौतम चन्दलिया, अशोक चंदेलिया, भाजपा पदाधिकारी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वक्ता डॉ. राजाराम प्रजापति ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते 11 वर्षों में भारत को वैश्विक मंच पर एक मजबूत राष्ट्र के रूप में स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि "मोदी जी ने गरीब, किसान, महिला, युवा और ओबीसी वर्ग को सरकार की योजनाओं के केंद्र में रखा है। उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, जनधन योजना जैसे अभियान देश की दिशा और दशा दोनों को बदलने वाले साबित हुए हैं।" वहीं कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. देवीलाल दादरवाल ने अपने संबोधन में कहा कि "यह 11 साल सेवा, सुशासन और अंत्योदय के प्रतीक हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए हर वर्ग तक सरकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित की है। आज का भारत आत्मनिर्भर, जागरूक और संगठित है, और यह सब मोदी जी की नीति, नीयत और नेतृत्व का परिणाम है।" उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे संगठन को और अधिक सशक्त बनाएं एवं सरकार की योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाएं। कार्यक्रम के अंत में किशन गुर्जर ने सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट करते हुए कहा कि "यह आयोजन हम सभी के लिए मार्गदर्शक है और इससे प्रेरणा लेकर हम संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।"

## पीड़ित परिवार को सांत्वना देने पहुंचे केबिनेट मंत्री कुमावत, बंधाया ढाढस

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर/पाली,(नि.सं.)**। तेलंगाना की गोदावरी नदी में पाली जिले के एक ही गांव के चार युवकों सहित पांच जनों की मौत के बाद पशुपालन,डेयरी एवं देवस्थान विभाग के केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने मृतकों के पैतृक गांव ढाबर पहुंचकर पीड़ित परिवार को शोक संवेदना व्यक्त कर सांत्वना दी। कुमावत ने गांव ढाबर के ही तीन सगे भाईयों सहित चार जनों की दुखद मौत पर गहरा शोक जताया। उन्होंने पीड़ित परिजनों को ढाढ़स बंधाते हुए कहा कि दिवंगत युवकों की क्षतिपूर्ति परिवार के लिए अपूर्णीय है। उन्होंने कहा कि उन्हें स्वयं व्यक्तिगत तौर पर भी चारों की दुखद एवं आकस्मिक मौत से गहरा आघात पहुंचा है। मंत्री को देखकर मृतक भरत,विनोद और मदन के पिता पेमाराम राठौड़ फूट-फूटकर रोने लगे। वहीं,घटना के बाद से मृतकों के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है,जिन्हें परिजन सांत्वना देने में जुटे हुए हैं। परिजनों का आरोप है कि हॉस्पिटल ले जाने के बाद भी समय पर इलाज शुरू नहीं हुआ। नहीं तो उनके बच्चे जिंदा होते। समय पर उपचार नहीं मिलने के आरोप पर मंत्री कुमावत ने कहा कि वहां की सरकार को ऐसे संवेदनशील मामलों में तत्परता बरतनी चाहिए थी। उन्होंने आगामी मानसून को देखते हुए प्रदेश में इस तरह की अप्रिय घटना न हो इसके लिए मौके पर मौजूद अधिकारियों को जल भराव वाले स्थानों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए। मंत्री कुमावत ने पीड़ित परिवार को राज्य सरकार से हरसंभव आर्थिक सहायता दिलाने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को अवगत कराने का भरोसा दिया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील भंडारी,सांसद प्रतिनिधि डीआर चौधरी,ढाबर सरपंच शायरमल सुथार,पूर्व जिला परिषद सदस्य केसर सिंह परिहार, रोहट मंडल अध्यक्ष राजेंद्र पटेल,पूर्व प्रधान रोहट मन्नालाल परिहार, भाजपा जिला प्रवक्ता त्रिलोक चौधरी,पूर्व भाजयुमो अध्यक्ष ओमाराम बंजारा,उप सरपंच सिंगारी शोभाराम देवासी,शंकर सिंह राजपुरोहित सांडेराव, पाली प्रधान प्रतिनिधि पुखराज पटेल, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि भंवर चौधरी किसान केसरी, पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। गौरतलब है कि तेलंगाना की गोदावरी नदी में डूबने से पाली जिले के तीन सगे भाइयों, एक उनकी मौसी के बेटे व नागौर जिले के एक युवक सहित पांच युवकों की मौत हो गई थी। सभी युवक सरस्वती मंदिर में अक्षर आराधना के लिए गए थे,वहां नंदी में नहाने उतरे एक युवक को डूबता देख उसे बचाने के लिए कूद अन्य चार युवक भी डूब गए,जिससे सभी की मौत हो गई।

## स्वायत्त शासन विभाग ने दी गृह एवं नगरीय विकास कर पर छुट

### 30 सितम्बर तक जमा करवाने पर मूल बकाया में मिलेगी 50 प्रतिषत की छुट

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली (नि.सं.)**।राज्य सरकार के स्वायत्त शासन विभाग ने गृह कर एवं नगरीय विकास कर में एकमुष्त राशि जमा करवाने पर शास्ति में छुट प्रदान की है। इस सम्बंध में विभाग के निदेषक इन्द्रजीत सिंह द्वारा जारी आदेशानुसार आगामी 30 सितम्बर तक सम्पूर्ण बकाया गृह कर आवासीय व व्यावसायिक भूखण्डों एवं भवनों का एकमुश्त जमा कराने पर मूल गृह कर की राशि पर 50 प्रतिशत की छुट एवं शास्ति पर शत-प्रतिशत की छुट प्रदान की जायेगी। साथ ही वर्ष 2024-25 तक के नगरीय विकास कर की राशि एकमुशत जमा कराने पर ब्याज एवं शास्ति पर शत-प्रतिषत छुट रहेगी। जिन प्रकरणों में वर्ष 2011-12 से पूर्व का नगरीय विकास कर बकाया है। उन प्रकरणों में एकमुश्त जमा कराने पर उस अवधि के नगरीय विकास कर में शास्ति की छुट के साथ मूल बकाया में 50 प्रतिषत की छुट प्रदान की जायेगी।

31 मार्च तक 02.35 करोड़ यूडी टैक्स जमा- उल्लेखनीय है कि नगर परिषद ने 31 मार्च 2025 तक 02.35 करोड़ यूडी टैक्स जमा किया था। प्रोजेक्ट इंचार्ज जसवंत सिंह ने बताया कि इसमें 30 व 31 मार्च 2025 को अन्तिम दो दिनों में रिकॉर्ड 48 लाख रूपये यूडी टैक्स जमा किया गया था। जबकि 29 मार्च तक यह राषि 01.87 करोड़ थी। जो कि वर्ष 2023-24 में वसूले गये कुल यूडी टैक्स 01.58 करोड़ रूपये से कुल 29 लाख रूपये ज्यादा थी। इस वर्ष यूडी टैक्स वसूले जाने को लेकर विभिन्न व्यापारिक संस्थानों, औधोगिक ईकाईयों व अन्य भूखण्डों को 5285 डिमांड नोटिस व 2293 लीगल नोटिस जारी किये गये थे। दरअसल में कोटपूतली नगर पालिका को नगर परिषद में क्रमोन्नत किये जाने के बाद यूडी टैक्स जमा किये जाने को आवष्यक किया गया है। इसी के चलते इस वित्तीय वर्ष के अन्त में ब्याज व शास्ति पर सम्पूर्ण छुट प्रदान की गई थी। साथ ही मार्च के अन्तिम सप्ताह में ही यूडी टैक्स वसूले जाने में तेजी लाई गई थी। इस वर्ष अभी तक 4800 नोटिस बांटे गये है एवं 24 लाख की वसूली की जा चुकी है। प्रोजेक्ट इंचार्ज जसवंत सिंह ने बताया कि यह छुट नागरिकों के लिये बड़ी राहत है, क्योंकि इससे उन्हें अपने बकाया करों का भुगतान बिना किसी बोझ के करने का मौका मिल रहा है।

## इस्कॉन की ओर से बांसवाड़ा शहर में पहली बार श्री जगन्नाथ रथयात्रा 28 जून को

### व्यापक स्तर पर तैयारियां जारी, भक्तों से सम्पर्क कर दिया जा रहा निमंत्रण

### अधिकाधिक भक्तों की सहभागिता के लिए जुटे इस्कॉन भक्त

जयपुर टाइम्स

**बांसवाड़ा,(नि.सं.)**। आगामी 28 जून, शनिवार को श्री जगन्नाथ रथयात्रा के उपलक्ष्य में इस्कॉन की ओर से बांसवाड़ा शहर में पहली बार श्री जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव आयोजित किया जाएगा। इसे लेकर इस्कॉन की बांसवाड़ा इकाई द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। इस्कॉन के आचार्य अभय गौरांग दास प्रभु ने बताया कि श्री जगन्नाथ रथयात्रा का शुभारंभ 28 जून, शनिवार शाम 4 बजे आजाद चौक से होगा। यहां से रथयात्रा महालक्ष्मी चौक, बोहरावाड़ी, नागरवाड़ा चौक, पीपली चौक और गांधी मूर्ति स्थल से होते हुए जवाहरपुल स्थित श्री भैरवानन्द छतरी(सिद्धनाथ महादेव) पहुंचकर प्रभु के विश्राम के साथ पूर्ण होगी। रथयात्रा समापन पर महाप्रसाद होगा। रथयात्रा में गोपी वेश में शामिल साधिकाओं के साथ ही बड़ी संख्या में भक्तगण सम्मिलित होंगे तथा भक्तिभाव के साथ भगवान श्री जगन्नाथ रथयात्रा खींचने का सौभाग्य प्राप्त करेंगे। रथयात्रा के दौरान् रास्ते भर भगवद्भक्तिमय नृत्य एवं कीर्तन की गूंज आकर्षण का केन्द्र रहेगी। रथयात्रा के दौरान् शहरवासी भगवान् योगेश्वर श्री जगन्नाथ, सुभद्रा और बलदेव के दर्शन करेंगे तथा विभिन्न स्थानों पर रथयात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा। आचार्य अभय गौरांग दास प्रभु ने बताया कि श्री जगन्नाथ रथयात्रा को लेकर हर स्तर पर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं और इसकी विभिन्न व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए गठित व्यवस्था समितियां लगातार विभिन्न प्रबन्धों में जुटी हुई हैं। इस्कॉन के प्रतिनिधियों, साधकों एवं साधिकाओं तथा भक्तों के समूहों की ओर से जनसम्पर्क किया जा रहा है। यह पहला मौका है जब इस्कॉन बांसवाड़ा द्वारा शहर में श्री जगन्नाथ रथयात्रा निकाली जा रही है।

## राजस्थान गैस व्यावसायिक व औद्योगिक क्षेत्र में पीएनजी गैस की उपलब्धता में तीन गुणा बढ़ोतरी करेगी, दो नए सीएनजी स्टेशन होंगे शुरु-चेयरमैन टी. रविकान्त

### वर्ष 2024-25 के वार्षिक लेखों का अनुमोदन

### नीमराना में एलएनजी स्टेशन का भूमि पूजन के साथ काम आरंभ

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास.)**। राज्य सरकार के संयुक्त उपक्रम राजस्थान गैस के चेयरमैन श्री टी. रविकान्त ने कहा है कि आरएसजीएल इस वर्ष व्यावसायिक व औद्योगिक क्षेत्र में पीएनजी गैस की उपलब्धता में तीन गुणा बढ़ोतरी करेगी वहीं जल्दी ही दो नए सीएनजी स्टेशन शुरु किये जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस समय आरएसजीएल द्वारा कोटा, कूकस, नीमराना सहित 18 सीएनजी स्टेशनों से 24 गुणा 7 सीएनजी सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही है। माइंस एवं पेट्रोलियम सचिव व चेयरमैन आरएसजीएल टी. रविकान्त शुक्रवार को आरएसजीएल के संचालक मण्डल की वर्चुअली बैठक ले रहे थे। संचालक मण्डल की बैठक में आरएसजीएल के वर्ष 2024-25 के अंकेक्षित लेखों का अनुमोदन किया गया। उन्होंने बताया कि ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए आरएसजीएल द्वारा 54 हजार से अधिक परिवारों तक डीपीएनजी सेवाएं पहुंचाने के लिए आधारभूत ढांचा विकसित कर लिया गया है। कोटा में 300 किमी एमडीपीई पाइपलाइन बिछाने का कार्य जारी है जिसमें से 21 किमी लाइन बिछा दी गई है। उन्होंने सीएनजी-डीपीएनजी सेवाओं को और अधिक नागरिकों तक पहुंचाने और कार्यों में विस्तार की आवश्यकता प्रतिपादित की। आरएसजीएल के प्रबंध संचालकरणवीर सिंह ने बताया कि नवाचार करते हुए आरएसजीएल ने नीमराना में एलएनजी प्लांट का भूमि पूजन के साथ काम शुरु कर दिया है। जल्दी ही इस कार्य को पूरा होने से लंबी दूरी के भार वाहक वाहनों को एलएनजी गैस सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। एमडी रणवीर सिंह ने बताया कि इस साल पाइपलाइन से घरेलू गैस सुविधा का विस्तार करते हुए दो गुणा परिवारों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।

# राज्य जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
21 जून, 2025


## अवैध हथियारों के जखीरा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार, कब्जे से अवैध हथियार बरामद



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** जिले की दिहौली थाना पुलिस ने दिहौली थाना क्षेत्र के दो अलग अलग जगहों पर कार्यवाही की है। जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा के निर्देश पर पुलिस ने डीएसटी टीम के साथ मिलकर अवैध हथियारों के विरूद्ध बडी कार्यवाही को अंजाम दिया है। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने अवैध हथियारों को बरामद किया है। दिहौली थानाधिकारी परमजीत पटेल ने बताया कि पहली कार्यवाही मुखबिर की सूचना पर हरकंद का पुरा मोड पर की गई। जहां से एक आरोपी मनोज कुमार पुत्र घूरेलाल ठाकुर निवासी हरकंद का पुरा थाना दिहौली को अवैध हथियारों के जखीरा एक दुनाली बंदूक ग्रेनर 12 बोर, एक सिंगल शॉर्ट पचफेरा 315 बोर एवं एक कट्टा 12 बोर के सहित गिरफ्तार किया गया। दूसरी कार्यवाही डीएसटी टीम प्रभारी प्रेमसिंह की सूचना पर इन्द्रावली मोड के पास से आरोपी दीपू पुत्र मचकुण्डी लोधा निवासी रावतपुरा थाना सदर धौलपुर हाल कस्बा मरैना थाना दिहौली को एक अवैध देशी कट्टा 315 बोर व एक खाली कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। थानाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मामले दर्ज किए गए है। गिरफ्तार आरोपियों से अवैध हथियारों को लेकर पूछताछ की जा रही है।

## रोडवेज बसों में विशेष चेकिंग अभियान, चार बिना टिकट यात्रियों से 1550 रुपये जुर्माना वसूला

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम( रोडवेज) के निर्देशानुसार धौलपुर आगार द्वारा शुक्रवार को रोडवेज बसों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत बिना टिकट यात्रा करने वाले चार यात्रियों से कुल 1550 रुपये का जुर्माना वसूला गया। धौलपुर आगार के मुख्य प्रबंधक जगजीत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान उच्च अधिकारियों के निर्देश पर शुरू किया गया है, जिसमें चार विशेष टीमों का गठन किया गया है। ये टीमें नियमित रूप से रोडवेज बसों में टिकट जांच कर रही हैं। मुख्य प्रबंधक ने बताया कि यदि किसी यात्री के पास टिकट नहीं पाया जाता है,तो उससे उसकी यात्रा दूरी तक लगने वाले किराये का दस गुना जुर्माना वसूला जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा, जिससे यात्रियों में टिकट लेने की अनिवार्यता सुनिश्चित की जा सके और निगम की आय में भी बढ़ोतरी हो।

## धरती आबा अभियान के अन्तर्गत समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** धरती आबा अभियान की प्रगति की समीक्षा हेतु बैठक का आयोजन मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ की अध्यक्षता में जिला परिषद में किया गया। बैठक में अभियान के अंतर्गत अब तक की गई गतिविधियों की समीक्षा की गई तथा आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा हुई। उपस्थित अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में हुए कार्यों की जानकारी साझा की। अभियान के उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु सामूहिक प्रयासों पर बल दिया गया तथा जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि धरती आबा अभियान के तहत निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें और समयबद्ध तरीके से प्रगति सुनिश्चित करें। बैठक सकारात्मक माहौल में संपन्न हुई एवं सभी प्रतिभागियों ने अभियान को सफल बनाने हेतु अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। बैठक में विकास अधिकारी, डीपीएम राजीविका, पिरामल फाउंडेशन से विनय सिंह, तथा जिला परिषद के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सिकल सेल एनीमिया दिवस पर संवेदीकरण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

### धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत चल रहे शिविरों की प्रगति पर हुई चर्चा

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** सिकल सेल एनीमिया दिवस के अवसर पर पंचायत समिति सरमथुरा में गुरूवार को एक संवेदीकरण सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सिकल सेल एनीमिया जैसी गंभीर बीमारी के बारे में जनसामान्य को जागरूक करना और इसकी समय पर पहचान एवं उपचार के लिए प्रेरित करना रहा। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ ने जानकारी दी कि धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत जिले के 44 जनजातीय गांवों में सिकल सेल स्क्रीनिंग एवं जागरूकता शिविर चलाए जा रहे हैं। उन्होंने इन शिविरों की अब तक की प्रगति पर विस्तृत चर्चा करते हुए जनप्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों से इस अभियान को सफल बनाने हेतु सक्रिय सहभागिता की अपील की। यह कार्यक्रम न केवल स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रही, बल्कि यह जनजातीय समुदाय में स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने की दिशा में भी एक सार्थक प्रयास सिद्ध हुआ। ब्लॉक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सरमथुरा ने सिकल सेल एनीमिया के कारण, लक्षण, जांच प्रक्रिया और उपचार के बारे में आमजन की भाषा में विस्तारपूर्वक जानकारी साझा की, जिससे उपस्थित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं समुदाय के लोग सहज रूप से इसे समझ सके। कार्यक्रम में विधायक बसेड़ी संजय जाटव, ग्राम विकास अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, बीपीएम, सीबीईओ राजीविका आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी, एवं पंचायत समिति के अधिकारी व कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे।




# अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम परशुराम धर्मशाला में होगा आयोजित

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार 11 वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम 21 जून को परशुराम धर्मशाला मचकुण्ड रोड़ धौलपुर में आयोजित किया जायेगा। साथ ही जिले की समस्त ग्राम पंचायतों के साथ सभी उपखण्ड मुख्यालयों पर योग दिवस कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम मचकुण्ड के स्थान पर परशुराम धर्मशाला मचकुण्ड रोड़ धौलपुर में 21 जून को प्रातः 6 बजे से आयोजित किया जायेगा। आयुष मन्त्रालय भारत सरकार के योग संगम पोर्टल के साथ ही राज्य सरकार के आयुष विभाग ने योग पोर्टल विकसित किया है। इस पर सभी ग्राम पंचायत और जिला स्तर के नोडल अधिकारी अपने योग स्थल का ऑनलाइन पंजीयन कर योग दिवस पर अभ्यासियों की संख्या व फोटो अपलोड करेंगे। जिला कलक्टर ने आमजन से अपील की है कि अपने स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुये योग दिवस पर अधिकाधिक संख्या में अपने नजदीक के कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होकर योगाभ्यास करें। आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक एवं नोडल अधिकारी डॉ. मनोज शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार के आयुष विभाग की ओर से एसएसओ आईडी द्वारा इंटरनेशनल योगा डे नामक एप विकसित किया है। इस पर राजकीय संस्थानों के नोडल अधिकारियों द्वारा राज्य के सभी योग स्थल का पंजीकरण कर 21 जून को योग सत्र की समाप्ति के बाद प्रतिभागियों की संख्या एवं फोटो/वीडियो अपलोड करनी है। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम के साथ-साथ ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। विभाग द्वारा संचालित सभी चिकित्सालय, औषधालय एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में भी योग दिवस कार्यक्रम आयोजित होंगे। योग दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम में माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उदबोधन का लाइव प्रसारण एलईडी के माध्यम से 21 जून को प्रातः 6.30 बजे से किया जायेगा।

# निर्वाचन आयोग ने मतदाता फोटो पहचान पत्र वितरण की प्रक्रिया को तेज किया

### मतदाताओं को 15 दिनों के भीतर मिलेगा मतदाता फोटो पहचान पत्र, मतदाता सूची में अद्यतन के बाद

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** मतदाता फोटो पहचान पत्र को तेजी से मतदाताओं तक पहुंचाने के उद्देश्य से, भारत निर्वाचन आयोग ने एक नई मानक संचालन प्रक्रिया शुरू की है, जिसके अंतर्गत मतदाता सूची में किसी भी प्रकार के अद्यतन - चाहे वह नए मतदाता का नामांकन हो या पहले से पंजीकृत मतदाता के विवरण में कोई परिवर्तन के 15 दिनों के भीतर मतदाता फोटो पहचान पत्र वितरित किया जाएगा। यह पहल मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार तथा निर्वाचन आयुक्तगण डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी द्वारा मतदाताओं की सुविधा के लिए शुरू किए गए विभिन्न उपायों के अनुरूप है। नई प्रणाली के अंतर्गत मतदाता फोटो पहचान पत्र बनाने की प्रक्रिया से लेकर उसके भारत डाक विभाग के माध्यम से मतदाता तक वितरण होने तक के हर चरण की वास्तविक समय (रीयल टाइम) में निगरानी सुनिश्चित की जाएगी। इसके अतिरिक्त, मतदाताओं को प्रत्येक चरण की स्थिति की जानकारी एसएमएस के माध्यम से दी जाएगी, जिससे वे अपने मतदाता फोटो पहचान पत्र की स्थिति से अवगत रह सकें। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने हाल ही में लॉन्च किए गए ईसीआईनेट प्लेटफॉर्म पर एक समर्पित आईटी मॉड्यूल प्रस्तुत किया है। यह नया आईटी प्लेटफॉर्म मौजूदा प्रक्रिया को पुनः संरचित करके कार्यप्रवाह को सुव्यवस्थित करेगा और पूर्ववर्ती प्रणाली का स्थान लेगा। भारत डाक विभाग के एप्लीकेशन प्रोग्राम इंटरफेस को ईसीआईनेट से एकीकृत किया जाएगा, जिससे मतदाता फोटो पहचान पत्र का निर्बाध वितरण सुनिश्चित हो सके। इस पहल का उद्देश्य सेवा वितरण को बेहतर बनाना है, साथ ही डेटा सुरक्षा को भी बनाए रखना है। निर्वाचन आयोग के लिए सभी मतदाताओं को त्वरित और कुशल निर्वाचन सेवाएं प्रदान करना एक प्रमुख प्राथमिकता क्षेत्र है। यह उल्लेखनीय है कि पिछले चार महीनों में आयोग ने मतदाताओं और अन्य हितधारकों के लाभ के लिए कई पहलें की हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने इस संबंध मे समस्त जिला निर्वाचन अधिकारियों से वीसी द्वारा बैठक कर अनुपालना सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया।

## वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत जल संसाधन विभाग द्वारा 500 से अधिक पौधों का रोपण



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** जल संसाधन विभाग द्वारा जिले में वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के अन्तर्गत विभिन्न जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण गतिविधियों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। जल संसाधन खण्ड द्वितीय द्वारा ग्राम विश्नौदा में कालीतीर क्षेत्र की आवंटित भूमि पर लगभग 100 पौधे लगाए गए। इसी क्रम में जल संसाधन लिफ्ट खण्ड, धौलपुर द्वारा सागरपाड़ा कैंपस में शुक्रवार को 400 पौधों का रोपण किया गया। इन गतिविधियों में विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्थानीय नागरिकों की सक्रिय भागीदारी रही। वृक्षारोपण के ये प्रयास जलवायु संतुलन एवं भूजल संरक्षण की दृष्टि से महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत जिले में जनसहभागिता को प्रोत्साहित करते हुए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम, संवाद, स्वच्छता गतिविधियाँ एवं सामूहिक सहभागिता आधारित आयोजन हुए। जल संसाधनों के सतत संरक्षण और संवर्धन की दिशा में यह अभियान जिले में एक सकारात्मक एवं प्रभावी पहल सिद्ध हुआ है। इस दौरान अधीक्षण अभियन्ता सुरेश चन्द मीणा, अधिशाषी अभियन्ता बिज्जेलाल शर्मा सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड सरदारशहर**

क्रमांक- 678 दिनांक 12/06/2025

**ई-निविदा सूचना सं. 08/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से सरदारशहर खण्ड के अन्तर्गत सड़क कार्य हेतु कुल 06 कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संचार विभाग / रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों के समकक्ष हों, से निर्धारित प्रपत्र मरम्मत एवं कम्प्यूटर जॉब निर्माण विभाग राजस्थान में संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के में ई- टेन्डिरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन-लाईन ई-निविदाऐं आमन्त्रित की जाती है । आर. पी. डब्ल्यू.ए.- 100 की शर्त लागू होगी। ई-निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट dipr.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट eproc.rajasthan.gov.in तथा sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। SPPP पर अपलोड NIB No. PWD2526A1330 के UBN No. निम्न प्रकार है -

| Sn | UBN No. | Sn | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | PWD2526WSOB04676 | 2 | PWD2526WSOB04677 |
| 3 | PWD2526WSOB04681 | 4 | PWD2526WSOB04686 |
| 5 | PWD2526WSOB04695 | 6 | PWD2526SSOB04699 |

DIPR/C/8226/2025

( राजेन्द्र कुमार सैनी)
अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि.वि. खण्ड सरदारशहर


## ग्रीन स्वराज सम्मेलन कल, तैयारियां पूरी

**चूरू(निस)।** पीपल्स ग्रीन पार्टी की ओर से 22 जून को ग्रीन स्वराज सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता राजेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि चूरू के आसेरी गेस्ट हाउस में रविवार को प्रातः दस बजे आयोजित होने वाले ग्रीन स्वराज सम्मेलन की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। शेखावत ने बताया कि पीपल्स ग्रीन पार्टी का ग्रीन स्वराज सम्मेलन प्रदेश स्तर पर आयोजित किया गया है और सम्मेलन में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुधांशु बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। जबकि प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सैनी अध्यक्षता करेंगे।


**कार्यालय पंचायत समिति पाटन (सीकर)**

क्रमांक- पंसपा/निविदा/2025 / 485-86 दिनांक- 19-6-25

**ई - निविदा सूचना संख्या 12 / 2025 - 26**

पंचायत समिति पाटन की प्रत्येक ग्राम पंचायत कार्यालय एवं राजीव गांधी सेवा केन्द्रो/परिसंपतियों की सुरक्षा हेतु रजिस्टर्ड सुरक्षा सेवा प्रदाता एजेन्सियों से जॉब आउट सोर्सिंग बेसिस पर सुरक्षा श्रमिक लिये जाने हेतु ई-निविदा प्रक्रिया द्वारा दर प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते है। निविदाओं का विस्तृत विवरण www. sppp. rajasthan.gov.in & www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

अनुमानित लागतः 30.00 लाख
यूबीएन नं. PKP2526SLRC00089

प्रधान
पंचायत समिति पाटन

विकास अधिकारी
पंचायत समिति पाटन



**कार्यालय नगरपालिका मण्डल राजलदेसर जिला चूरू (राज.)**

Email-raj.churu.bika@gmail.com Phone number 01567-291504
क्रमांक- न.पा.रा./2025-26/240 7 दिनांक- 20/06/25

**आपत्ति विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि को गैर कृषि प्रयोजन उपयोग के लिए उपयोग की अनुज्ञा और आंवटन) नियम 2012 के तहत कृषि भूमि रूपान्तरण उपरान्त कृषि भूमि के पट्टे के तहत स्वामित्व पट्टे आवंटन व नीचे वर्णित भूमि मे अपने अधिकार राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा 69 के के तहत आवासीय प्रयोजन हेतु पत्रावलीया प्राप्त हुई है। उक्त वर्णित पत्रावलीयो के पट्टे के आवंटन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय दस्तावेजो के अन्दर मियाद 7 दिवस में इस कार्यालय मे प्रस्तुत करे। अन्यथा बाद गुजर मियाद प्रस्तुत आपत्तियो पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।

| क्र.सं | नाम आवेदनकर्ता | पता | क्षेत्रफल | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|
| 01 | श्री गोपाल कडेल पुत्र स्व. श्री मोहनलाल कडेल | वार्ड न. 09 राजलदेसर | 123.26 वर्गमीटर | 69 क |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका राजलदेसर



**KRISHI VIGYAN KENDRA-KOTPUTLI, JAIPUR**
DIRECTORATE OF EXTENSION EDUCATION
SRI KARAN NARENDRA AGRICULTURE UNIVERSITY, JOBNER
Email : pc.kvk.gonera@sknau.ac.in

No. :- KVK/KTP/2025/ Date :- 18/06/2025

**खुली निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि केन्द्र के फार्म पर खरीफ 2025 में लगभग 6.0 हैक्टेयर तथा रबी 2025–26 में लगभग 25.0 हैक्टेयर के लिए हिस्सा आधारित खेती के लिए खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है। कार्यालय सुचना पट्ट तथा वेबसाइट **www.sknau.ac.in** एवं **sppp.rajasthan.gov.in** पर देखी जा सकती है।

**NIB Code : SKN2526A0106, UBN is : SKN2526WSOB00108**

राज.संवाद/सी/25/4643 वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष



**नाम परिवर्तन**

मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरे पिता का नाम भूलवंश शंभू लाल लिखा गया है वो गलत है जबकि बाकी सभी डॉक्यूमेंट में रमेश पुत्र शंभू राम दर्ज है भविष्य में मुझे रमेश पुत्र शंभू राम दुंकर रोड़ चालिया बास वार्ड नं 15 बीदासर ,तहसील बीदासर जिला चूरू (राजस्थान) नाम से जाना पहचाना जावें। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी मेरी होगी।



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DN RATANGARH**

No:-484-493 Date :-04.06.2025

**Notice Inviting Bid No 06/2025-26**

Annual Rate Contract Bids for 4 (Four) Nos Road Repair work are invited from interested bidders upto 06.00 PM dated 23.06.2025 other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http:// eproc. rajasthan. gov.in/ http:// sppp.raj.nic.in) of the state and PWD departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 180.00 Lacs

NIB NO PWD2526 A1100
1. UBN NO: 1. PWD2526WSOB03673
2. PWD2526WSOB03674
3. PWD2526WSOB03675
4. PWD2526WSOB03676

DIPR/C/7859/2025

Executive Engineer
PWD Dn. Ratangarh



**Office of the Additional Chief Engineer (Project) PHED, Churu**
E-mail-ace.chu.phed@rajasthan.gov.in

No. Date:-

**Corrigendum NO. 01For this office NIT NO. 02/2025-26**

Corrigendum No. 01 for this office NIT NO. 02/ 2025-26 (UBN is: PHE2526WLOE02910 & Tender ID: 2025_PHCJ_474188_1 may be visited on the procurement portal http:// eproc. rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in.
SAVE WATER-SAVE LIFE

DIPR/C/7870/2025

(Rammurti)
Add. Chief Engineer (P)
PHED, Project Region Churu



**कार्यालय ग्राम पंचायत हसामपुर**
पं. स पाटन जिला सीकर

क्रमांक-ग्राप /टेंडर/2025-26/37-38 दिनांक- 18/6/2025

**ई-निविदा / खुली बोली सुचना / 2025-26**

ग्राम पंचायत के अधीनस्थ ग्रामो में वितीय वर्ष 2025-26 में घर घर कचरा एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं प्रथक्करण, गाँवो की सड़क एवं नाली सफाई कार्य की सेवाओ हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 व ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग ( अनुभाग-5) की गुइदेलिने अनुसार इच्छुक बोलीदाता / संवेदक / फर्म जो की वास्तु एवं सेवाकर (GST) अधिनियम के तहत पंजीकृत हो ,से दिनांक 28.06.2025 सांय 6.00बे तक खुली बोली / ई नीद आमंत्रित कि जाती है । निविदा की विस्तृत सूचनाये एवं शर्ते वेबसाइट https://eproc.rajasthan.gov.in & https://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN NO. ( PKP2526SSRC00086)

प्रशासक
ग्राम पंचायत हसामपुर
पं.स. पाटन (सीकर) राज.

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत हसामपुर
पं.स. पाटन (सीकर) राज.



**कार्यालय ग्रा. प. हसामपुर**
प.स. पाटन (नीमकाथाना)

Sr No- ग्रा-पं/टैण्डर/2025-26/39 दिनांक- 18/06/2025

**Notice Inviting Bid**

Bid for Rate contract of material Procurement in Varies Construction works under mgnasega and other Schemes for Fy 2025-26 are invited from intersted bidders till date 01/07/2025. other particuless of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in & http:// eproc.raj.nic.in) of the state the approximate Value of the procurement is Rs- 30.00 Lakh

UBN NO. PKP2526GLRC 00087

प्रशासक
ग्राम पंचायत हसामपुर
पं.स. पाटन (सीकर) राज.

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत हसामपुर
पं.स. पाटन (सीकर) राज.



**कार्यालय नगरपालिका मण्डल तारानगर (चूरू) राजस्थान**

क्रमांक- न.पा.ता/ 2024-25 / 2023 दिनांक- 20/6/25

**आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि नगरपालिका क्षेत्र तारानगर के निम्नांकित भूखण्ड धारियो ने पट्टा नामान्तरण हेतु पत्रावलिया जमा करवायी गयी है अतः जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो, इस आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस मे सप्रमाण आपति इस कार्यालय मे प्रस्तुत करें 7 बाद अवधि प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा ।

| क्र.स. | आवेदक का नाम व पिता का नाम | वार्ड नं. | ऑनलाईन आवेदन | आवेदन सं. | कुल तादादी (वर्गमीटर) | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जयपा राम कुलहरि पुत्र सांवता राम | 16 | 136081 | 239 | 400.00 | पट्टा नामान्तरण |
| 2. | रविन्द्र कुमार लाटा पुत्र शंकर लाल | 16 | 1364917 | 240 | 200.00 | पट्टा नामान्तरण |
| 3. | शांति देवी पत्नी ओमप्रकाश, अरूण सिहाग व अजय कुमार सिहाग पुत्रान ओमप्रकाश सिहाग | 14 | 136541 | 241 | 99.25 | पट्टा नामान्तरण |
| 4. | दलीप कुमार पुत्र ओमप्रकाश | 07 | 136572 | 242 | 194.44 | पट्टा नामान्तरण |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका तारानगर

## गोयल बने मण्डावा नगर पालिका ईओ



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** राजस्थान में इन दिनों प्रशासनिक अधिकारियों के तबादलों का दौर चल रहा है। इसी बीच मण्डावा नगर पालिका ईओ प्रमोद जांगिड के पास मण्डावा का अतिरिक्त चार्ज था, अब वे बगड़ के ही ईओ रहेगें। उनके स्थान पर जेकीराम गोयल ने पदभार ग्रहण किया है। गोयल इससे पहले मण्डावा में लिपिक के पद पर थे। गोयल ने कहा कि मण्डावा एक पर्यटन नगरी है और ऐसे में यहां की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। गोयल ने कहा कि उन्होंने देखा है कि यहां आवारा पशु खासतौर पर गोवंश और श्वान शहर की गली-मोहल्ले में घूमते हैं जिससे दुर्घटनाओं की हमेशा आशंका बनी रहती है। ऐसे में इनसे निजात के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे और मण्डावा को स्वच्छ और आवारा पशुओं से मुक्त करवाया जाएगा। पद ग्रहण कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष मो0 इब्राहिम, पार्षद हरिराम चेजारा, पार्षद संदीप परिहार, पूर्व पालिकाध्यक्ष राधेश्याम सैनी, सेठ शिवचरण गाड़ोदिया,दीपक खाण्डल, संजय धुंधरवाल, सीताराम राकसिया, महेश जोशी, राजकुमार कुमावत, प्रवीण नायक, मोहनलाल सैनी , बाबूलाल सैनी, सलामुदिदन लीलगर, संदीप सैनी ने गोयल को माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## ग्राम पंचायत मेई में पौधारोपण व जल संरक्षण का संकल्प




जयपुर टाइम्स

**दांतारामगढ़(निस)।** मेई ग्राम पंचायत में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण व पर्यावरण सरंक्षण को लेकर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने वर्षा जल के संरक्षण और पर्यावरण को संरक्षित रखने हेतु पौधरोपण का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच प्रेम देवी परसवाल ने ग्रामीणों को वर्षा जल संचयन के लाभ बताते हुए कहा कि जल का संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने व उनकी देखभाल का आह्वान किया। इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी वीरेंद्र कुमार मीणा ने जल स्रोतों की स्वच्छता पर जोर देते हुए ग्रामीणों को जल बचाने के विविध उपायों की जानकारी दी। इस मौके पर कनिष्ठ सहायक भंवर सिंह शेखावत, मंगल चंद रूलानिया, सुगन सिंह शेखावत, हुकमाराम बड़केश्या सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे और सभी ने अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जुगलपुरा में होगा योग कार्यक्रम

जयपुर टाइम्स

**कांवट(निस )।** 11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस शनिवार को प्रातः 7 बजे से निश्चित प्रोटोकॉल के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जुगलपुरा में (पंचायत स्तरीय ) मनाया जाएगा। सभी संभागियो को 6.30 बजे विद्यालय में अपनी उपस्थिति देने सुनिश्चिता की गई। शारीरिक शिक्षक हरिप्रसाद कुमावत ने बताया कि इस अवसर पर निजी व सरकारी स्कूल, कॉलेज, कोचिंग संस्थान के छात्र छात्राएं, अभिभावक, शिक्षक शिक्षिकाएं, एस एम सी एवं एस डी एम सी के सदस्य, भामाशाह, वर्तमान एवं पूर्व जन प्रतिनिधि, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, साक्षरता प्रेरक, विभिन्न विभागों के अधिकारी, कार्मिक, सामाजिक कार्यकर्ता, समस्त पत्रकारों वं ग्रामीण उक्त दिवस को 6.30 बजे आयोजन स्थल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जुगलपुरा के प्रांगण में उपस्थित होकर योग कार्यक्रम में योग करेंगे।

## दिव्यांगजनों के लिए विशेष शिविर, पाटन की 22 ग्राम पंचायतों को मिलेगा लाभ

जयपुर टाइम्स

**पाटन(निंस.)।** पाटन पंचायत समिति सभागार में दिव्यांगजनों के लिए एक विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर दो चरणों में 24 जून और 30 जून को प्रातः 9.30 बजे से सायं 5.00 बजे तक आयोजित होगा। पंचायत समिति की विकास अधिकारी शशि बाला ने बताया कि इस शिविर का लाभ पाटन क्षेत्र की सभी 22 ग्राम पंचायतों के दिव्यांगजन उठा सकेंगे। शिविर में उन्हें आवश्यक सहायक उपकरण जैसे ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, स्मार्ट केन और हियरिंग एड प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। शिविर में मेडिकल विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सक भी उपस्थित रहेंगे, जो दिव्यांगजनों की जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय सलाह प्रदान करेंगे। यह पहल दिव्यांगजनों को अधिक स्वावलंबी और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## भाजपा प्रवक्ता कृष्ण कुमार जानू को अनुशासन समिति का नोटिस

जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश अनुशासन समिति ने झुंझुनू के भाजपा नेता व पार्टी प्रवक्ता कृष्ण कुमार जानू को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस में कहा गया है कि जानू ने समय-समय पर पार्टी की रीति- नीति और निर्णयों के खिलाफ सार्वजनिक रूप से टिप्पणियां की हैं, जो पार्टीअनुशासन के खिलाफ है। विशेष रूप से उन्होंने हाल ही में नियुक्त की गई झुंझुनू जिला अध्यक्ष हर्षिनी कुलहरी के संबंध में सार्वजनिक टिप्पणी की थी। यह कार्य पार्टी संविधान के अनुसार अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। प्रदेश अनुशासन समिति के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत की ओर से जारी नोटिस में कहा गया है कि जानू सात दिनों के भीतर अपना लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें।

### तीन साल में 16 हादसों में 10 लोग गंवा चुके हैं जान

# हादसों का गढ़ बना श्रीमाधोपुर-अजीतगढ़ सड़क मार्ग, बन रहा जानलेवा

## आवागमन बढ़ने से मार्ग खस्ताहाल, विभाग नहीं ले रहा सुध

जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़(निस)।** अजीतगढ़ से श्रीमाधोपुर जाने वाला स्टेट हाईवे नंबर 37 सड़क मार्ग हादसा का केंद्र बिंदु बनता जा रहा है जिस कारण इस सड़क मार्ग पर पिछले कई सालों से आवागमन का भारी लोड हो जाने के कारण कई घरों के चिराग बुझ चुके हैं तो कई घरों के चिराग विकलांग हो चुके हैं। इस सड़क मार्ग पर एक दर्जन से ज्यादा खतरनाक घुमाव है और उनके साइड में गहरे गड्ढे पड़े हुए हैं, जिसके कारण दुर्घटनाएं घटती रहती है लेकिन फिर भी प्रशासन व सार्वजनिक निर्माण विभाग इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहा है, इससे लोगों में भारी रोष व्याप्त है। जानकारी के अनुसार इस सड़क मार्ग पर पिछले कई सालों से वाहनों का भारी लोड बढ़ता जा रहा है क्योंकि रोजाना हजारों की संख्या में खाटूश्याम जी जाने वाले बाहरी राज्यों क्रमश दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश समेत समेत कई राज्यों व जिलों के श्री श्याम श्रद्धालु खाटू श्याम जी व सालासर हनुमान जी के दर्शन करने अपने वाहनों से जाते हैं, इसके चलते शनिवार, रविवार व सोमवार को हजारों वाहनों की रेलमपेल लगी रहती है और कई घंटे आवागमन भी जाम बना रहता है। दिवराला सरपंच रामावतार लाठा, दिवराला निवासी ओमपाल सिंह, जय सिंह, चक्रवर्ती यादव, सुशील दिवराला, भरत यादव,अरुण शर्मा, सुरेंद्र डागर, गोपाल लाल, बोदूराम बुनकर समेत कई लोगों ने बताया कि लंबी दूरी से खाटू श्याम जी जाने वाले बाहरी श्रद्धालु अपने वाहनों के जरिए सैकड़ो किलोमीटर दूर से यात्रा करते हुए आते हैं और कई चालकों को नींद की झपकी आजाने के कारण ये हादसे हो रहे हैं कई बार सार्वजनिक निर्माण विभाग, जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन को अवगत कराने के बाद भी कोई स्थाई समाधान नहीं हो रहा है। इन ग्रामीणों ने बताया कि कई बार दिवराला ग्राम पंचायत के पास खतरनाक घुमाव को कम करने की मांग को लेकर प्रदर्शन भी कर चुके हैं लेकिन फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है पिछले दिनों इसी संबंध में नीमकाथाना सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता व श्रीमाधोपुर के कनिष्ठ अभियंता समेत अजीतगढ़ पंचायत समिति के प्रधान भी मौका स्थल पर आ चुके हैं लेकिन सार्वजनिक निर्माण विभाग ने इसका अभी तक भी कोई स्थाई समाधान नहीं किया जिस कारण लोगों में भारी रोष व्याप्त है।



### *एक दर्जन से ज्यादा खतरनाक घुमाव है हादसों का कारण*

*ग्रामीणों ने बताया कि इस सड़क मार्ग पर एक दर्जन से ज्यादा खतरनाक घुमाव होने के कारण इन्हीं के कारण के हादसे हो रहे हैं ग्रामीणों का कहना है कि दिवराला के ग्राम पंचायत भवन के पास खतरनाक घुमाव होने व सड़क मार्ग के दोनों तरफ गहरे गड्ढे होने के कारण यह स्थान दुर्घटना का केंद्र बिंदु बढ़ता जा रहा है जानकारी के अनुसार इस सड़क मार्ग पर अजीतगढ़ के दिवराला तिराया के आगे, भेरुजी महाराज के मंदिर के आगे, दिवराला ग्राम पंचायत के पास, डुगजी वाली स्कूल के पास, लिसाडिया बस स्टैंड के पास, पट्टी बस स्टैंड, बागरियावास, नाथूसर एवं मऊ बस स्टैंड के आगे समेत कई खतरनाक घुमाव बने हुई हैं जिस कारण इन घुमावो में आगे से आने वाली गाड़ी चालक को दिखाई नहीं देती है व लापरवाही के कारण दुर्घटना हो जाती है जिस कारण कई घरों के चिराग इन दुर्घटनाओं के कारण मौत के मुंह में जा चुके हैं तो कई विकलांग हो चुके हैं।*

### पिछले तीन सालों के अजीतगढ़ पुलिस के दुर्घटना के आंकड़े

पुलिस ने बताया कि 2023 में दुर्घटनाएं हुई जिसमें एक जने की मौत व तीन जने घायल हुए, 2024 में यह आंकड़ा बढ़कर 6 दुर्घटनाएं हुई जिनमें से दो जनों की मौत हो गई व 6 गंभीर घायल हुए साथ ही 2025 मई माह तक कुल 6 दुर्घटना हुई जिनमें सात जनों की मौत हो गई व दो जने गंभीर घायल हो गए जिस कारण इन तीन सालों में पुलिस के आंकड़े के अनुसार 16 दुर्घटनाएं हुई जिनमे 10 जनों की मौत हो गई व 11 जने घायल हो गए। सूत्रों से पता चला है कि इस सड़क मार्ग पर रोजाना दुर्घटनाएं होती रहती हैं जिस कारण कई लोग दुर्घटना में घायल हो जाते हैं तो वे अपना उपचार अस्पताल में करा कर सीधे ही चले जाते हैं एवं पुलिस को सूचना नहीं देते हैं जिस कारण यह आंकड़ा बढ़ा हुआ है। साथ ही यह आंकड़ा अजीतगढ़ थाना क्षेत्र के अजीतगढ़ के दिवराला तिराया से लेकर अणतपुर मोड तक का है। जबकि श्रीमाधोपुर थाना क्षेत्र अणतपुरा मोड़ से आगे से शुरू होता है उसके संभावित आंकड़े पिछले तीन सालों में इससे ज्यादा बताए जा रहे हैं। अजीतगढ़ थाना अधिकारी मुकेश कुमार सेपट का कहना है कि वास्तव में पिछले दो-तीन सालों से इस सड़क मार्ग पर खाटू श्याम जी जाने वाले बाहरी श्रद्धालुओं के कारण हजारों वाहनों का लोड हो गया जिस कारण रोजाना दुर्घटनाएं होती रहती हैं जिस कारण अजीतगढ़ पुलिस ने पुलिस अधीक्षक सीकर एवं उप पुलिस अधीक्षक अजीतगढ़ को लिखित में भेजकर बताया गया है कि दिवराला की ग्राम पंचायत से लेकर डुगजी वाली स्कूल तक काफी खतरनाक घुमाव है, साथ ही इस सड़क मार्ग पर खाटू श्याम जी जाने वाले बाहरी श्रद्धालुओं के वाहनों की भारी भीड़भाड़ रहती है जिस कारण दुर्घटनाओं का ग्राफ बढ़ रहा है जिस कारण दिवराला ग्राम पंचायत से लेकर डुगजीवाली स्कूल तक के सड़क मार्ग को ब्लैक स्पॉट बनाया जावे ताकि दुर्घटना में कमी आ सके। इस संबंध में सार्वजनिक निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता विशाल चौधरी का कहना है कि दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए दिवराला के राधा कृष्ण मंदिर से लेकर ग्राम पंचायत कार्यालय के आगे तक 400 मीटर दूरी तक 4 लाइन सड़क बनाने का प्रस्ताव उच्च अधिकारियों को भेजा है। उनका कहना है कि अस्थाई व्यवस्था करने व दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए इस सड़क मार्ग पर केताई लगाई गई है एवं तेज घुमाव के संकेतक भी लगाए गए हैं यह केताई रात को वाहनों के तेज प्रकाश से चमकता है और उनका यह खतरनाक घुमाओ वंद्य आगे का वहां दिखाई देता है। वास्तव में पिछले साल से दुर्घटनाओं में भारी बढ़ोतरी हुई।

### शिक्षकों के लिए पेश की अनुकरणीय नजीर

## राजकीय विद्यालय के प्रधानाचार्य ने प्रतिभावान छात्राओं को कराई हवाई यात्रा

### डूंगा की नांगल की मेधावी छात्राओं ने इंडिगो से भरी उड़ान



जयपुर टाइम्स

**नीमकाथाना/पाटन (निंस)।** राजकीय विद्यालयों में जहां प्रभावी शिक्षण नहीं होने का हवाला देकर निजी विद्यालयों की ओर रुख करने वाले अभिभावकों के लिए नसीहत भरी ख़बर है। राजकीय विद्यालय के प्रधानाचार्य ने एक उल्लेखनीय नजीर पेश की है जिसमें उन्होंने उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने वाली छात्राओं को किए गए वादे के अनुसार हवाई सैर करा दी। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डूंगा की नांगल ने शैक्षणिक उत्कृष्टता के क्षेत्र में एक अनूठी पहल करते हुए अपने वादे को साकार किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य छगनलाल मीणा की ओर से जुलाई 2024 में यह घोषणा की गई थी कि कक्षा 10 और 12 में 90% से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को वायुयान से शैक्षणिक भ्रमण यात्रा करवाई जाएगी। इस सराहनीय पहल का परिणाम 17 जून को देखने को मिला, जब विद्यालय की दो होनहार छात्राएँ- सर्वेश पुत्री मालाराम तंवर (95%) निवासी सोहनपुरा व मोना पुत्री सीताराम गुर्जर (93%) निवासी बोसेरा-को जयपुर से दिल्ली तक इंडिगो फ्लाइट से यात्रा करवाई गई। यात्रा के पहले दिन जयपुर स्थित हवा महल, जंतर मंतर, सिटी पैलेस व मौज महल का भ्रमण करवाया गया। दूसरे दिन दिल्ली में इंडिया गेट, लाल किला, अंबेडकर भवन, अक्षरधाम मंदिर तथा सिग्नेचर ब्रिज जैसे प्रमुख स्थलों की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक सैर करवाई गई। छात्राओं ने बताया कि यह यात्रा उनके जीवन का अविस्मरणीय अनुभव रही और उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली। यह पहल न केवल इन छात्राओं के लिए गर्व का क्षण थी, बल्कि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी एक प्रेरणा बनी है कि कठिन परिश्रम से सपनों को साकार किया जा सकता है। प्रधानाचार्य छगनलाल मीणा का यह प्रयास शिक्षा को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक मिसाल बन गया है, जिससे ग्रामीण परिवेश के विद्यार्थियों में भी आत्मविश्वास और उत्साह की नई लहर दौड़ पड़ी है।

## आरयूआईडीपी के वीमेन इंटर्नशिप प्रोग्राम के ऑनलाइन इंडक्शन में दिखाई छात्रों ने रूचि




जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना (आरयूआईडीपी) ने अपने फ्लैगशिप कार्यक्रम वीमेन इंटर्नशिप प्रोग्राम" में इंटर्नशिप कर रही इंजीनियरिंग छात्राओं के लिए ऑनलाइन इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया। परियाजना निदेशक पीयूष सामरिया की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में जयपुर सहित 15 से अधिक परियोजना शहरों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़ी 200 से अधिक इंटर्न्स ने भाग लिया। पीयूष सामरिया ने इंटर्न्स को सम्बोधित करते हुए कहा कि वीमेन इंटर्नशिप प्रोग्राम आरयूआईडीपी की एक ऐतिहासिक पहल है जिसे एशियाई विकास बैंक की ओर से फंडेड प्रोजेक्ट्स में विशिष्ट दर्जा हासिल है। उन्होंने कहा कि इस इंटर्नशिप से इंजीनियरिंग छात्राओं को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उच्च टेक्निकल स्टैंडर्ड्स और गुणवत्ता के लिए अपनी पहचान रखने वाली शहरी परियोजना आरयूआईडीपी में कार्य करने और इसे समझने को अवसर मिलेगा। सामरिया ने इंटर्न्स से आग्रह किया कि वे इस अवसर का लाभ उठायें, जिज्ञासा करें, सवाल पूछें और अधिक से अधिक सीखें। अतिरिक्त परियोजना निदेशक-द्वितीय डॉ हेमंत कुमार शर्मा ने वीमेन इंटर्नशिप प्रोग्राम को प्रोजेक्ट का फ्लैगशिप कार्यक्रम बताया जिसे एडीबी की ओर से सराहा गया है। इसका उद्देश्य अर्बन सेक्टर में महिला इंजीनियर्स की भागीदारी बढ़ाना है। वित्तीय सलाहकार जिज्ञासा गौड़ ने वीमेन इंटर्नशिप को महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक कदम बताया और कहा कि कैप टीम ने इसे सफल बनाने के लिए सराहनीय कार्य किया है। प्रोजेक्ट अफसर शिव रतन पारीक ने कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सभी का धन्यवाद किया और इंटर्न्स से पूरी लगन और मेहनत से इंटर्नशिप करने को कहा। कार्यक्रम में पूर्व इंटर्न्स ने भी परियोजना में इंटर्नशिप के दौरान हुए अपने अनुभव साझा किए। कैप टीम लीडर श्री बाबूलाल शर्मा ने कार्यक्रम में वीमेन इंटर्नशिप प्रोग्राम की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। ट्रेनिंग एक्सपर्ट राकेश नाथ तिवारी ने 6 हफ्ते की इंटर्नशिप की रूप रेखा की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में अतिरिक्त परियोजना निदेशक-प्रथम डी. के. मीना, अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता के. के. नाटाणी, उप परियोजना निदेशक (प्रशासन व तकनीकी) कपिल गुप्ता, परियोजना क्रियान्वयन इकाई (पीआईयू) से अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंताओं व सलाहकारी फर्मो के अधिकारियों ने सहभागिता निभाई। गौरतलब है कि आरयूआईडीपी चतुर्थ चरण में जेंडर एक्शन प्लान के अंतर्गत वीमेन इंटर्नशिप प्रोग्राम का संचालन किया जा रहा है जिसके तहत एक हज़ार इंजीनियरिंग और प्रोजेक्ट सम्बन्धी विषयों में अध्ययनरत छात्राओं को इंटर्नशिप दी जाएगी। इंटर्नशिप सफलता पूर्वक पूर्ण करने पर 24 हज़ार रुपये मानदेय और प्रमाणपत्र दिया जाता है।

# सर्व समाज की प्रतिभाओं को किया सम्मानित

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** जनहित एकता समिति ने नुआ पंचायत की 87 सर्वसमाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया है। नुआ गांव में शुक्रवार को ग्राम पंचायत में सर्वसमाज की 87 प्रतिभाओं को मुख्य बाजार नुआ में जनहित एकता समिति की तरफ से सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यातिथि मण्डावा विधायक रीटा चौधरी ने कहा कि गाँव के युवाओं में टैलेंट खूब होता हैं, जरूरत है उनको निखारने की। चौधरी ने कहा कि जीवन के हर मैदान में जीत आपकी है, बस अपने लक्ष्य को निगाह में रखते हुए आगे बढ़ते रहें। प्रतिभा गाँव, समाज व परिवार का गौरव होती हैं, उनका सम्मान करना हमारा धर्म हैं,राष्ट निर्माण में झुंझुनूं के युवाओं की भागीदारी अहम हैं। समारोह की अध्यक्षता करते हुए आयोजक जनहित एकता समिति अध्यक्ष जाकिर झुंझुनुवाला ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए जरूरी हैं कि सर्वसमाज के हर काबिल व्यक्ति की काबिलियत का सम्मान करेंगें तो समाज मे अच्छा माहौल तैयार होगा। शिक्षा के बगैर किसी भी समाज की तरक़्क़ी संभव नही हैं, अगर सूरज की तरह चमकना हैं तो पहले सूरज की तरह जलना होगा। अति विशिष्ट अतिथि मुंडावर विधायक ललित यादव ने कहा की शिक्षा के मार्ग से ही गाँव व समाज की पहचान बनेगी शिक्षा वह चाबी है जिससे हर ताला खुलता है। होनहार विद्यार्थी को सम्मानित करने से उनको प्रेरणा मिलती हैं। प्रतिभाओं का हौसला बढ़ाते रहेंगे तो तैयारी में जुटे हुए अन्य प्रतिभाओं का मनोबल बढ़ेगा। विशिष्ट अतिथि सुजानगढ़ विधायक मनोज् मेघवाल ने कहा कि प्रतिभाएं किसी भी महकमें में जाने के बाद पद की शक्ति को ग़रीब आदमी के जीवन सुधार के लिए समर्पित करते हुए काम करे समाज में ईमानदारी का माहौल तैयार करते हुए भ्रष्टाचार ख़त्म करने का प्रयास करे। विशिष्ट अतिथि निदेशक यूनाइटेड ग्लोबल पीस फ़ाउंडेशन शक्ति सिंह बंदीकुई ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में शेखावाटी के युवाओं की भागीदारी सराहनीय रही हैं। शिक्षा हासिल करने के बाद देश की सीमाओ की रक्षा करने में भी झुनझुनु के युवा हमेशा आगे रहते है। समारोह में नुआ पंचायत के सत्र 2024-2025 की 87 प्रतिभाओं का सम्मान किया। जिनमे दसवीं व सीनियर बोर्ड में अस्सी प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले इक्कावन बच्चों, सरकारी सेवा में जाने वाली तेरह प्रतिभाओं, राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर खेलने वाले दस खिलाड़ियों,आईआईटी, नीट, जेईई, सीजीएल में सफल तीन अभ्यर्थियों व राज्य-राष्ट्रीय स्तर पर पुरुस्कार प्राप्त दो होनहारों, पंचायत के आठ सेवानिवृत्त सरकारी अधिकारियों का मेहमानों ने सम्मान पत्र व माला पहनाकर स्वागत किया। समारोह के विशिष्ट अतिथि आईएएस ज़ाकिर हुसैन, पुलिस उपाधीक्षक इस्माईल खान, प्रिंसिपल निर्मल कालेर प्रिस स्कूल, प्रिंसिपल आनंद जांगिड मन्नीधर स्कूल, महेंद्र रणवा गुरुकृपा स्कूल घोड़ीवाड़ा,ज्योति मित्तल शेखावाटी स्कूल हेतमसर, प्रिंसिपल नरेंद्र शेखावत विवेकानंद स्कूल नुआ, प्रिंसिपल सहीराम डोटासरा,रेलवे स्टेशन मास्टर बीएल बाजिया, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष राहुल जाखड़, अलसीसर सरपंच हारून भाटी सहित सभी अतिथियों ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन आरिफ़ आफू व लोकेश शर्मा ने किया। सभी अतिथियों का दुपटा पहनाकर समाजसेवी गुलजार फ़ोजी ने स्वागत किया। इस अवसर पर कप्तान जंगशेर खां,सूबेदार अनीश खां, बीलाल ख़ान अकाउंटेंट, यूनुस खां मुल्ला, साकिब खान, युवा,ऐड. तैय्यब हुसैन, सूबे.शंकर सिंह पंवार, सूबे करण सिंह, रामचन्द्र पुनिया, मास्टर रणजीत किलानिया, अनीता, मास्टर साजिद धोबी, आरिफ़ किलानिया, मास्टर रफ़ीक भिस्ती, ज़ावेद ख़ान, मास्टर नदीम सेठी, प्राचार्य रियाज़ अहमद, प्राचार्य अब्दुल्ला खान,युवानेता शाहबाज़ बाज़ू, दानिश खान, रियाजत खां, मास्टर लियाक़त खां, नदीम हुसैन, मास्टर रघुवीर पुनिया, कप्तान अबरार खान,कप्तान हयात खान,सूबेदार सज्जाद खां, आरिफा, किशवर बानो,जीनत अहमद, जैस्मिन, नाजमीन, नसीबा सहित सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।



# शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
21 जून, 2025


## पवन करड़वाल बने जिलाध्यक्ष



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** राजस्थान कुम्हार कुमावत महासभा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. आरसी कुमावत के निर्देशानुसार चूरू प्रभारी व प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट दीनदयाल प्रजापत ने बीदासर के पवन करड़वाल को युवा प्रकोष्ठ का चूरू जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। एडवोकेट दीनदयाल प्रजापत ने बताया कि पवन करड़वाल को निर्देशित किया गया है कि वो शीघ्र जिला कार्यकारिणी का गठन करें और नगर अध्यक्षों की नियुक्तियां कर समाज व संगठन की मजबूती के लिए कार्य करें।

## 6 साल से वांछित आरोपी गिरफ्तार



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** करीब 6 सालों से फरार स्थायी वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस थाने के कांस्टेबल वीरेंद्र ने स्थायी वारंटी आरिफ पुत्र मुंशी, निवासी पुलिया चौराहा सुजानगढ़ को गिरफ्तार किया है। बता दें कि पुलिया चौराहा कोतवाली पुलिस थाने से मात्र 100-150 मीटर की दूरी पर ही स्थित है।

## वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान का समापन समारोह आयोजित



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** ग्राम पंचायत दूंकर के खेल मैदान में शुक्रवार को राज्य सरकार के वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान का समापन समारोह प्रधान संतोष मेघवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। एसडीएम अमीलाल यादव ने जल संरक्षण, पौधरोपण, स्वच्छता, हरियालो राजस्थान उपस्थित लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान अधिकारी व जनप्रतिनिधियों ने पौधा रोपण किया। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित ग्राम सभा में 21 जून को योग दिवस मनाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में विकास अधिकारी राजूराम, सहायक अभियन्ता इन्द्रपाल नायक, सरपंच ज़ानू देवी, ग्राम विकास अधिकारी सुरेंद्र सिंह बीदावत, विनोद प्रजापत, मंडल अध्यक्ष राजेश सोनी, पूर्व सरपंच रामनिवास भामू, कुशलनाथ सिद्ध सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पूर्व विधानसभा स्पीकर के जन्मदिन पर मरीजों को फल वितरित



जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़(निस)।** विधानसभा के पूर्व स्पीकर व श्रीमाधोपुर से पूर्व विधायक दीपेंद्र सिंह शेखावत के जन्मदिन पर अजीतगढ़ ब्लॉक के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अजीतगढ़ की श्री कृष्ण गौशाला मे गोवंश को हरा चारा, गुड, दलिया खिलाया इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ता अजीतगढ़ कस्बे के उप जिला अस्पताल में पहुंचकर वार्डो में भर्ती मरीज को फल वितरित किए। इस अवसर पर युवा कांग्रेसी नेता लखन पारीक, रवि आर्य, रमेश कुमार, संदीप, विकास कुमार, मुकेश सेन इमरान, फारूक समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पार श्री कृष्ण गौशाला प्रबंधन ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया। इसके अलावा अजीतगढ़ ब्लॉक के गांवो में शेखावत के जन्मदिन पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए साथ ही दिवराला की गौशाला में युवा कांग्रेसी नेता अरुण शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने गोवंश को हरा ,चारा, गुड , दलिया खिलाया।

## मारोठ में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आज, पोस्टर का विमोचन

जयपुर टाइम्स

**मारोठ(निस)।** कस्बे में हक की बात ग्रुप मारोठ व आमजन के संयुक्त तत्वावधान में युवाओं के सहयोग से गांव मारोठ की श्री दिगंबर जैन विवेक सागर शिक्षण संस्थान पाठशाला में शनिवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। शुक्रवार को भेरूजी मंदिर प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने रक्तदान शिविर पोस्टरो का विमोचन किया। हक की बात ग्रुप एडमिन दीपक पाटनी ने बताया कि ब्लड बैंकों में हो रही रक्त की कमी देखते हुए योग दिवस पर आयोजित शिविर में प्रातः 8 से दोपहर 3 बजे तक राजकीय ब्लड बैंक कुचामन, सी के एस व शांति ब्लड बैंक की टीम की ओर से रक्त संग्रहन का कार्य किया जाएगा। हक की बात अभियान ग्रुप मारोठ के




एडमिन हितेश जैन ने बताया कि शिविर को सफल बनाने के लिए युवा कार्यकर्ता लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित कर रहे हैं और शिविर में सरकारी गाइड लाइन का विशेष ध्यान रखा जाएगा। समाज सेवी आर के माली व गायत्री शिक्षण संस्थान स्कूल के निर्देशक जोराराम रेवाड़ ने बताया कि रक्तदान महादान है इससे बढ़कर कोई दान नहीं है। क्योंकि रक्तदान से हम किसी जरूरत मंद व्यक्ति को जीवन दान देते हैं। किसी घर के बुझते हुए चिराग को फिर से रोशन करने में सहयोग करते हैं। किसी सुहागन का सिंदूर मिटने से बचाते हैं।किसी मां-बाप के आंखों के तारे बुढ़ापे के सहारे को हम फिर से नया जीवन देकर उसे बचाते हैं। रक्त एक ऐसी चीज है जो किसी फैक्ट्री या कारखाने में नहीं बनता, इसका निर्माण सिर्फ और सिर्फ मनुष्य के शरीर में ही होता है। कैम्प में सभी को अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर अपने रक्त का दान करने, इस पुण्य व परोपकार के कार्य में भागीदारी निभानी चाहिए। हमारे शरीर से रक्तदान में रक्त निकलवाने पर शरीर पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है और जितना खून निकला है उतना रक्त अगले 48 घंटों में शरीर में पुनः बन जाता है। रक्तदान के अनेक वैज्ञानिक फायदे भी हैं। रक्तदान से हमारे शरीर में जमा कोलेस्ट्रोल स्तर कम होता है जिससे हार्ड अटैक धमनियां अमरुद पैरालाइसिस जैसी हजारों बीमारियों से बचाव होता है। अतः वैज्ञानिक तरीके से भी रक्तदान से मानव शरीर को नुकसान ना हो कर अपितु उसका बहुत ज्यादा फायदा मिलता है।

## 6 साल से फरार तीन महिला स्थाई वारंटी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के वार्ड 12 निवासी संगीता पत्नी मोहित जांगिड़, रंजू पत्नी केसरीचंद जांगिड़ और रेणु पत्नी अशोक जांगिड़ को स्थाई वारंटी के रूप में चूरू स्पेशल पुलिस के हेड कांस्टेबल संजय कुमार बसेरा टीम ने शुक्रवार को महिला कांस्टेबल ममता के सहयोग से वार्ड 12 से गिरफ्तार किया है। तीनों महिला मारपीट मामले में पिछले 6 साल से फरार चल रही थी। थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि अलग-अलग मामलों में फरार चल रहे आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए चूरू पुलिस अधीक्षक जय यादव की ओर से हेड कांस्टेबल संजय कुमार बसेरा के नेतृत्व में एक स्पेशल पुलिस टीम का गठन किया गया है। जो भी आरोपी पिछले लंबे समय से फरार चल रहे हैं उनकी गिरफ्तारी के लिए स्पेशल पुलिस टीम लगातार प्रयास कर रही है और इसी कड़ी में स्पेशल पुलिस टीम के इंचार्ज हेड कांस्टेबल संजय कुमार बसेरा के नेतृत्व में पुलिस ने अब तक करीब 200 फरार



चल रहे आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। हेड कांस्टेबल संजय कुमार बसेरा ने बताया कि हमारी टीम की ओर से जिले से बाहर पूरे राजस्थान सहित हरियाणा, पंजाब सहित अन्य राज्यों में छुपे लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों को गिरफ्तार किया जा रहा है। लंबे समय से फरार चल रहे अपराधी या तो न्यायालय में सरेंडर कर दे अन्यथा अब वह पुलिस की गिरफ्तारी से नहीं बच सकते। हमारी टीम लगातार आरोपियों को ट्रेस कर दिन रात दबिश देकर गिरफ्तार करने में जुटी हुई है।

## शिविर में 151 यूनिट रक्तदान



जयपुर टाइम्स

**दांतारामगढ़(निस)।** दांतारामगढ़ के निकटवर्ती मुण्डियावास ग्राम पंचायत के राड़ की ढ़ाणी में सुरेन्द्र रूलानियां की प्रथम पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रक्तवीरों ने 151 यूनिट रक्तदान किया। इस दौरान सभी रक्तवीरों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। आयोजको ने रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया।

## बारिश ने दी गर्मी से राहत

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** कस्बे सहित आसपास के क्षेत्र में शुक्रवार को दिन में दोपहर तक भयंकर उमस का माहौल रहा और तपती गर्मी के कारण लोग पसीने से तर बतर नजर आए। लेकिन दोपहर में उमड़-घुमड कर आए बादलों ने झमाझम बारिश की। करीब 15 मिनट तक बादल बरसे जिसके कारण लोगों को गर्मी से निजात मिली। बारिश से शहर के नीचले स्थानों पर अस्थायी तौर पर पानी भी जमा हो गया, जिसके चलते वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को दिक्कतें हुई।

## अजीतगढ़ अस्पताल परिसर होगा हरित, पौधरोपण अभियान शुरू

जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़(निस)।** कस्बे के बाबा नारायण दास राजकीय सामान्य चिकित्सालय को पूर्ण रूप से हरा भरा करने के लिए पौधरोपण अभियान शुरू किया गया है। यहां रोपित किए जाने वाले सभी पेड़ पौधों को पालने की जिम्मेदारी चिकित्सा कर्मियों को दी जाएगी। गुरुवार से इस अभियान की शुरुआत कर दी गई है अभियान के दौरान अस्पताल परिसर में सो पेड़ पौधे लगाकर पौधरोपण किया जाएगा। अस्पताल के पीएमओ डॉक्टर अशोक कुमावत ने बताया कि हरियालो राजस्थान व वंदे गंगाजल जन अभियान के तहत अजीतगढ़ के उप जिला अस्पताल को अस्पताल प्रशासन की ओर से पूर्ण रूप से हरा भरा करने का निश्चय किया गया है जिसका शुभारंभ गुरुवार से 11 पेड़ पौधे लगाकर किया गया है। कुमावत ने बताया कि इस अभियान के तहत इस अस्पताल परिसर में सबसे ज्यादा पेड़ पौधे लगाकर पौधरोपण किया जाएगा व प्रत्येक लगाए गए पेड़ पौधे पर ट्री गार्ड लगाया जाएगा। साथ ही लगाए गए पेड़ पौधों को पालने की जिम्मेदारी एक चिकित्सा कर्मी को दी जाएगी, उसको लगाए गए पेड़ पौधे को गोद दिया जाएगा। संबंधित कर्मचारी अपनी ओर से लगाए गए पेड़ पौधों का पालन पोषण करेगा व ट्री गार्ड पर पेड़ लगाए गए चिकित्सा कर्मी का नाम लिखा जाएगा। इस संबंध में सभी चिकित्सा कर्मियों को इस संबंध में पाबंद किया गया है। कुमावत ने बताया कि अजीतगढ़ अस्पताल परिसर काफी बड़ा है व अगर पेड़ पौधे लग जाते हैं तो हरियाली ही हरियाली हो जाएगी व अस्पताल में भर्ती मरीज व उपचार करने आने वाले मरीजों को बैठने की समस्या तो हल होगी, साथ ही उनकी आदि बीमारी हरियाली के कारण दूर हो जाएगी। इसलिए अस्पताल परिसर में गुरुवार को 11 पेड़ पौधे लगाकर पौधरोपण अभियान की शुरुआत कर दी है।

### कृषि गोष्ठी में किसानों ने लिया भाग

## प्राकृतिक खेती व जल संरक्षण पर दिया जोर

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के पंचायत समिति सभागार में आत्मा कैफेटेरिया बी-11 अन्तर्गत खरीफ सीजन पूर्व एक दिवसीय कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के 100 से अधिक किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। गोष्ठी में कृषि विज्ञान केन्द्र के विशेषज्ञ डॉ मुकेश शर्मा ने किसानों को प्राकृतिक खेती की महत्ता के बारे में बताया और रासायनिक खेती से होने वाले नुकसान के मुकाबले प्राकृतिक खेती के लाभ समझाए। उन्होंने किसानों से पर्यावरण हित में प्राकृतिक खेती को अपनाने की अपील की। कृषि विशेषज्ञ हरिश कुमार ने खरीफ फसलों की उन्नत व कम पानी वाली किस्मों के बारे में जानकारी दी और किसानों को जल संकट को ध्यान में रखते हुए स्मार्ट खेती के लिए प्रेरित किया। सहायक कृषि अधिकारी कृष्ण सहारण व राजेन्द्र प्रसाद खोथ ने बताया कि गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत किसान अपने खेतों में फार्म पॉन्ड (तालाब) बनाकर बारिश का पानी एकत्रित करें। इस पर सरकार की ओर से 1.20 लाख से



लेकर 1.35 लाख रुपये तक का अनुदान उपलब्ध है। इससे खरीफ मौसम में बारिश कम होने की स्थिति में फसल सिंचाई की सुविधा मिलेगी। वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक सांवरमल जाखड़ ने किसानों से मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार खाद व उर्वरकों का प्रयोग करने की सलाह दी। जिससे उत्पादन में वृद्धि के साथ मिट्टी की गुणवत्ता भी बनी रहे। इस अवसर पर कृषि बीमा कंपनी के प्रतिनिधि मोहनलाल सारण ने किसानों को खरीफ फसलों का बीमा करवाने के महत्व की जानकारी दी। गोष्ठी में किसान सीताराम, बजरंगलाल, महेन्द्र, गोपाल, रुपाराम और रामदेव सहित कई किसान लाभान्वित हुए और उन्होंने विभागीय योजनाओं की जानकारी लेकर आगामी खरीफ सीजन की बेहतर तैयारी का संकल्प लिया। इस दौरान बैठक में बड़ी संख्या में किसान व कृषि विभाग व कृषि विज्ञान केंद्र के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## *निःशुल्क नेत्र जांच व लैंस प्रत्यारोपण शिविर कल*

***सुजानगढ़(नि.सं.)।** द् यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ की ओर से रविवार को निःशुल्क नैत्र जांच व लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया जाएगा। क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने बताया कि रामअवतार सुशीला देवी क्याल की प्रेरणा से उनके पुत्रों पवन कुमार, सुरेश कुमार, राजकुमार क्याल के सौजन्य से आयोजित होने वाले शिविर में डॉ. मोहन जैन आई हॉस्पिटल सुजानगढ के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अपूर्व कोटिया की ओर से नेत्र रोगियों की निःशुल्क जांच कर उचित परामर्श दिया जाएगा। मोतियाबिंद के आपरेशन लायक रोगियों का चयन किया जाएगा। चयनित नेत्र रोगियों के निःशुल्क लैंस प्रत्यारोपण डॉ अपूर्व कोटिया की ओर से डॉ मोहन जैन आई हॉस्पिटल सुजानगढ में निशुल्क किये जाएंगे। द् यंग्स क्लब ट्रस्ट सभागार सुजानगढ में आयोजित होने वाले इस निःशुल्क नेत्र शिविर की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।*

### *योग दिवस पर विशेष... शिवभगवान भाकर जिन्हें योगा ने दिलाई गंभीर बीमारियों से मुक्ति*

# 80 वर्ष की आयु में भी युवाओं से तेज दौड़ते है शिव भगवान

जयपुर टाइम्स

सरदारशहर(निस)। योग भारत की प्राचीन परंपरा का एक अमूल्य उपहार है। यह दिमाग और शरीर की एकता का प्रतीक है। मनुष्य और प्रकृति के बीच सामंजस्य है। विचार, संयम और पूर्ति प्रदान करने वाला है। योग भारतीय संस्कृति का एक अटूट हिसा रहा हैं। योग भारतीयों की आत्मा है भारतीयों की विरासत है जो हमें हमारे पूर्वजों से मिली हैं। इस विरासत को आज भी कई ऐसे लोग हैं जो संभाले हुए है और आगे बढ़ा रहे है। आज हम आप को 80 साल के युवा से मिलाने जा रहे हैं। जिन्होंने योग के सहारे अपनी बड़ी बड़ी बीमारियों को दूर किया हैं। 80 वर्षीय यह युवा जब कबड्डी के मैदान में उतरता हैं तो अच्छों अच्छों को पटकनी दे देता हैं। जब दौड़ लगता है तो युवा भी शरमा जाते हैं। यह कहानी है राजस्थान के सरदारशहर तहसील के गांव पिचकराई ताल के रहने वाले शिव भगवान भाकर की। 80 साल की उम्र पार कर चुके शिव भगवान आज भी ऐसी दौड़ लगाते हैं कि नौजवान तक को शर्म आ जाएगी। वो योग की ऐसी कठिन से कठिन मुद्राएं करते हैं, जिसे देखकर आप भी



आश्चर्य में पड़ जाएंगे।

### आज भी युवाओं से तेज दौड़ते हैं

डॉ सत्यनारायण झाझडिया बताते हैं कि शिव भगवान आस-पास के गांव में होने वाली दौड़ प्रतियोगिता में भी हिस्सा लेते हैं। जिसमें जवान लड़कों को भी भाकर पछाड़ देते हैं। शिव भगवान इस उम्र में भी खेती बाड़ी का काम पूरे जोश और उत्साह के साथ करते हैं। इन्हें अपनी गायों से भी बहुत प्रेम है।

### युवाओं को योग करने के लिए करते हैं प्रेरित

आज के समय में बढ़ते मानसिक तनाव को दूर करने के लिए शिव भगवान लोगों को योग करने की सलाह देते हैं। शिव भगवान स्थानीय युवाओं को समझाते हैं कि योग करना क्यों आवश्यक है और कौन से योग हैं जो आपके मानसिक तनाव को दूर कर सकते हैं। गांव में अब तो युवा भी बड़े चाव से योग करते हैं। आसपास के कई क्षेत्रों में शिव कुमार योग सिखाने के लिए जाते हैं। 21 जून को योग दिवस पूरे विश्व में मनाया जाना है। ऐसे में शिव भगवान सभी से योग अपनाने की अपील कर रहे हैं। लोगों को योग सिखाने वाले शिव भगवान का मानना है कि अगर हर वर्ग के लोग रोजाना 1 घंटे योग करें तो कोई भी बीमारी उनको नहीं होगी। योग के दम पर आज भी शिव भगवान भाकर युवा बने हुए हैं जो 80 साल की उम्र में भी युवा जैसा जोश रखते हैं। हमने हमारे ऋषियों मुनियों को योग करते नहीं देखा लेकिन शिव भगवान भाकर को देखकर योग की शक्ति का अंदाजा लगा सकते हैं। भारतीय संस्कृति में योग का विशेष महत्व आदि अनादि काल से रहा है। ऐसे में शिव भगवान भाकर जैसे लोग इस परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं।

### योग से हुए निरोग

एक समय में कई प्रकार की बीमारियों का शिकार हो चुके शिव भगवान को योग का ऐसा सहारा मिला कि वह आज पूरी तरह स्वस्थ हैं और लोगों को भी योग करने की सलाह दे रहे हैं। शिव भगवान के योग शुरू करने के पीछे भी एक दिलचस्प किस्सा है। दरअसल 2001 में शिव भगवान भाकर को 2 बार हार्ट अटैक आया। जिसके बाद उनका जीवन दवाइयों पर ही निर्भर हो गया। साथ ही डॉक्टरों ने कई प्रकार की खाने-पीने की पाबंदी भी लगा दी थी। डॉक्टर ने यहां तक कह दिया कि अगर आपने कभी घी और 100 ग्राम से ज्यादा दूध का सेवन करना उनके लिए खतरनाक हो सकता है। उन्होंने हॉस्पिटल से छुट्टी के बाद 3 महीने तक दवाइयां ली। लेकिन कोई फायदा नहीं मिला और शरीर में जलन रहने लगी। परेशान शिव भगवान बीमारी से निजात पाने के लिए दूसरा रास्ता ढूढ़ने लगे। इसके बाद योग गुरु बाबा रामदेव से प्रेरणा लेकर उन्होंने धीरे-धीरे घर पर ही योग करना शुरू कर दिया।

### ऐसे बदल गई जिंदगी

बात 2007 की है, भाकर योग को अच्छी तरह से समझने और सीखने के लिए पतंजलि योग शिविर गए और वहां जाकर तो जैसे उनकी जिंदगी बदल ही गई। 2007 के बाद भाकर नियमित रूप से सुबह 4 बजे उठकर प्रतिदिन 3 किलोमीटर दौड़ते हैं। रोज 3 घंटे योगासन के साथ-साथ खूब उठक-बैठक लगाते हैं। शिव भगवान कहते हैं कि अब जब वह योग करते हैं तो उन्हें किसी भी चीज से परहेज करने की जरूरत नहीं पड़ती है। भाकर का कहना है कि वह हर दिन 2 से 3 किलो दूध पीते हैं और जमकर घी भी खाते हैं। योग ने अपना ऐसा चमत्कार दिखाया कि अब भाकर ने अपनी सभी बीमारियों से पीछा छुड़ा लिया है। अब शिव भगवान किसी प्रकार की कोई दवा नहीं लेते हैं। हार्ट की प्रॉब्लम तो बहुत दूर की बात है। अब उन्हें खांसी-जुकाम तक नहीं होता है। शिव भगवान बताते हैं कि उन्हें 38 साल की उम्र से ही तीन नंबर का चश्मा लगा हुआ था। जो अब हट चुका है। इतना ही नहीं उन्हें आंखों में जलन और पानी आने की समस्या थी। योग से वो भी अब दूर हो चुकी है। शिव भगवान अब योग के फायदे ग्रामीणों को भी बताते हैं और योग सिखाते भी हैं।

## एसडीएम बिजेन्द्र सिंह ने निर्वाचन कार्यों के बारे में दिया प्रशिक्षण



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** निर्वाचन विभाग, राजस्थान के निर्देशानुसार चूरू एसडीएम बिजेन्द्र सिंह ने शुक्रवार को उपखंड अधिकारी कार्यालय में चूरू विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के एईआरओ व मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया। एसडीएम बिजेन्द्र सिंह ने प्रशिक्षण में निर्वाचन प्रक्रिया, मतदाता पंजीकरण प्रक्रिया, बूथ लेवल अधिकारी के दायित्वों व कर्तव्यों की जानकारी, फार्म नंबर 6, 7, 8, 6 क में दावे एवं आपतियां प्राप्त करने की जानकारी, वोटर हेल्पलाइन एप्प, बीएलओ एप्प आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान तहसीलदार अशोक गोरा, नायब तहसीलदार महेन्द्र कुमार, भानू प्रकाश शर्मा, विजयकुमार धुंधवाल, तेजपाल कुम्हार, नायब तहसीलदार चुन्नी लाल, अशोक कुमार, अध्यापक, आसीफ, जयकरण सैनी, महेन्द्र सिंह व पूनम नाई आदि उपस्थित रहे।

## रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन, भाया इलेवन विजेता



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** रेलवे क्लब मैदान पर परवेज आलम व इरशाद चौहान की स्मृति में चल रही रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन गुरुवार रात को हुआ। भाया इलेवन व खान इलेवन की टीमों के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भाया इलेवन की टीम ने निर्धारित आठ ओवर में 95 रन बनाए। जबाब में खान इलेवन की टीम मात्र 70 रन ही बना पाई। भाया इलेवन ने 25 रनों से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। मैन ऑफ दी मैच का खिताब 49 रन बनाने व दो विकेट लेने पर सद्दाम को दिया गया। आयोजन समिति के रजनीश शेखावत ने बताया कि प्रतियोगिता चार जून से शुरू हुई थी, जिसमें 38 टीमों ने भाग लिया था। इन टीमों के बीच कुल 37 मुकाबले खेले गए। विजेता टीम को आयोजन समिति की ओर से ट्रॉफी व 21 हजार रुपए की नकद और उपविजेता टीम को ट्रॉफी व 11 हजार रुपए की राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक कमेंट करना पड़ा भारी, आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** सोशल मीडिया पर आप कमेंट कर रहे हैं तो जरा सोच समझकर करें, गलत कमेंट करना महंगा पड़ सकता है। राजलदेसर पुलिस ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक कमेंट करने वाले एक ऐसे ही आरोपी को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। परिवादी अयुब बगड पुत्र इब्राहीम बगड निवासी वार्ड नम्बर 28 राजलदेसर ने एक परिवाद आरोपी गोपालसिंह भाटी के विरूद्ध दिया जिसमें लिखा है कि उसने सोशल मीडिया फेसबुक पर आपत्तिजनक कमेंट किया है। जिससे समाज व शहर के लोगो में काफी रोष है, आदि की जांच की गई। जांच में आरोपी गोपालसिंह भाटी को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया है जिसको न्यायालय में पेश किया जाएगा। उन्होंने आमजन से अपील की है कि सोशल मीडिया पर अनावश्यक व आपत्तिजनक कमेंट नहीं करें। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक जय यादव आईपीएस, के निर्देशानुसार दिनेश कुमार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सेक्टर सुजानगढ व अनिल कुमार, आरपीएस, वृताधिकारी रतनगढ के निकट सुपरविजन में कमलेश कुमार उनि थानाधिकारी पुलिस थाना राजलदेसर के निर्देशन में आईजीपी रेंज बीकानेर की ओर से चलाए जा रहे एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत, हार्डकोर अपराधियों, संगठित अपराधियों, मादक पदार्थ, अवैध हथियार, अवैध शराब तस्करों व उनके सहयोगियों, टॉप-10 सक्रिय वांछित अपराधी, ईनामी अपराधियों, सम्पति संबंधी अपराध करने वाले आदतन अपराधियों साधारण / गंभीर अपराधों में वांछित अपराधियों, साईबर फ्रॉड व सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक कमेंट करने वालों को टारगेट करते हुए राजलदेसर थाना स्तर पर विभिन्न टीमो का गठन कर वांछित अपराधियों के ठिकानो पर दबिश दी गई।



## न्यू राजस्थान स्कूल बिसाऊ में विद्यार्थियों का किया स्वागत

**बिसाऊ(निस)।** न्यू राजस्थान पब्लिक स्कूल बिसाऊ में में लम्बे अवकाश के बाद पुनः कक्षाओं की शुरुआत हुई। विद्यालय परिसर एक बार फिर विद्यार्थियों की चहल-पहल से गुलजार हो उठा। संस्था निदेशक डॉ प्रताप सिंह सिहाग ने विद्यार्थियों, अभिभावकों व स्टाफ का गर्मजोशी से स्वागत किया। संस्था निदेशक डॉ प्रताप सिंह सिहाग ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि विद्यालय केवल पढ़ाई का स्थान नहीं, बल्कि एक ऐसा मंच है जहाँ बच्चे जीवन के हर पहलू को समझते हैं, विकसित होते हैं और भविष्य के लिए तैयार होते हैं। हम सभी विद्यार्थियों का पुनः स्वागत करते हैं और आशा करते हैं कि यह नया सत्र उनके लिए ज्ञान, रचनात्मकता और सफलता से भरपूर होगा। विद्यालय प्रबंधन की ओर से पहले दिन विद्यार्थियों के लिए विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें प्रेरणादायक भाषण, सांस्कृतिक कार्यक्रम व कक्षा-शुभारंभ गतिविधियाँ शामिल रही।

# तकनीकी का हो बेहतरीन उपयोग, स्टार्टअप्स के रूप में आएं आउटपुट : अभिषेक सुराणा

## जिला कलक्टर ने कोड- चूरू में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को किया सम्मानित

आई स्टार्ट नेस्ट के स्टार्ट अप 'फिक्स ईट गो' एप्प की लॉन्चिंग की

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित राजकीय लोहिया महाविद्यालय में संचालित आई स्टार्ट नेस्ट इन्क्यूबेशन सेंटर में 'कोड चूरू' कार्यक्रम अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया और आई स्टार्ट नेस्ट की ओर से तैयार 'फिक्स ईट गो' एप्प की लॉन्चिंग की। इस मौके पर जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि तकनीकी का बेहतरीन उपयोग था तथा हमारा सीखा हुआ स्टार्ट अप के साथ सकरात्मक आउटपुट के रूप में हमारे सामने आए। जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग का प्रयास है कि कोड चूरू के माध्यम से विद्यार्थियों को भविष्य के लिए तैयार किया जाए। आज के तकनीकी युग में कोडिंग आदि को सरकारी विद्यालयों में पढ़ाए जाने के लिए कोड चूरू कार्यक्रम शुरू किया गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को सक्षम बनाना है। इस अवसर का लाभ लें तथा तकनीकी क्षेत्र में संभावनाओं पर काम करें। ओपन टू आईडिया व ओपन टू इनोवेशन की स्पिरिट अलाइव रहे। उन्होंने कहा कि सीखना महत्वपूर्ण है। हम प्रयास करें कि हमारे परिवेश की समस्याओं का तकनीकी के माध्यम से क्या निस्तारण हो सकता है और 'नया कैसे करें' के लिए विचार करें। नए युग के लिए पीढ़ी को तैयार करें। उपस्थित विद्यार्थियों ने फिजीकल सेंटर के माध्यम से प्रशिक्षण की आवश्यकता जाहिर की, जिस पर जिला कलक्टर ने कहा कि चूरू में कोड चूरू के फिजीकल सेंटर स्थापित किए जाने के प्रयास किए जाएंगे जहां विद्यार्थियों के लिए प्रशिक्षण दिया जा सके। बच्चों को नियमित 2–3 घंटे तकनीकी पर काम करने को मिलें। उन्होंने कहा कि बच्चे इन्क्यूबेशन सेंटर का उपयोग करें। सेंटर में बेहतरीन संसाधन व मेंटर भी उपलब्ध हैं। बच्चे तकनीकी का उपयोग करें तथा स्टार्ट अप आदि करें व इंटरप्रेन्योर बनें। उन्होंने स्वयं के अनुभव साझा करते हुए शैक्षणिक गतिविधियों व करियर की संभावनाओं के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक किया। सीडीईओ गोविंद सिंह राठौड़ ने कोड चूरू कार्यक्रम में जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग की गतिविधियों व रूपरेखा की जानकारी दी। एसीपी नरेश टुहानिया ने इन्क्यूबेशन सेंटर में उपलब्ध करवाई जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। कोड चूरू कार्यक्रम की कार्यकारी एजेंसी कोडयोगी के फाउंडर राकेश कुमार ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए करियर में भविष्य की संभावनाओं और विभिन्न कोर्सेज के बारे में जानकारी दी। विद्यार्थियों ने कोडिंग व करियर में संभावनाओं से जुड़े प्रश्न पूछे, जिस पर जिला कलक्टर व राकेश कुमार ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं को शांत किया। अतिथियों ने मधुसूदन पांडिया, जाहिद मोहम्मद, लक्ष्मी जांगिड़, मोहित दर्जी, नरपत, हिमेश सिंह, धनराज सुथार, रोहिताश कस्वां, विकास बेनीवाल, मदन शर्मा, शिवा कुमार, नेहा गोयल, तनसुख, आशीष पारीक, छगनलाल मेघवाल, महिमा जांगिड़, ईश्वर सुथार, राहुल सैनी, आरती, नेहा शर्मा, दीपक गौरा सहित विद्यार्थियों और राउमावि राजगढ़, भालेरी, राउमावि ताल मैदान सरदारशहर, राउमावि पूलासर व राजकीय बागला उमावि चूरू को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान लोहिया कॉलेज प्राचार्य डॉ मंजू शर्मा, मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ एमएम पुकार, प्रोग्रामर राजेन्द्र प्रजापत, गुरप्रीत लबाना, मनु विजय, सभी ब्लॉकों से सीबीईओ व शिक्षा अधिकारी तथा विद्यार्थियों के अभिभावक सहित विद्यार्थी मौजूद रहे। संचालन राउमावि पूलासर प्रधानाचार्य मुकुल भाटी ने किया।

### *आई स्टार्ट इन्क्यूबेशन सेंटर में चूरू के स्टार्टअप 'फिक्स ईट गो' एप्प की लॉन्चिंग*

*इस अवसर पर अतिथियों ने आई स्टार्ट इन्क्यूबेशन सेंटर में चूरू के स्टार्टअप 'फिक्स ईट गो' एप्प की लॉन्चिंग की। जिला कलक्टर सुराणा ने स्टार्टअप की सराहना करते हुए कहा कि स्थानीय युवाओं द्वारा ऐसे प्रयास सराहनीय हैं, जो न केवल टेक्नोलॉजी का उपयोग कर रहे हैं बल्कि स्थानीय रोजगार को भी बढ़ावा दे रहे हैं। आई स्टार्ट जैसे प्लेटफॉर्म्स का यही उद्देश्य है कि स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिले। एप्प के फाउंडर बाबूलाल प्रजापत ने बताया कि एप्प पर चूरू के स्थानीय निवासियों को प्लंबर, इलेक्ट्रीशियन या एसी मैकेनिक जैसी घरेलू सेवाओं के साथ-साथ महिलाओं के लिए विशेष ब्यूटी और स्पा सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। यह एप्प शहर के कुशल कारीगरों और ब्यूटी प्रोफेशनल्स को सीधे ग्राहकों से जोड़कर विश्वसनीय और समय पर सेवाएं सुनिश्चित करेगा। यह गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है और इसका मुख्य उद्देश्य घरेलू सेवाओं के असंगठित बाजार में पारदर्शिता और भरोसा लाना है। उन्होंने बताया कि एप्प पर प्लंबर, इलेक्ट्रीशियन, कारपेंटर व एसी रिपेयर, केवल महिलाओं के लिए प्रशिक्षित महिला प्रोफेशनल्स द्वारा घर पर सुरक्षित ब्यूटी और स्पा सेवाएं आदि उपलब्ध हो सकेंगी। इस दौरान आंचल झाकोडिया, रमजान खान, सलोनी झाकोडिया, जितेन्द्र चैहान आदि मौजूद रहे।*

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्तरीय समारोह आज

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह आज हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला प्रशासन व आयुर्वेद विभाग की ओर से होने वाला जिला स्तरीय समारोह इस बार जिले में तीन स्थानों पर आयोजित होगा। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने बताया कि इस बार जिला मुख्यालय पर सरदारशहर रोड़ स्थित सेठानी जोहड़, धार्मिक स्थल सालासर बालाजी गौशाला मैदान और पर्यटन स्थल ताल छापर वन विभाग गेस्ट हाउस में होगा। एडीएम अर्पिता सोनी ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी अधिकारियों -कर्मचारियों को समुचित निर्देश दिए गए हैं। आयुर्वेद उपनिदेशक सत्यवीर सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारम्भ शनिवार प्रातः 6 बजे होगा। 6:15 अतिथियों का आगमन होगा। 6:20 बजे अतिथियों की ओर से दीप प्रज्वलन किया जाएगा, 6:30 बजे प्रधानमंत्री के लाइव संदेश का प्रसारण होगा, 7 बजे सामूहिक योगाभ्यास होगा, 7:45 मुख्य अतिथि की ओर से योग का संकल्प दिलाया जाएगा और 7:50 बजे कार्यक्रम का समापन होगा। सत्यवीर सिंह ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस दौरान जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने एक आदेश जारी कर आमजन को अधिकाधिक संख्या में इस कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि योग को अपनी दिनचर्या में शामिल कर अपने स्वास्थ्य को स्वस्थ और सही रखें। इस दौरान स्काउट गाइड, एनसीसी, स्कूल-कॉलेज विद्यार्थी, विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी व जनप्रतिनिधि भाग लेंगे। कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार को योग प्रशिक्षकों ने योग का पूर्वभ्यास भी किया।

## एसडीएम ने ली मास्टर ट्रेनर्स की बैठक

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** मास्टर ट्रेनर्स की बैठक उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा ने ली है। उपखंड कार्यालय में आयोजित बैठक में एसडीएम वर्मा ने कहा कि आगामी 7, 9 व 10 जुलाई को यह प्रशिक्षण आयोजित होगा, जिसमें मास्टर ट्रेनर्स पूरे मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त करें, ताकि बीएलओ को किसी प्रकार की शंका नहीं रहे। उपखंड अधिकारी ने बताया कि ट्रेनिंग के बाद पेपर भी होगा, ताकि ट्रेनिंग की गुणवता जांची जा सके। इस दौरान बीदासर उपखंड अधिकारी अमीलाल यादव, तहसीलदार राजू देवी बुनकर, अमरसिंह, सुरेंद्र कुमार मीणा, मनोहर सिंह शेखावत, वेद प्रकाश भामू, अमित कुमार दर्जी, सुरेश रतावा, महेंद्र बेरवाल, हेमाराम मेघवाल, प्रकाश दर्जी आदि लोग, पुरूषोतम चौहान मौजूद रहे।

## वीमेन इंटर्नशिप है महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना ने अपने प्रमुख "वीमेन इंटर्नशिप प्रोग्राम" के लिए एक ऑनलाइन इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें जयपुर सहित 15 से अधिक परियोजना शहरों से 200 से अधिक इंजीनियरिंग छात्राओं ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया। परियोजना निदेशक, पीयूष सामरिया की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में इंटर्नशिप कर रही छात्राओं को संबोधित किया गया। सामरिया ने इस पहल को RUJIDP की एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया, जिसे एशियाई विकास बैंक की ओर से वित्त पोषित परियोजनाओं में एक विशिष्ट दर्जा प्राप्त है। उन्होंने जोर दिया कि यह इंटर्नशिप छात्राओं को RUJIDP जैसी उच्च तकनीकी मानकों और गुणवत्ता वाली शहरी परियोजना में काम करने और उसे समझने का अनूठा अवसर प्रदान करेगी। उन्होंने इंटर्न से आग्रह किया कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं, जिज्ञासा और सवाल पूछें, और अधिक से अधिक सीखें। अतिरिक्त परियोजना निदेशक-द्वितीय, डॉ. हेमंत कुमार शर्मा ने वीमेन इंटर्नशिप प्रोग्राम को परियोजना का फ्लैगशिप कार्यक्रम बताया, जिसकी ADB ने भी सराहना की है। इसका मुख्य उद्देश्य शहरी क्षेत्र में महिला इंजीनियरों की भागीदारी को बढ़ाना है।वित्तीय सलाहकार, जिज्ञासा गौड़ ने वीमेन इंटर्नशिप को महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया और कैप टीम की ओर से इसे सफल बनाने के लिए किए गए सराहनीय कार्यों की प्रशंसा की। प्रोजेक्ट ऑफिसर, शिव रतन पारीक ने कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद किया और इंटर्न से पूरी लगन और मेहनत से अपनी इंटर्नशिप पूरी करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में पूर्व इंटर्न ने भी परियोजना में अपने इंटर्नशिप अनुभवों को साझा किया, जिससे नई इंटर्न्स को प्रेरणा मिली। कैप टीम लीडर, बाबूलाल शर्मा ने कार्यक्रम में वीमेन इंटर्नशिप प्रोग्राम की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की, जबकि ट्रेनिंग एक्सपर्ट, राकेश नाथ तिवारी ने 6 सप्ताह की इंटर्नशिप की रूपरेखा की विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम में अतिरिक्त परियोजना निदेशक-प्रथम, डी.के. मीना; अतिरिक्त मुख्य अभियंता, के.के. नटाणी; उप परियोजना निदेशक (प्रशासन व तकनीकी), कपिल गुप्ता; परियोजना क्रियान्वयन इकाई (पीआईयू) से अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता; और सलाहकारी फर्मों के अधिकारियों ने भी सहभागिता निभाई। गौरतलब है कि RUJIDP के चतुर्थ चरण में जेंडर एक्शन प्लान के अंतर्गत वीमेन इंटर्नशिप प्रोग्राम का संचालन किया जा रहा है। इसके तहत, एक हजार इंजीनियरिंग और परियोजना संबंधी विषयों में अध्ययनरत छात्राओं को इंटर्नशिप प्रदान की जाएगी।

# पूर्व राज्यमंत्री मुकेश वर्मा के जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं ने दिया गौ सेवा व पर्यावरण संरक्षण का सन्देश

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूर्व अध्यक्ष व राजस्थान राज्य स्थापत्य कला बोर्ड एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव मुकेश वर्मा के जन्मदिन पर उनके समर्थकों ने बहुत ही सादगीपूर्ण तरीके से मनाया। इस दिन मुकेश वर्मा के समर्थकों ने गौ सेवा व पर्यावरण संरक्षण का सन्देश दिया। मुकेश वर्मा के शुभचिंतकों ने जगह-जगह गौशालाओं में हरा चारा खिलाकर गौसेवा व पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान सुरेश कुमावत ने झोटवाड़ा के कंवर का बास स्थित श्री बालाजी गौ सेवा संस्था में एक ट्रॉली हरे चारे की गायों के लिए डलवायी। इसी तरह रोशन कुमार चेजारा व प्रवीण कुमावत ने गोविंदगढ़ स्थित गोलीला गौशाला में एक पिकअप गायों के लिए चारे की व्यवस्था की। कुमावत छात्रावास, गोविंदपुरा में शाम को मुकेश वर्मा का जन्मदिन सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने मनाया। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए वर्मा ने कहा कि "हर वर्ष उनके समर्थक जन्मदिन पर पर्यावरण संरक्षण, पौधरोपण, गौ सेवा, तम्बाकू निषेध के प्रति आमजन को जागरूक करने का काम करते हैं। वर्मा ने कहा कि सभी को अपने जन्मदिन पर इसी तरह का संदेश आमजन को देना चाहिए जिससे समाज को एक स्वच्छ व स्वस्थ वातावरण युवाओं की ओर से दिया जा सकें। इस दौरान श्री ब्रह्म विद्या सत्संग सेवा समिति व गोविंदपुरा, हाथोज व माचवा विकास समिति के पदाधिकारियों ने मुकेश वर्मा का माला व राजस्थानी संस्कृति का प्रतीक साफा पहनाकर सम्मान किया। पुरण मल छापोला ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि मुकेश वर्मा का व्यक्तित्व ऐसा है कि वो किसी के साथ अन्याय होते नहीं देख सकते और जहां भी पीड़ित परिवार दिखेगा वहां हमेशा खड़े मिलते हैं। प्रसिद्ध कवि प्रह्लाद कुमावत "चंचल" ने साथी सेवा संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष मुकेश वर्मा को बधाई देते हुए कहा कि पौधरोपण का महाभियान, तम्बाकू निषेध जागरूकता कार्यक्रम व पक्षियों के लिए परिण्डा अभियान जैसे जनहितैषी कार्य मुकेश वर्मा के व्यक्तित्व में समाहित परमार्थ तत्व का प्रत्यक्ष प्रमाण होने के साथ- साथ युवाओं के लिए प्रेरणादायक भी है। घोर स्वार्थपरक व अवसरवादिता के वर्तमान दौर में मूल्यों से परिपोषित उनकी राजनैतिक सोच, संवेदनशीलता व दूरदर्शिता प्रणम्य है। वर्तमान दौर में समाज को मुकेश वर्मा जैसे ही सौम्य, शालीन व दूरदर्शी नेतृत्व की आवश्यकता है। इस दौरान कुमावत महासभा के उत्तरी पूर्वी जॉन के अध्यक्ष गौरीशंकर मारवाल, रामेश्वर बेड़वाल, गंगाराम छापोला, मोतीराम जलिन्द्रा, रामधन चौधरी, डॉ. किशन भरोदिया, श्रवण दम्बीवाल, हनुमान वर्मा, वीरेंद्र सिंघाटिया, छोटूराम मारवाल, गंगाराम यादव, मनदीप, सुनीता कुमावत, भंवर सिंह राठौर, सावित्री, सीता, संतोष, सीताराम खाटूवाल, जगदीश आलोरिया, सागर नेमीवाल, मोहन मामोडिया, सुरज्ञान चौधरी, मोहन धुंधारिया, धर्मेंद्र कुमावत, बनवारी लाल, रमेश चंद, शंकर लाल चौधरी, सुरेश कुमार, लक्ष्मीनारायण, रामदयाल, रूपनारायण, एस पी वैष्णव, विजय छापोला, प्रशांत बालोदिया, कन्हैया लाल सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।

सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।